राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ दक्षिण भारतीय फिल्म में डेब्यू ...



दिल्ली में आहार मेले का चिराग पासवान... ◀ 12

गाजियाबाद, गुरुवार 06 मार्च 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 364, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### असम समेत पूर्वोत्तर राज्य के कई हिस्सों में भूकंप के तेज झटके, 5.6 रही तीव्रता

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** एक बार फिर बुधवार को असम समेत पूर्वोत्तर राज्य के कई हिस्सों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर पैमाने पर इनकी तीव्रता 5.6 मापी गई है। भूकंप को




लेकर अभी किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं आई है। भूकंप के झटके लगते ही लोग अपने-अपने घरों से बाहर आ गए। बता दें कि पिछले 2 हफ्ते में भारत के कई हिस्सों में भूकंप के तगड़े झटके लग चुके हैं।

### मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने अपने इलाके में कई विकास कार्यों का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा विकास कार्यों के लिए जब राजौरी गार्डन पहुंचे तो उन्होंने पुरानी सरकार पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि पुरानी सरकार जो आपदा थी उसकी वजह से साल भर चुनौतियां रहेंगीं, लेकिन जल्द ही दिल्ली बदली-बदली नजर आएगी। दिल्ली सरकार के पर्यावरण और खाद्य आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा अपने विधानसभा इलाके में कई विकास कार्यों के उद्घाटन के लिए पहुंचे. इस मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई. इस बीच में मनजिंदर सिंह सिरसा ने पार्कों के सौंदर्य करण के उद्घाटन के



साथ-साथ सड़क को बेहतर बनाने के काम का भी उद्घाटन किया। मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि आपदा की सरकार ने दिल्ली को बीमार करके हमारी सरकार को दिया है. इसलिए पहले साल चुनौतियां ही चुनौतियां रहेगी. खासतौर पर गर्मी और बरसात के मौसम को लेकर इस बीमारू सिस्टम को ठीक करना है, लेकिन थोड़ा वक्त लग सकता है. इसके बाद आपदा की बीमारी को ठीक करना है. उन्होंने कहा कि सड़कों का काम भी शुरू कर दिया गया है. साथ ही पानी के ऊपर भी काम शुरू हो गया है. इस बारे में कई बैठकें हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि न सिर्फ अपनी विधानसभा बल्कि पूरी दिल्ली को बेहतर बनाने का जो मोदी का संकल्प है उसे पूरा करेंगे. पानी की बेहतर व्यवस्था, सीवर की नई लाइन, नई सड़क, कूड़े के पहाड़ को हटाया जाएगा और लोगों को एक बेहतर दिल्ली जल्द ही देखने को मिलेगी. उन्होंने कहा कि काम होता हुआ दिल्ली वालों को महसूस होगा। उन्होंने कहा कि हम अपनी विधानसभा के साथ-साथ पूरी दिल्ली में बेहतर पार्क, बेहतर सड़क, बेहतर सीवर सिस्टम और बेहतर पानी की व्यवस्था करने में जुटे हुए हैं. उन्होंने कहा कि अभी नई सड़क नई सीवर लाइन के काम का उद्घाटन कर रहे हैं. क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत विजन है, इस लिए सारे काम तेजी से हो रहे हैं. इस दौरान उन्होंने दिल्ली की कानून व्यवस्था पर पूछे गए सवाल पर कहा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था की कोई दिक्कत नहीं है, क्योंकि गृह मंत्री लगातार इस पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि सिर्फ आपदा की सरकार ने इस मामले को बढ़ा चढ़ा कर पेश किया था. उनके साथ पंजाब के सुरक्षा दस्ते का पूरा कुनबा चल रहा था. उन्होंने सिर्फ ड्रामा और फ्रॉड किया. उन्होंने दिल्ली सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं पर भी जमकर हमला बोला. साथ ही उन्होंने कहा जल्द ही महिलाओं को 2500 रुपए देने की योजना पर भी काम होगा।

# अबू आजमी को यूपी भेज दो, इलाज हम कर देंगे, औरंगजेब के बयान पर सपा पर बरसे सीएम योगी

**लखनऊ ।** मुगल शासक औरंगजेब की प्रशंसा करने वाले समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अबू आजमी पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जमकर आक्रोश निकाला। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अबू आजमी को पार्टी से बाहर निकालो और नहीं तो यूपी भेज दो, बाकी ऐसे लोगों का उपचार हम अपने आप करवा देंगे।

यूपी विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, उस व्यक्ति को (समाजवादी) पार्टी से निकालो और यूपी भेज दीजिए, बाकी इलाज हम अपने आप करवा देंगे। जो व्यक्ति छत्रपति शिवाजी महाराज की परंपरा पर गर्व करने के बजाय लज्जा महसूस कर रहा हो और औरंगजेब को अपना नायक मान रहा हो, क्या उसे भारत के अंदर रहने का अधिकार होना चाहिए? समाजवादी पार्टी को इसका जवाब देना चाहिए।



उन्होंने आगे कहा, एक तरफ आप महाकुंभ को दोष देते रहते हैं, दूसरी तरफ आप औरंगजेब जैसे क्रूर व्यक्ति की प्रशंसा करते हैं, जिसने देश के मंदिरों को नष्ट किया हो। आप अपने उस विधायक को नियंत्रित क्यों नहीं कर सकते? आपने उसके बयान की निंदा क्यों नहीं की?

उन्होंने यह भी कहा कि शाहजहां ने अपनी जीवनी में लिखा है कि तुमसे (औरंगजेब) अच्छे तो हिन्दू हैं, जो माता-पिता की जीवित रहते तो सेवा करते ही हैं। उनकी मृत्यु के पश्चात उन्हें तर्पण के माध्यम से जल तो देते हैं।

महाकुंभ का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि जिसकी जैसी दृष्टि थी, उसको वैसी ही सृष्टि प्रयागराज में देखने को मिली। उधर, औरंगजेब की तारीफ करने पर सपा नेता अबू आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित कर दिया गया है। महाराष्ट्र के संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने सदन के पटल पर अबू आजमी के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया, जिसे सदन ने पारित कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, इस सत्र के दौरान अबू आसिम आजमी के विधानसभा परिसर में घुसने पर भी पाबंदी रहेगी।

## रहमान खेड़ा क्षेत्र में बाघ की दहशत खत्म, वन विभाग के पिंजरे में कैद हुआ बाघ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** बीते 3 महीने से अधिक दिनों से दहशत का पर्याय बने बाघ को पकड़ने में वन विभाग को आज सफलता मिल सकी। वन विभाग के अधिकारी 3 महीने से तरह-तरह के आरोप प्रत्यारोप सुनते और हर नई तकनीक का इस्तेमाल करोड रुपए खर्च हो चुका होगा ऐसा लोगों का अनुमान है क्योंकि जिस तरह से खानपान रहन-सहन और सामग्री खरीदी जा रही थी उससे यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि सभी खर्चों को जोड़ लिया जाए तो इससे कम खर्च नहीं हुआ होगा। 12 साल पहले रहमान खेड़ा के जंगलों में आने वाले बाघ की तुलना में इस बार



करके बाघ पकड़ने का प्रयास कर रहे थे परंतु सफलता हाथ नहीं लग रही थी जिससे क्षेत्र की जनता वन विभाग की आलोचना कर रही थी। जहां एक और डर के मारे लोगों का खेती-बाड़ी फल फूल सब्जी का व्यवसाय प्रभावित हो रहा था वहीं दूसरी ओर आसपास के गांव के प्राथमिक विद्यालय भी बंद कर दिए गए थे जिससे बच्चों के भविष्य पर भी प्रभाव पड़ रहा था। वन विभाग लगातार गांव में जागरूकता फैलाने का काम करने के साथ ही बाघ को पकड़ने के लिए हर उपाय कर रहा था लेकिन अनेकों बार बाघ आम जनता के सामने से ही जंगल में भ्रमण कर रहा था परंतु आज तक उसने किसी भी मानव अथवा पालतू पशुओं को नुकसान नहीं पहुंचाया जिससे आसपास के गांव के रहने वाले ग्रामीणों में बाघ के प्रति उतना आक्रोश नहीं था जितना होना चाहिए था।बाघ पकड़ने में अब तक लगभग एक

**95 दिन में बाघ पकड़ने में वन विभाग को मिली सफलता**

के बाघ ने पालतू पशुओं को भी किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचा जबकि पिछली बार उसने कई गांव में दहशत मचा रखी थी और दर्जनों जानवर मर चुका था परंतु इस बार वह शांत प्रिया तरीके से आवारा और जंगली पशुओं का ही शिकार कर रहा था। फल पट्टी क्षेत्र होने के कारण यहां अगर बाघ कुछ दिन और रह जाता तो बागवानों के लिए खतरा अवश्य बन सकता था इसलिए शासन और प्रशासन से लेकर आम जनता का वन विभाग पर इतना दबाव पड़ रहा था कि उसे जल्द से जल्द किसी भी दशा में पकड़ा जाना चाहिए जिसका नतीजा है कि प्रदेश के कई जिलों के एक्सपर्ट और प्रदेश स्तर के एक्सपर्ट अधिकारी भी मौके पर आ चुके थे बावजूद इसके काफी लंबा समय उसे पकड़ने में लग गया। आज शाम को वन विभाग ने उस समय राहत की सांस ली जब बाघ उनकी पकड़ में आ गया।

## उप मुख्यमंत्री ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 को बताया देश की सर्वश्रेष्ठ नीति

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश की खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 देश की सर्वश्रेष्ठ नीतियों में से एक है, जिसके माध्यम से प्रत्येक क्षेत्र को आच्छादित करने की योजना बनाई गई है। उन्होंने उद्यमियों से इस नीति का अधिकतम लाभ उठाने

**● उप मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं जागरूक नागरिकों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र में इच्छुक उद्यमियों, महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों और एफपीओ को इस योजना का लाभ दिलाने में सहयोग करें**

का आह्वान किया और इसे महिला सशक्तीकरण एवं स्वावलंबन के लिए वरदान करार दिया।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इच्छुक उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों और कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को इस नीति के लाभों से जागरूक और प्रेरित किया जाए। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति, उद्यम स्थापना हेतु अनुदान एवं अन्य प्रावधानित सुविधाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का भी आदेश दिया।उप मुख्यमंत्री ने बताया कि इस नीति के तहत परियोजना लागत का 35



प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक (अधिकतम ?10 करोड़) का अनुदान अनुमन्य है। महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना में 75 केवीए तक लागत का 90 प्रतिशत अनुदान सौर ऊर्जा परियोजनाओं पर दिया जाता है, जबकि अन्य उद्यमियों के लिए यह 50 प्रतिशत तक उपलब्ध है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन (पीएम एफएमई) योजना के तहत परियोजना लागत का 35 प्रतिशत (अधिकतम 10 लाख) तक का अनुदान भी प्रदान किया जाता है। उप मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं जागरूक नागरिकों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र में इच्छुक उद्यमियों, महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों और एफपीओ को इस योजना का लाभ दिलाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सरकार इस योजना को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का संकल्प लिया गया है।उन्होंने कहा कि इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश में किसानों के उत्पादों का अधिक से अधिक प्रसंस्करण किया जा सकेगा, जिससे उनकी उपज का कोई भी हिस्सा खराब नहीं होगा। इससे किसानों को उनकी फसल का अधिक मूल्य मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।उन्होंने उद्यमियों से निवेश मित्र वेब-पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर इस योजना का लाभ उठाने की अपील की।

## जम्मू-कश्मीर के बारामूला में पुलिस चौकी के पास ग्रेनेड हमला, सुरक्षा बलों ने चलाया सर्च ऑपरेशन

**बारामूला (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बीती रात एक पुलिस चौकी के पास हमले की खबर है. हालांकि, इसमें किसी जानमाल को नुकसान नहीं पहुंचा. घटना के बाद पुलिस और सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाया। जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक बयान के अनुसार बारामूला में एक संदिग्ध ग्रेनेड हमले की सूचना मिली. यह घटना मंगलवार रात लगभग सवा 9 बजे के करीब हुई. पुलिस के अनुसार बारामूला के ओल्ड टाउन पुलिस पोस्ट के पीछे से धमाके जैसी आवाज सुनाई दी. इससे लोगों में दहशत फैल गई. इसकी सूचना वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। आनन-फानन में पुलिस दलों ने तुरंत अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर इलाके की घेराबंदी कर दी और तलाशी अभियान चलाया. इस दौरान देर रात पुलिस चौकी के पीछे चारदीवारी के बाहर एक ग्रेनेड पिन जैसी वस्तु बरामद की गई. पुलिस को संदेह है कि यह ग्रेनेड हमले का प्रयास था. इस विस्फोट में कोई नुकसान या हताहत नहीं हुआ. विस्फोट के कोई निशान नहीं पाए गए.



जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है. इलाके में अभियान जारी है. जारी बयान में कहा गया है कि बारामूला पुलिस सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है. नागरिकों से सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना निकटतम पुलिस को देने का आग्रह करती है।

## चमोली गोविंदघाट में दरकी पहाड़ी, भूस्खलन से हेमकुंड साहिब को जोड़ने वाला पुल ध्वस्त

**चमोली (उत्तराखंड) (आरएनएस)।** सीमांत जिला मुख्यालय चमोली के चाइना बॉर्डर पर गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब जाने वाला पुल भूस्खलन से ध्वस्त हो गया है. बुधवार सुबह गोविंदघाट में हेमकुंड साहिब व फूलों की घाटी जाने वाला मुख्य पुल चट्टान का बड़ा हिस्सा टूटकर गिरने से ध्वस्त हो गया है. पुल ध्वस्त होने से पुलना, घांघरिया, भ्यूंडार, हेमकुंड साहिब और फूलों की घाटी की आवाजाही पूर्ण रूप से बंद हो गई है. वहीं दर्जनों वाहन अलकनंदा नदी के उस पार फंसे गए हैं। चमोली जनपद के गोविंदघाट में हेमकुंड साहिब को जोड़ने वाला एक मात्र मोटर पुल भूस्खलन से ध्वस्त हो गया है. बताया जा रहा है कि पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा गिरने से पुल को काफी नुकसान पहुंचा है. पुल क्षतिग्रस्त होने से पुलना, लोकपाल घाटी का संपर्क ब्लॉक मुख्यालय समेत देश दुनिया से कट गया है। बताते चलें कि गोविंदघाट गुरुद्वारे के समीप अलकनंदा नदी के ऊपर ये ब्रिज बना था. पुल ध्वस्त होने से भ्यूडार-पुलना गांव का संपर्क भी जोशीमठ से कट गया है. घटना की सूचना पर एसडीएम जोशीमठ चंद्र शेखर वशिष्ट गोविंदघाट पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया. वहीं गोविंदघाट से पुलना तक की पैदल आवाजाही भी फिलहाल ठप हो गई है. वहीं गोविंदघाट से घांघरिया को जोड़ने वाला ये मोटर पुल काफी अहम है। बता दें कि साल 2015 इस मोटर पुल का निर्माण किया गया था. पुल हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी और कागभुसंडी जैसे ट्रैकिंग व धार्मिक स्थलों को जोड़ता था. वहीं 25 मई को सिखों के पवित्र धाम हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने हैं. ऐसे में पुल के ध्वस्त होने से परेशानी खड़ी हो सकती हैं. वहीं पुल ध्वस्त होने से दर्जनों वाहन अलकनंदा नदी के उस पार फंसे गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब पहाड़ी से भूस्खलन हुआ चारों ओर अंधेरा हो गया. कुछ पता ही नहीं चल पाया कि क्या हो रहा है और कुछ ही पलों में पूरा पुल क्षतिग्रस्त हो गया. पुल क्षतिग्रस्त होने से आसपास के गांवों की आवाजाही बाधित हो गई है. भूस्खलन से पहाड़ी से काफी ज्यादा पत्थर गिरे हैं।



**दौरा** | सुबह करीब 10:40 बजे वे ट्रेक और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाएंगे

# पीएम मोदी का उत्तराखंड दौरा आज, विंटर टूरिज्म के तहत मुखबा में मां गंगा की आरती करेंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**उत्तरकाशी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 6 मार्च गुरुवार को उत्तराखंड के दौरे पर रहेंगे. पीएम मोदी इस दौरान मुखबा में मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल पर पूजा-अर्चना करेंगे. पीएम मोदी

### पहनेंगे चपकन की पारंपरिक पोशाक

के आगमन से पूर्व हर्षिल घाटी में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. पीएम मोदी के तय कार्यक्रम के मुताबिक वो गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे मुखबा में मां गंगा के शीतकालीन स्थल पर पूजा-अर्चना करेंगे और मां के दर्शन करेंगे. सुबह करीब 10:40 बजे वे ट्रेक और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाएंगे।

जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को श्री गंगोत्री धाम के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा में चपकन की पारंपरिक पोशाक पहनकर मां गंगा की पूजा-अर्चना करेंगे. गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि गंगोत्री मंदिर समिति की ओर से प्रधानमंत्री को ये वस्त्र भेंट किए जाएंगे. मुखबा में पुजारी चपकन पहनकर पूजा-अर्चना करते हैं. इस बीच हर्षिल में प्रधानमंत्री को पारंपरिक पोशाक मिरजई भी भेंट की जाएगी। इसके बाद पीएम मोदी हर्षिल में एक जनसभा को संबोधित करेंगे. उत्तराखंड



सरकार ने इस वर्ष शीतकालीन पर्यटन कार्यक्रम शुरू किया है. हजारों श्रद्धालु पहले ही विंटर टूरिज्म के तहत गंगोत्री के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा, यमुनोत्री के शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली, केदारनाथ के शीतकालीन प्रवास स्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ और बदरीनाथ के शीतकालीन प्रवास स्थल ज्योतिर्मठ का दौरा कर चुके हैं. इस कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना और उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था, होमस्टे, टूरिज्म बिजनेस आदि को बढ़ावा देना है। बता दें 6 मार्च को पीएम मोदी देवभूमि उत्तराखंड के हर्षिल-मुखबा क्षेत्र का दौरा करेंगे. इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. पीएम नरेंद्र मोदी के दौरे की तैयारियों को लेकर हर्षिल-मुखबा पूरी तरह से सज गया है. मंगलवार को जिला प्रशासन की ओर से सोशल मीडिया के जरिए पीएम के दौरे की तैयारियों की तस्वीरें साझा की गई थी. डीएम डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर लिखा था माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के भ्रमण कार्यक्रम को लेकर हर्षिल तैयार है। पीएम मोदी मां गंगा की आरती के बाद हर्षिल घाटी की वादियों का दीदार भी करेंगे, बता दें कई दिन की बर्फबारी के बाद आज हर्षिल में मौसम साफ बताया जा रहा है. आज हर्षिल का अधिकतम तापमान 8ए सेल्सियस और न्यूनतम तापमान -2ए सेल्सियस है. पीएम के दौरे से पहले अधिकारी सभी तैयारियों का जायजा ले रहे हैं. चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के सख्त और पुख्ता इंतजाम

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## बृहस्पतिवार को शाम 4 बजे निकाली जाएगी ई लॉटरी, डीएम कार्यालय पर रहेंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान )।** जिले में शराब की 501 दुकानों के लिए बृहस्पतिवार को ई लॉटरी निकाली जाएगी। दुकानों का आवंटन ई लॉटरी के माध्यम से होगा। जिले में दुकान आवंटित कराने के लिए 18231 लोगों ने आवेदन किया है। आवेदन से सरकार को लगभग 150 करोड़ रुपये मिले हैं।

लॉटरी 6 मार्च को शाम 4 बजे डीएम कार्यालय सूरजपुर में निकाली जाएगी। उम्मीद जताई जा रही है लॉटरी के दौरान 4 हजार लोग मौजूद रहेंगे। इसे देखते हुए डीएम कार्यालय में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रहेगी। साथ ही पुलिस ने पार्किंग व यातायात व्यवस्था को देखते हुए आदेश जारी किए हैं।

लॉटरी निकालने के दौरान प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार, डीएम मनीष कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि 2 आवेदन निरस्त हुए थे। लॉटरी 18229 आवेदन के बीच निकाली जाएगी। जिले में देशी शराब की 234, कंपोजिट की 239, मॉडल शॉप की 27 व भांग की 1 दुकान के लिए लॉटरी निकाली जाएगी। लॉटरी में जिन लोगों की दुकान निकलेगी उन्हें अगले 3 दिन में पूरा पैसा जमा कराना होगा।

## आदर्श फूड इण्टरनेशनल के नमकीन निर्माण इकाई पर छापामार कार्यवाही की गयी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**खुर्जा।** आयुक्त,खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ०प्र० लखनऊ विभाग द्वारा दिये गये निर्देशो एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड ।। के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा आज सिटी स्टेशन रोड खुर्जा स्थित आदर्श फूड इण्टरनेशनल के नमकीन निर्माण इकाई पर छापामार कार्यवाही की गयी। यहाँ मौके पर गन्दगी में नमकीन का निर्माण किया जा रहा था। जिस पर तत्काल नमकीन निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया और साफ-सफाई के बाद ही नमकीन बनाने के निर्देश दिये गये है। यहाँ पर नमकीन बनाने में प्रयुक्त सामाग्री की जॉच की गयी तो सोयाबीन रिफाइण्ड तेल के काफी टीन थे, जिन पर अलीगढ़ की मैन्युफैक्चरिंग का पता था। जिस पर मैन्युफैक्चरिंग डेट व एक्सपायरी डेट अंकित नही थी। इनकी टीनों की जाँच की गयी तो डबल स्टीकर का प्रयोग करते हुए पुराने टीनों में रिफाइण्ड तेल भरकर भेजा गया था। जिस पर तात्कालिक कार्यवाही करते हुए जॉच हेतु नमूना संग्रहित किया गया। मौके पर उपलब्ध 56 टीन (प्रत्येक 15 किग्रा०) जिसकी अनुमानित मूल्य लगभग रु 1.50 लाख रुपए को सीज कर दिया गया। साथ ही इसके सम्बन्ध में सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड।

जनपद अलीगढ़ को उक्त फर्म की जॉच हेतु दूरभाष पर सूचित कर दिया गया। नमकीन बनाने में प्रयुक्त होने वाले बेसन, नमकीन सेव, अजवाईन, मैदा, मूंगफली दाना, रिफाइण्ड सोयाबीन तेल और तैयार नमकीन का भी नमूना संग्रहित कर जॉच हेतु खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे है। प्रयोगशाला से जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जायेगा। उक्त फर्म को गन्दगी में कार्य करने के कारण नोटिस जारी किया जा रहा है। होली अभियान के तहत सभी टीमों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर जॉच करने एवं कमियों पाये जाने पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित कर दिया गया है। उक्त कार्यवाही के दौरान टीम मे खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज वर्मा,कमलेश कुमार, सुनील कुमार सिंह, श्रीराम मिलन राना मौजूद रहे।

## दिन भर तेज हवाएं चली, रात को ठंड बढी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** मौसम ने एक बार फिर पलटी मारी है। बुधवार को दिन में तेज हवाएं चलती रही, ठंडी बयार चलने से तापमान लुडा गया जिसके चलते रात ठंडी हो गई। शाम ढलते ही लोग गर्म लिवास में नजर आए, पिछले तीन-चार दिनों से गर्म मौसम होने पर शाम को ज्यादा ठंड नहीं थी। मौसम विभाग का अनुमान है कि फिलहाल होली तक मौसम में बदलाव होता रहेगा इसके बाद तेज गर्मी के आसार बने हुए हैं। मौसम में आए बदलाव से मौसमी बीमारियां भी जोर पकड़ रही हैं। इसीलिए बुखार खांसी और जुकाम की शिकायत बढ़ रही हैं। दिन में गर्मी के कारण लोग हल्के कपड़े पहनते हैं रात को ठंड का एहसास होने लगता है यही गरम और ठंडा मौसम भारीनुकसानदायक होता है। मौसमी बीमारी तेजी से बढ़ रही हैं। लोग बुखार खांसी और जुकाम के शिकार हो रहे हैं।

## अवैध कब्जेदारों ने लेखपाल से अभद्रता की, मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** थाना सलेमपुर क्षेत्र के याकूबपुर गांव में भूमि की नाप करने गए लेखपाल से दो अवैध कबजेदारों ने अभद्रता की। लेखपाल जय किशन सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है जिसमें कहा है कि वह गांव में भूमि की नाप के लिए गए थे। इस दौरान राजस्व अभिलेखों में ऊसर भूमि के रूप में दाजगता संख्या एक रखवा 2'100 हेक्टेयर भूमि के आशिक भाग पर गांव निवासी सतपाल पत्र केयर सिंह और इंद्रजीत पुत्र हरपाल सिंह द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर एक और गेहूं की फसल बबी पाई गई। जिस पर टीम द्वारा दोनों अवैध कबजेदारों से भूमि को कब्जा मुक्त करने को कहा गया, की दोनों अवैध कब्जेदारों ने लेखपाल के साथ अभद्रता की। पुलिस ने दोनों अवैध कबजेदारों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## रमजान माह में दिन रात कुरान की तिलावत करनी चाहिए: शोएब मेवाती

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गुलावठी।** नगर पालिका परिषद गुलावठी के पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी व युवा समाज सेवी शोएब मेवाती ने कहा कि रमजान का मुबारक महीना शुरू हो गया है। इस माह में अच्छे अक्त का सवाब 70 गुना तक कर दिया जाता है। फर्जों का सवाब 70 गुना तथा नफ्लों का सवाब फर्जों के बराबर कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि रमजान माह दूसरे लोगों के साथ हमदर्दी और एक दूसरे की मद्द करने का है। इस माह में दिन रात कुरान की तिलावत करनी चाहिए। रात की नमाजें तरावीह भी मस्जिदों में जाकर पढनी चाहिए। अपनी इफ्तार की दुआ में अपने मरहूम लोगों के लिए दुआ का एहतमाम करना चाहिए। अपने बूढ़े मां बाप की खिदमत करके उनसे दुआ लेनी चाहिए।

## सूरजभान कॉलेज परीक्षा के केंद्र पर यूपी बोर्ड की द्वितीय पाली की परीक्षा देकर लौटते परीक्षार्थी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**शिकारपुर।** सूरजभान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिकारपुर के परीक्षा केंद्र पर चल रही यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 के अंतर्गत आज द्वितीय पाली की परीक्षा देकर लौटते हुए परीक्षार्थी ' विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट बृजेन्द्र सिंह, तथा वाहकेंद्र व्यवस्थापक अर्जुन सोनकर ने बताया। कि परीक्षार्थियों की परीक्षा केंद्र पर सघन तलाशी होने के बाद ही उन्हें केंद्र पर प्रवेश दिया जाता है, तथा आज प्रथम पाली मे परीक्षार्थियों का उर्दू का पेपर हुआ। तथा द्वितीय पाली में इंटर का इतिहास विषय का पेपर था । द्वितीय पाली में सभी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया की हाई स्कूल एवं इंटर की परीक्षाएं केंद्र पर कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न कराई जा रही है। इस अवसर पर परीक्षा केंद्र के परीक्षा प्रमुख गजेंद्र कुमार मीणा, तेजवीर सिंह, बृजेश कुमार तिवारी, कोमल प्रसाद शर्मा, प्रवीण कुमार, कुमारी अखिलेश मीणा ,आदि उपस्थित रहे।

## एसएसपी में शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस फोर्स के साथ कोतवाली नगर क्षेत्र में किया पैदल गश्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर श्लोक कुमार द्वारा आगामी त्यौहारो के अवसर पर जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद व सहायक पुलिस अधीक्षक नगर ऋजुल कुमार सहित पुलिस-फोर्स के साथ आम जनमानस में सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने के दृष्टिगत कोतवाली नगर क्षेत्र में पैदल मार्च किया गया तथा आम जनमानस से अनुरोध किया गया कि त्यौहारो पर शांति एवं कानून व्यवस्था, सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, असामाजिक तत्वों तथा किसी भी प्रकार की अफवाह व उन्माद फैलाने वालों के बारे में तत्काल 112 नम्बर अथवा संबंधित थाना प्रभारी को सूचित करें।

## बड़ी संख्या में शिक्षा से वंचित बच्चे बीन रहे कचरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान)।** एक तरफ देश डिजिटल बनने की तरफ बढ़ रहा है वहीं दूसरी तरफ देश के अंदर की तस्वीर झकझोर देने वाली है। काफी बड़ी संख्या में शिक्षा से वंचित नोनिहलों का बचपन मानो कचरे के ढेर पर बीत रहा है। शासन द्वारा भी सर्व शिक्षा अभियान के तहत करोड़ों रुपया खर्च हो रहा है लेकिन इसका कहीं सकारात्मक असर नहीं दिख रहा। जिन बच्चों को पढ़ने के समय स्कूल में होना चाहिए वह सड़कों से जरूरत का सामान बीनते नजर आते हैं। ऐसे में सभी कोशिशों के बावजूद सर्व शिक्षा का सपना व्यर्थ नजर आ रहा है। छह से चौदह वर्ष तक के बच्चों को स्कूल भेजने के लिए सर्व शिक्षा अभियान हर वर्ष चलाया जाता है। इसके तहत रैलिया निकाली जाती हैं और लोगों के बीच जनजागरण किया जाता है। जिससे बच्चे स्कूल भेजे जा सके। उच्च अधिकारियों के आदेशों की औपचारिकता तो हुई लेकिन अभी भी पढ़ने की उम्र के अनेक बच्चे स्कूल जाने से वंचित बने हुए हैं। ऐसे बच्चे या तो होटलों पर काम कर रहे हैं अथवा सड़कों पर कूड़ा बीनते नजर आते हैं। इन बच्चों को कोई प्रेरित करने वाला नहीं। इससे शिक्षा की स्थिति बदतर हाल में हैं।



**गरीबी बनी बच्चों के लिए अभिशाप**

इन बच्चों के लिए गरीबी अभिशाप बन गई है. सरकार की योजनाओं से परे ये बच्चे अपने जीवन को किसी तरह आगे बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं। रोजाना चुने हुए कचरे से इनके घर का चूल्हा जलता है। अब इन बच्चों का लक्ष्य रोजाना अधिक से अधिक कचरा चुनना है और बड़ा होने पर सरकार गठन के लिए अपना वोट किसी भी एक उम्मीदवार को देना है। बड़ी संख्या में बच्चे जो पढ़ने की उम्र के हैं लेकिन वह मजबूरी में काम करते हैं और अपने परिवार का पेट पालते हैं। इसे दुर्भाग्य ही कहेंगे कि जिन कोमल हाथों में कॉपी किताबें होनी चाहिये, उन हाथों में किस्मत ने हथौड़े, चाय के गिलास व कचरा बीनने को बोरी थमा दी। सुबह से ही मासूम स्कूल जाने की बजाय कचरा बीनने के लिये निकल पड़ते हैं। इनके लिए न तो कोई शासन की नीति बन रही है और न ही कोई संगठन पैरवी करते हैं। ऐसे में शिक्षा विभाग लाख अभियान चलाने का दावा करे मगर दिखावे के अलावा और कुछ नही है।

## चकबंदी विभाग ने गांव में लगाई लोक अदालत मुकदमा संबंधित किसानों की हुई सुनवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** शिकारपुर क्षेत्र के गांव महमूदपुर में चकबंदी अधिकारी अजय कुमार पोरवाल के द्वारा गांव के लोगों की शिकायत पर चकबंदी समस्याओं को लेकर गांव की प्राइमरी स्कूल में लोक अदालत लगाई गई जिसमें ग्रामीणों के मुकदमा संबंधित सुनवाई की गई और लोगों के द्वारा जो कुछ समस्या बताई जा रही थी उनका भी मौके पर निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को चकबंदी अधिकारी अजय कुमार पोरवाल द्वारा निर्देश दिए गए। महमदपुर गांव में धारा 9 क (2) के 52 वादों पर सुनवाई हुई जिसमें लोगों की एक दूसरे के द्वारा सहमति अर्जित करते हुए 38 वादों का निस्तारण मौके स्थल पर ही किया गया जिससे कि ग्रामीणों के द्वारा चकबंदी को लेकर किसी तरह की कोई भी परेशानी उत्पन्न ना हो हालांकि चकबंदी अधिकारी अजय कुमार पोरवाल ने ग्रामीणों को यह भी आश्वासन दिया है कि अगर कोई भी और समस्या किसी व्यक्ति को लगती है तो वह चकबंदी कार्यालय शिकारपुर कैंपस में आकर अपनी समस्या को बता कर निस्तारण करा सकता है जिससे कि उसकी समस्या का सही तरीके से समाधान हो सके चकबंदी के द्वारा गांव में लगाई गई लोक अदालत में चकबंदी विभाग के अधिकारी जिसमें एसीओ सीमा चौधरी कानून गो लेखपाल सहित अजय कुमार पोरवाल चकबन्दी अधिकारी सदर बुलंदशहर ,सुश्री सविता चौधरी सहायक चकबन्दी अधिकारी शिकारपुर सुधीर कुमार न्यायलय लिपिक नीरज कुमार चकबन्दी कर्ता एवं आशीष कुमार चकबन्दी लेखपाल आदि मौजूद रहे।

**महमूदपुर गांव में चकबंदी को लेकर ग्रामीणों के साथ चकबंदी अधिकारियों ने की वार्ता**




## स्याना मे रोडवेज बस स्टैंड बनाए जाने को लेकर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मिले अपना दल एस बुलंदशहर के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** अपना दल एस बुलंदशहर के



जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने लखनऊ विधान सभा में उत्तर प्रदेश सरकार में परिवहन मंत्री मा.श्री दयाशंकर सिंह जी से मुलाकात कर मांग पत्र सौंप अवगत कराया कि स्याना क्षेत्र की जनता वर्षों से रोडवेज बस स्टैंड की मांग कर रही है स्याना नगर पौराणिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है भगवान श्री कृष्ण जी ने रूक्मणी जी के साथ स्याना में शयन किया था जिस कारण इस शहर का नाम स्याना पड़ा भाजपा सरकार बनने पर स्याना की जनता में ये विश्वाश जागा है कि अब स्याना में रोडवेज बस स्टैंड की स्थापना होगी जिला अध्यक्ष ने मंत्री जी से स्याना क्षेत्र की जनता की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए रोडवेज बस स्टैंड बनाए जाने का अनुरोध किया है मंत्री जी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है।

## पुलिया की टूटी रेलिंग दे रही हादसों को न्यौता

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**पहासू।** पहासू-खुर्जा मार्ग पर बनैल रजवाहे की पुलिया पर रेलिंग नही होने से हमेशा हादसों का खतरा मंडराता रहता है। लोक निर्माण विभाग की लापरवाही बड़े हादसों को न्योता दे रही है।

इस पुलिया पर कई बाइक सवार गड्ढों में गिर कर घायल हो चुके हैं। पिछले दिनों पुलिया की रेलिंग नही होने के कारण एक ऑटो रजवाहे में पलट चुका है। पहासू खुर्जा मार्ग पर थाने के पास बनैल गांव के संपर्क मार्ग के पास रजवाहे की पुलिया से दिन रात सैकड़ों की तादात में हल्के व भारी वाहन चलते हैं। जरा सी लापरवाही से किसी की जान पर बन सकती है।पुलिया की रेलिंग टूटने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। सबसे बड़ा खतरा तो यह है की पुलिया से सौ मीटर की दूरी पर कन्या इंटर कालेज का है। स्कूल आते-जाते समय बच्चों के इसमें गिरने का डर है। कई बार इसमें साइकिल सवार गिर चुके हैं। उस समय रजवाहे में पानी नहीं होने के कारण उनकी जान तो बच गई लेकिन वे घायल जरूर हो गए।

## पूर्व चेयरमैन चौधरी अमरपाल सिंह के चित्र पर क्षत्रिय महासभा व समाजसेवियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर ।** विधानसभा क्षेत्र अनूपशहर के गांव डूंगरा जाट निवासी चीनी मिल अनूपशहर के पूर्व चेयरमैन चौधरी अमरपाल सिंह का निधन होने के उपरान्त शोका कुल परिवार को सांत्वना देने पहुंचे क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों व प्रधानों के साथ जिनमे अरवेश सिंह राघव किशनपुर सत्येंद्र सिंह चौहान गरहरा मधुकर त्यागी पूर्व प्रधान तोली व ग्राम प्रधान किशनपुर ब्रजवीर सिंह राघव मंडल अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेरठ ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने तथा शोक कुल परिवार को इस दुख की घड़ी को सहन करने की हिम्मत प्रदान करने की कामना की।

**गिरफ्तार** कब्जे से 28 किग्रा तार कॉपर, 61 किग्रा कॉपर रिंग, घटना में प्रयुक्त 01 टाटा कैंटर, अवैध असलहा आदि बरामद

## विद्युत ट्रांसफार्मर चोर गिरोह के 03 शातिर सदस्य गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** स्वाट टीम व थाना खुर्जा देहात पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर संयुक्त रुप से कार्यवाही करते हुए विद्युत ट्रांसफार्मर चोर गिरोह के 03 शातिर सदस्यों को चोरी किये गये सामान, घटना में प्रयुक्त गाड़ी व अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना खुर्जा देहात पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा हे गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता शहजान पुत्र मुबीन निवासी मौ0 भाटवाला चौराहा कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर असलम पुत्र साबू निवासी अंधेल थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर इब्राहीम उर्फ बिल्लू कबाड़ी पुत्र हाफिज जमील निवासी रिसालदरान खुर्जा गेट कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर बरामदगी-28 किग्रा तार कॉपर. 61 किग्रा कॉपर रिंग. 01 टाटा कैंटर नं0- वढ-13उळ-7837 (घटना में प्रयुक्त) 02 अवैध तमंचे 315 बोर मय 02 जिंदा कारतूस। गिरफ्तार अभियुक्त शहजान व असलम ने पूछताछ पर बताया कि उनके द्वारा अपने अन्य साथियों



के साथ मिलकर विद्युत ट्रांसफार्मर, पार्ट्स व ऑयल चोरी की घटना कारित करते हैं तथा चोरी किये गये सामान को अपने गिरफ्तार साथी इब्राहीम उर्फ बिल्लू कबाड़ी व एक अन्य कबाड़ी को बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त करते हैं। बरामद गाड़ी को अभियुक्तों द्वारा घटना में प्रयुक्त किया जाता हैं जिसे एमवी एक्ट में सीज किया गया हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त शहजान व असलम द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दिनांक 04.02.2025 की रात्रि में थाना खुर्जा देहात क्षेत्रान्तर्गत मामन खुर्द प्लाई ओवर के पास लगे ट्रांसफार्मर को खुर्द-बुर्द करके ट्रांसफार्मर से कॉपर व ऑयल चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना खुर्जा देहात पर मुअसं-43/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस व 3/25 शस्त्र अधि0 की वृद्धि की गयी हैं। गिरफ्तार अभियुक्त शहजान व असलम द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दिनांक 08/09.01.2025 की रात्रि में जनपद बुलन्दशहर के ग्राम चन्दैरु में स्थित ट्रांसफार्मर से सामान व ऑयल चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना एंटी पावर थेफ्ट पर मुअसं-128/25 धारा 136 विधुत अधि0 पंजीकृत है गिरफ्तार अभियुक्त शहजान व असलम द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर द्वारा दिनांक 22/23.01.2025 की रात्रि में जनपद बुलन्दशहर सिकन्द्राबाद के करीम नगर कालोनी में लगे ट्रांसफार्मर को चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना एंटी पावर थेफ्ट पर मुअसं-403/25 धारा 136 विधुत अधि0 पंजीकृत है।

## एनएसएस शिविर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का अभियान लोगों किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकंदराबाद।** नगर के जेएस कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वितीय इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर रामबाड़ा सिकंदराबाद में चलाया जा रहा है।विशेष शिविर का आज पांचवां दिन है। आज का थीम बालिका शिक्षा (बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ) अभियान था। शिविर की शुरूआत स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी निकाल कर की। इसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा योगाभ्यास किया गया। इसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा बालिक शिक्षा को बढ़ाने के लिए रैली निकाली गई।स्वयंसेवकों ने घर घर जा कर बालिका शिक्षा के लिए जागरूकता फैलाई। बौद्धिक सत्र में



प्रोफेसर विनोद यादव ने बालिका शिक्षा के महत्व पर व्याख्यान दिया। डॉ प्रदीप गोयल ने महिला शिक्षा के महत्व के बारे में बताया । स्वयंसेवकों ने बालिक शिक्षा को बढ़ाने के लिए शपथ ली।

# अर्बन सिटी के नाम से काटी जा रही थी अवैध कॉलोनी, 08 जेसीबी की मदद से प्राधिकरण ने ध्वस्त किया निर्माण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र तिलपता करनवास में कालोनाइजर के द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी काटी जा रही थी। यह कॉलोनी अर्बन सिटी के नाम से काटी जा रही थी। कालोनाइजर ने कई लोगों से लाखों रुपये ठग भी लिए थे। बुधवार को मौके पर पहुंचकर प्राधिकरण ने पुलिस के साथ कार्रवाई की। 8 जेसीबी व 4 डंफर की सहायता से अवैध निर्माण को ध्?वस्?त कर दिया। प्राधिकरण ने करीब 10 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा लिया है। जमीन की कीमत 22 करोड़ रुपय है।प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि





ग्रेटर नोएडा के ग्राम तिलपता करनवास के खसरा संख्या 4 व 5 की लगभग 10 हजार वर्ग मीटर जमीन पर अर्बन सिटी के नाम से अवैध कालोनी काटी जा रही थी। प्राधिकरण की तरफ से कई बार इस पर रोक लगाई गई, लेकिन कालोनाजर चोरी-छिपे निर्माण करने की कोशिश कर रहे थे। बुधवार को महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह, एसडीएम जितेंद्र गौतम, वरिष्ठ प्रबंधक और वर्क सर्किल दो के प्रभारी सन्नी यादव, वर्क सर्किल-3 के प्रभारी राजेश कुमार निम, वर्क सर्किल-1 के प्रभारी रतिक, प्रबंधक स्वतंत्र वर्मा, बृजेन्द्र कुशवाहा व नितीश कुमार, सहायक प्रबंधक राजीव कुमार व अन्य स्टाफ के साथ कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान डीसीपी पुलिस शक्ति मोहन अवस्थी, एसीपी बीएस वीर कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

एसीईओ ने बताया प्राधिकरण की अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जनमानस से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। अवैध कॉलोनी में कमाई न फसाएं।

## भाकियू टिकैत संगठन का अस्तौली डंपिंग ग्राउंड पर धरना शुरू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**दनकौर।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैट की मीटिंग ग्राम अस्तौली डंपिंग ग्राउंड धरना स्थल पर हुई। इस मीटिंग की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोज मावी ने की व संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रमोद भाटी ने किया।

इस मौके पर प्रमोद भाटी ने बताया कि विगत दिनों भारतीय किसान यूनियन टिकैट के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन जारी रहा था।

उन्होंने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के द्वारा आश्वासन दिया था कि आपकी सभी मांगों को पूरा किया जाएगा लेकिन पिछले कुछ माह से किसानो की कोई भी समस्याओं का समाधान प्राधिकरण के द्वारा नहीं किया गया।




संगठन के बैनर तले कार्यकताओं ने बुधवार को निर्णय लिया गया कि भारतीय किसान यूनियन टिकैट के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।वही बुधवार को धरना स्थल पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी मौके पर पहुंचे और एक सप्ताह में सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। वहीं किसानों ने कहा कि तब तक किसानों की मांगे पूरी नहीं होगी तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस मौके पर पंकज शर्मा हतेवा ,अरुण भाटी, श्रीपाल पहलवान, मनवीर भाटी, सुखबीर भाटी, संजय सिंह ,श्यामवीर ,वीर सिंह ,गजेंद्र ,बबली आदि किसान मौजूद रहे।

## पांचवी मंजिल से गिरा प्लास्टर का बड़ा हिस्सा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की इरोज संपूर्णम सोसायटी में बुधवार को पांचवी मंजिल से प्लास्टर का एक बड़ा हिस्सा नीचे गिर गया। आवाज के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। प्लास्टर का कुछ हिस्सा पास में खड़ी बीएमडब्ल्यूए कार पर भी गिरा, इससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। यदि कोई व्यक्ति वहां पर खड़ा होता तो गंभीर रूप से घायल हो सकता था। घटना के बाद सोसायटी के लोगों ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा किया। ग्रेटर नोएडा की विभिन्न सोसायटी में प्लास्टर गिरने की घटनाएं आम हो चुकी हैं। आए दिन किसी न किसी सोसायटी



में प्लास्टर गिरने का मामला सामने आता रहता है।

कभी फ्लैट के बाहरी तो कभी अंदर प्लास्टर गिरता रहता है। प्लास्टर गिरने से फ्लैट में रहने वाले लोगों को काफी नुकसान भी हुआ है। सामान टूटने के साथ ही लोग चोटिल भी हुए हैं। जिससे सोसायटी में निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## शिक्षा स्वास्थ्य में छूट की मांग को लेकर 6 मार्च को हल्ला बोल प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान )।** ग्रेटर नोएडा के अंतगर्त बुधवार को करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकताओं ने 6 मार्च को शिक्षा, स्वास्थ्य व युवाओं के लिए रोजगार की मांग को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर होने वाले पैदल मार्च के लिए ऐच्छर गांव में बैठक की ।

बैठक की अध्यक्षता धर्मवीर भाटी एवं संचालन जिला अध्यक्ष गौरव भाटी ने किया। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की लीज डीड में प्राइवेट स्कूलों व अस्पतालों के लिए निर्धारित की गई शर्तों को




अभी तक लागू नहीं कराने पर करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने बुधवार को ऐच्छर गांव में बैठक करके गुरुवार को होने वाले धरने प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार की व लोगों से बड़ी संख्या में 6 मार्च को पहुंचने का आह्वान किया। प्रवीण भारतीय ने बताया कि करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकर्ता क्षेत्र के सैकड़ों किसानों के साथ गुरुवार को पैदल मार्च निकालकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों से मांग करेंगे कि लीज डीड की शर्तों को तुरंत पूरा करे अन्यथा बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान मास्टर दिनेश नागर, गौरव भाटी, धर्मवीर भाटी पिंटू मास्टर जी नरेश भाटी, मोनू कसाना रणजीत नागर राहुल मावई सुमित भाटी मोहित मावई आकाश नागर विक्रम भाटी आशीष नागर पुन्नी अधाना ओम भाटी अतुल रूपी प्रवीण भाटी आदि लोग मौजूद रहे।

## शारदा विश्वविद्यालय मे मेरा भारत आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय के एनएसएस सेल व डीन छात्र कल्याण विभाग के तत्वावधान में मेरा भारत आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान करीब 240 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसका उद्देश्य मेरा भारत पोर्टल से संबंधित जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को व्यावहारिक कौशल, शैक्षिक समानता और सामाजिक गतिशीलता के माध्यम से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ मंजू सिंह ,राज्य संपर्क अधिकारी, एनएसएस सेल, उच्च शिक्षा विभाग ने कहा कि मेरा युवा भारत ( मेरा भारत) पोर्टल भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया एक प्लेटफार्म है, जिसका उद्देश्य युवाओं को विभिन्न



अवसरों और घटनाओं से जुड़ने के लिए एक मंच प्रदान करता हैं, जिससे वे अपनी अकांक्षाओं को पूरा करने और विकसित भारत के निर्माण में कृत संकल्पित हों। पोर्टल पर कैरियर काउंसलिंग, स्किल डेवलपमेंट, वैकेंसी सहित महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। इस प्लेटफार्म को विकसित भारत के लिए सशक्त और सक्षम बनाने के लिए तथा युवाओं को विकसित भारत के निर्माण में सार्थक योगदान देने के लिए विकसित किया गया है। इस आउटरीच कार्यक्रम में डॉ प्रमोद कुमार, डीन छात्र कल्याण, डॉ कृष्ण कुमार पांडे, समन्वयक, एनएसएस सेल, क्रिस्टा मैथ्यू, रिशांक अग्रवाल समेत विभिन्न विभाग के डीन और एचओडी मौजूद रहे।

## 52 गज का दामन, फेम रेणुका पावर होगी ओ.के मॉडल स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह की मुख्य अतिथि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के मोहन गार्डन स्थित शिक्षा के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाने वाले ओ.के. मॉडल स्कूल द्वारा नजफगढ़ रोड स्थित रॉयल ग्रीन गार्डन में उड़ान बढ़ते कदम एक नई उमंग की ओर नामक वार्षिक उत्सव समारोह 2025 का आयोजन

**उडान बढ़ते कदम एक नई उमंग की ओर नामक वार्षिक उत्सव समारोह 2025 का आयोजन 9 मार्च को**

9 मार्च 2025 को किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा की फेमस सिंगर रेणुका पवार सहित राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक व अन्य संगठनों के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित होगें। वार्षिक उत्सव समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुति किए जाएगा। ओ.के. मॉडल स्कूल डायरेक्टर डॉ. रवि कुमार ने बताया कि वार्षिक उत्सव हमारे स्कूल का एक महत्वपूर्ण और उत्साहजनक आयोजन है,



जिसमें विद्यार्थियों को सामाजिक, सांस्कृतिक व शैक्षिक दृष्टिकोण से समृद्ध करने का अवसर प्राप्त होता है। इस आयोजन के माध्यम से हम विभिन्न क्रियाओं, प्रतियोगिताओं व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रहे हैं। इसके माध्यम से हमारे विद्यार्थी न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे, बल्कि साथ ही उनका संपूर्ण विकास भी होगा। वार्षिक उत्सव समारोह की खास बात यह है कि स्कूल जब भी अपना वार्षिक उत्सव समारोह मनाता है तब वह पश्चिमी दिल्ली के प्रसिद्ध स्कूलों के वरिष्ठ शिक्षाविदों को अपने मंच पर शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी व सराहनीय कार्य करने के लिए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी करता है। उडान बढ़ते कदम एक नई उमंग की ओर नामक ऐसा प्रोग्राम बनाया है, जिसे देखने के बाद हर कोई बच्चों की प्रषंसा करता दिखेगा। स्कूल के चेयरमैन एवं समाजसेवी ओम कुमार पुंडीर, प्रिंसिपल डॉ. निर्मल जी ने बताया कि देष पर अपनी जान न्यौछावर कर देने वाले व मर मिटने वालों के प्रति हम सभी को अपने नैतिक कर्तव्य को निभाते हुए कुछ न कुछ ऐसे काम अवश्य करते रहना चाहिए, जिससे हम अपने शूरवीरों व शहीदों की पावन कुर्बानियों को याद रखते हुए देष की युवा पीढ़ी को यह संदेश देते रहे कि भारत के प्रति हमें भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करते रहना होगा।

## प्रज्ञान पब्लिक स्कूल की पूर्व छात्रा दिव्या छोंकर ने सी.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण कर रचा कीर्तिमान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जेवर (इनामुलहक)।** प्रज्ञान पब्लिक स्कूल, जेवर की पूर्व छात्रा दिव्या छोंकर ने अपनी प्रतिभा और कठिन परिश्रम का अद्वितीय परिचय देते हुए सी.ए.की दोनों समूह परीक्षाएं उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। वाणिज्य संकाय की 2022-23 बैच की छात्रा दिव्या ने अपने दृढ़ संकल्प और अनुशासन के बल पर



यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय के प्रबंधक डा. हरीश कुमार शर्मा एवं डा. प्रधानाचार्या डा. दीप्ति शर्मा ने अपनी पूर्व छात्रा दिव्या छोंकर को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके परिश्रम का परिणाम है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। दिव्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और सतत अभ्यास को दिया। उन्होंने कहा, सी.ए. की यात्रा कठिन अवश्य है, लेकिन यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और परिश्रम निरंतर जारी रहे, तो सफलता अवश्य मिलती है।"

## संगीतमय शो म्यूजिक फॉरएवर पार्ट-3 का सफल आयोजन हुआ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली ( राजू बोहरा)।** संगीतमय लाइव शो म्यूजिक फॉरएवर' सीरीज की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है जिसके आयोजक दिल्ली के जानेमाने-सीनियर म्यूजिक शो आयोजक नीरज गुप्ता है। इस चर्चित संगीतमय लाइव शो के पहले पार्ट का इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में दूसरे पार्ट का लाजपत भवन ओडिटोरिम में शानदार आयोजन गत वर्ष में किया गया जिन्हे खूब सराहा मिली। हाल ही में इसके तीसरे पार्ट म्यूजिक फॉरएवर पार्ट-3 का आयोजन प्यारे लाल भवन ओडिटोरिम आईटीओ में किया गया जिसमे हर बार की तरह दिल्ली-एनसीआर और देश के अन्य शहरो से आए अनेक सुरीले गायक-गायिकाओं हिस्सा अपनी लाइव सिंगिंग से समां बाधा। म्यूजिक फॉरएवर पार्ट-3 में जिन गायक-गायिकाओं और अतिथियों के भाग लिया उनमें सुशील शर्मा, लायन राजकुमार, गुरु लोमस, जावेद खान, अनिल बंसल, नरेंद्र शर्मा, रंजीत सिंह, हेमा डेविड, पूनम श्री, अशोक कुमार,





शिव कुमार कोहली, किरण सेठी, इंदरपाल, मनोज भल्ला, सुरेंद्र भारद्वाज, कृष्ण मोहन, विनोद आनंद, भाटिया जी, सुभाष ठाकुर, अमित बालाजी, सीमा डोगरा, रमेश जैन, नलिनी जैन, सुरेंद्र कोहली, कृष्ण कुमार, विमल बेमनियल, अनिता गुप्ता, गगनजी श्री, राजकुमार संपेडिया, प्रिंस वाधवा, गोगी राजा, सुरेंद्र जैन, सुरेंद्र जैन, माता प्रसाद, हरीश सहगल, के.एस. सेठी, भोला आनंद, गुलफाम, इंदु ठाकुर, बैजनाथ घोष, सोनू बाली, ब्रिजेश वर्मा, सुरजीत, आरती शर्मा, शमा खान, पूजा पायल, कविता गर्ग, सचिन, संजीव सूरी, अंकित पाठक, मोनिका शर्मा, योगेश मालिक, ईशा सक्सेना, यास्मीन खान, ब्रहम शर्मा, कामरा एम के, विजय बेनियाल, महेंद्र शर्मा, नीता चंदेल, सुभाष चंदेल, शंकर लाल , अजय गोस्वामी, राजेंद्र डोगरा, रेखा प्रधान, प्रदीप प्रभाकर, विक्टर, अर्शी खान, पंकज परमानी, राजन अय्यर, प्रत्यक्ष, परमिंदर सिंह, अमर किशोर जैसे नाम शामिल है। इस बार भी कार्यक्रम की शानदार एंकरिंग भी मंजू त्रिपाठी ही की। लाइव संगीत डोरेमी ग्रुप का था जबकि साउंड प्रकाश अरोरा का। शो के आयोजक नीरज गुप्ता के बताया की हमारा शो म्यूजिक फॉरएवर बार भी संगीता प्रेमियों को बहुत पसंद आया और इसकी लोकप्रियता हर आयोजन के साथ बढ़ती जा रही है।

**परिचर्चा**

**देश की आर्थिक नीतियों को गहराई से समझने के लिए प्रोत्साहित किया गया**

# प्रज्ञान पब्लिक स्कूल में 'बजट-2025' पर पैनल परिचर्चा आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जेवर (इनामुलहक)।** प्रज्ञान पब्लिक स्कूल, जेवर में वाणिज्य वर्ग के छात्र- छात्राओं द्वारा बजट-2025 पर एक प्रभावशाली पैनल परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा का उद्देश्य छात्रों को बजट की बारीकियों से अवगत कराना और उन्हें देश की आर्थिक नीतियों को गहराई से समझने के लिए प्रोत्साहित करना था।विद्यालय के भव्य सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक डॉ. हरीश कुमार शर्मा, प्रधानाचार्या डॉ. दीप्ति शर्मा, वाणिज्य विभागाध्यक्ष श्री उमेश चंद्र शर्मा, एवं वाणिज्य शिक्षक श्री जितेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। वाणिज्य विषय विभागाध्यक्ष श्री उमेश चंद्र शर्मा एवं वाणिज्य शिक्षक श्री जितेंद्र कुमार गुप्ता के दिशा-निर्देशन में आयोजित की गई इस पैनल परिचर्चा में छात्र-छात्राओं ने बजट-2025 के विभिन्न पहलुओं आर्थिक व्यवस्था पर प्रभाव, लघु







एवं बड़े उद्योगों पर प्रभाव, किसानों एवं श्रमिक वर्ग पर प्रभाव, मध्यम वर्ग पर प्रभाव एवं बजट के लाभ एवं हानि आदि पर तथ्यों एवं आंकड़ों के साथ अपने विचार प्रस्तुत किए जिसने परिचर्चा को अत्यंत ज्ञानवर्धक और रोचक बन दिया। इस पैनल परिचर्चा में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं ने अपनी गहन शोध-आधारित प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को प्रभावित किया। कुछ छात्रों ने बजट में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए परिवर्तनों पर प्रकाश डाला, तो कुछ ने आयकर में हुए संशोधनों एवं इसके आमजन पर प्रभाव पर अपने विचार व्यक्त किए। छात्र- छात्राओं ने भारत की आर्थिक वृद्धि, व्यापारिक संभावनाओं एवं रोजगार पर पड़ने वाले प्रभाव पर भी विचार-विमर्श किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. हरीश कुमार शर्मा ने छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि बजट किसी भी राष्ट्र की आर्थिक रीति-नीति का प्रतिबिंब होता है। युवाओं को इसकी बारीकियों को समझना चाहिए, जिससे वे भविष्य में एक जागरूक नागरिक बन सकें और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें।" प्रधानाचार्या डॉ. दीप्ति शर्मा ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि "ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, विश्लेषणात्मक क्षमता और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं, जो उनके समग्र विकास में सहायक सिद्ध होते हैं।"

# प्रशासन की नाकामी से नाराज गौरव अपनाएंगे इस्लाम धर्म

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में अवैध सब्जी के ठेले को हटवाने में नाकाम रहे पुलिस व विकास प्राधिकरण की लचर कार्यवाही से नाराज सोसायटी में ही रहने वाले गौरव बंसल ने हिन्दू धर्म त्यागकर इस्लाम धर्म अपनाने का निर्णय लिया है। इसके बारे में उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल "एक्स" पर भी पीएमओ इंडिया, डीजीपी, समेत गाजियाबाद के कमिश्नर व जिलाधिकारी समेत तमाम आलाधिकारियों को टैग करते हुए सूचना दी है। गौरव ने कहा कि बुधवार 5 मार्च से उनका नाम गौरव खान होगा।

### सोसायटी से अवैध ठेला हटवाने में नाकाम गाजियाबाद प्रशासन





बता दें कि कोरोना काल में इस अवैध सब्जी के ठेले की एंट्री इस सोसायटी में इस उद्देश्य से हुई थी कि सोसायटी के लोग कोरोना महामारी से सुरक्षित रहें। लेकिन इस अवैध ठेले वाले ने धीरे धीरे आरडब्लूए का संरक्षण प्राप्त कर लिया और सोसायटी में ही जमकर रह गया। अब सोसायटी में ही अवैध सब्जी का ठेला लगाने वाले व्यक्ति ने अपना पूरा साम्राज्य स्थापित कर लिया है। इस सोसायटी में रह रहे कई लोगों ने इस पर आपत्ति जताते हुए आरडब्लूए, जीडीए, नगर निगम व पुलिस से भी शिकायत की। जिसके बाद इस सब्जी वाले ने सोसायटी के ही सम्भ्रांत लोगों पर उलजुलूल झूठे आरोप लगाकर फसाने का प्रपंच रच दिया। अवैध ठेला लगाने वाले व्यक्ति की इस हरकत के बाद सोसायटी के लोगों में रोष पनप गया लेकिन इसके बावजूद भी किसी सरकारी अधिकारी के कान पर जूं तक नहीं रेंगीं। प्रशासन की यह नाकामी गौरव को नागंवार गुजर रही है और उन्होंने मुस्लिम धर्म अपनाने का निर्णय लिया है। धर्म परिवर्तन करने के निर्णय को लेकर गौरव ने कहा है कि शासन और प्रशासन केवल जीरो टॉलरेंस की बातें करते हैं लेकिन इस पर अमल नहीं करते। एक ठेले को हटाने में प्रशासन के पसीने छूटना अधिकारियों की उनके कर्तव्यों के प्रति लगनशीलता दशार्ता है। गौरव ने कहा है कि अब वह रोजा रखेंगे और ईद भी मनाएंगे।

# ग्रामीण की हत्या में 3 सगे भाईयों को आजीवन कारावास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** जिला एवं सत्र न्यायधीश मलखान सिंह ने कोतवाली हापुड़ नगर क्षेत्र के गांव सरावा में एक ग्रामीण की हत्या के आरोपी तीन सगे भाईयों को दोषी करार देते हुए आजीवन सश्रम कारावास व 22-22 हजार रू अर्थदंड अदा करने की सजा सुनाई है।

### डीजीसी गौरव नागर की मजबूत पैरवी और जिरह ही सजा के बने आधार

डीजीसी क्राइम गौरव नागर ने बताया कि 22 फरवरी 2018 को ग्राम सरावा में प्रमोद त्यागी के साथ आरोपी रामकुमार, मुकेश व नीरज पुत्रगण मलखान निवासी सरावा ने दुस्साहसिक तरीके से हत्या कर दी थी।



पुलिस ने तीनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। मामले की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश मलखान सिंह ने करते हुए तीनों सगे भाईयों को हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन सश्रम कारावास तथा 66 हजार रू अर्थदंड अदा करने की सजा सुनाई है। इस कार्रवाई में आईओ पंकज लवानियां, पैरोकार महिला हेडकांस्टेबिल मधु व कोर्ट मोहर्रिर विपिन कुमार का सहयोग रहा। मामले में डीजीसी क्राइम गौरव नागर की मजबूत पैरवी रही । उनके द्वारा पेश किए गए तथ्य ही सजा के लिए पर्याप्त रहे ।

### त्यागी समाज की मांग पर नगर पालिका परिषद की टीम ने रावली रोड से हटाया अतिक्रमण

# अतिक्रमण हटाने के दौरान एसीपी मसूरी सर्किल भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर रही मौजूद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** त्यागी समाज की मांग पर नगर पालिका परिषद की टीम द्वारा बुधवार को रावली रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नगर पालिका की टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान दुकान के बाहर किए गए अतिक्रमण को जेसीबी एवं बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। तथा सड़क पर रखे खोखों को उठा कर अपने कब्जे में लेलिया। दुकानदारों द्वारा विरोध करने की आशंका के मद्दे नजर मौके भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया था। एसीपी मसूरी सर्किल लिपि नागयाच भारी पुलिस फॉर्स के साथ मौके पर मौजूद रही। ज्ञात हो कि चार दिन पूर्व रावली पर टेलीफोन एक्सेंच के सामने एक कार की टक्कर आगे चल रहे ई रिक्शा से हो गई थी, जिसमें नो वर्षीय बालक के घायल होने के बाद बवाल हो गया था। अलग अलग समुदाय के लोग आपस में भिड़ गए थे और जमकर पत्थरबाजी हुई थी। इस घटना के अगले दिन रावली रोड से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर राष्ट्रीय त्यागी भूमिहार ब्राहमण समाज समिति द्वारा दिल्ली मेरठ रोड स्थित धार्मिक स्थल परिसर में पंचायत कर आरपार की लड़ाई का एलान किया गया था। मंगलवार को समिति के पदाधिकारी ने पालिका कार्यालय पहुंच कर नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर रावली रोड से अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। अधिशासी अधिकारी ने जल्द हो अतिक्रमण हटाने समिति के लोगों को आश्वासन दिया था। बुधवार को नगर पालिक परिषद के अधिशासी अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र कुमार अपनी टीम के साथ रावली रोड पर पहुंचे पालिका की टीम ने दिल्ली मेरठ रोड से शुरू हुए रावली रोड के केटी से चुंगी नम्बर तीन तक अतिक्रमण हटाया। इस दौरान दुकान के बाहर लगी टीन शेड, पक्के अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया गया। इसके अलावा खोखे को उठाकर जब्त कर लिया। तीन घंटे से अधिक समय तक चले अतिक्रमण हटाओ अभियान में रावली को पूरी तरह से अतिक्रमण से मुक्त करा दिया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान विरोध को देखते हुए भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया था। पुलिस फोर्स को देखते हुए कोई विरोध नहीं कर सका। एसीपी मसूरी सर्किल लिपि नागयाच व थानाप्रभारी मौके पर ही अभियान के दौरान मौजूद रहे। अधिशासी अधिकारी डॉ.शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि रावली पर रावली रोड कट से चुंगी नम्बर तक अतिक्रमण हटाया गया है। यदि फिर से किसी ने दोबारा अतिक्रमण किया तो उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।






# आबकारी विभाग ई-लॉटरी के माध्यम से करेगा आज दुकानों का आवंटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जनपद गाजियाबाद के नेहरू नगर, गाजियाबाद स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय, ऑडिटोरियम में आबकारी विभाग द्वारा 06 मार्च 2025 को ई-लॉटरी के माध्यम से दुकानों का आवंटन कराया जायेगा, जिसके मद्देनजर जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा ऑडिटोरियम का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा ई-लॉटरी के दृष्टिगत पूरी प्रक्रिया को बड़े स्क्रीन पर डिस्प्ले कराने, सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाने, कानून-व्यवस्था एवं ट्रैफिक सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि 06 मार्च 2025 को जनपद में आबकारी विभाग 463 दुकानों का ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन करायेगा। जिसमें अमृत अभिजात, प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन पर्यवेक्षक के रूप में ?उपस्थित रहना प्रस्तावित है। इनके साथ ही जनपद की जिला स्तरीय चयन समिति में जिलाधिकारी अध्यक्ष, जिला आबकारी अधिकारी सचिव व पुलिस विभाग से एडीसीपी स्तरीय व आबकारी आयुक्त द्वारा राजपत्रित अधिकारी सदस्य के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### जिलाधिकारी ने दिये बडी स्क्रीन पर डिस्प्ले कराने, सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाने, कानून एवं ट्रैफिक सम्बन्धी व्यवस्थाओं के आवश्यक दिशा निर्देश दिये





जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि ई-लॉटरी के माध्यम से 214 दुकानें देशी शराब, 192 कम्पोजिट शॉप, 43 मॉडल शॉप, 14 भांग की दुकानें है। इस प्रकार कुल 463 दुकानें आवंटित होनी है, इन दुकानों हेतु कुल 12042 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 05 आवेदन असफल रहे। ई-लॉटरी हेतु वर्तमान में 12037 आवेदन हैं। निरीक्षण के दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर गम्भीर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व सौरभ भट्ट, अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार, एडीसीपी ट्रैफिक एवं जिला आबकारी अधिकारी संजय सिंह सहित एन.आई.सी., पुलिस तथा आबकारी विभाग अधिकारीगण उपस्थित थे।

## दबंगों ने घर में घुसकर धारदार हथियार से वार कर एक महिला सहित चार लोगों को किया घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** थानाक्षेत्र के गांव जलालाबाद में दबंग महिला ने अपने साथियों के साथ घर में घुसकर धारदार हथियार से वार कर एक महिला सहित चार लोगों को गंभीर रुप से घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गांव जलालाबाद निवासी जरीना व आसू का घर आसपास है। जरीना व आसू की पत्नी के बीच काफी समय से विवाद चल रहा है। आरोप है कि आसू की पत्नी अपने 10 से 15 साथियों के साथ जरीना के घर में घुस आई और जरीना व घर के अन्य लोगों पर धारदार हथियार से वार किए और घर में जमकर तोड़फोड़ भी की। इस हमले में एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़िता जरीना ने इस संबंध में मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## दूध की डेयरियों से गोबर नालियों में पानी से न बहाकर ट्रालियों से उठवाकर प्लांट में इस्तेमाल किया जाए: गादरे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** दूध की डेयरियों से गोबर नालियों में पानी से न बहाकर ट्रालियों से उठवाकर प्लांट में इस्तेमाल किया जाए। सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता पूर्व प्रत्याशी मेरठ दक्षिण विधानसभा के राजुद्दीन गादरे ने एक पत्र नगरायुक्त मेरठ नगर निगम मेरठ को भेजकर कहा कि आज पानी की किल्लत से बचने और सफाई व्यवस्था को मध्य नजर रखते हुए अनुरोध है कि मुकम्मल सफाई व्यवस्था को लेकर चिंतित रहना बहुत जरूरी है जिससे आने वाली बीमारियों से बचाव हो सके। पानी अनमोल रत्न है पीने के पानी की कीमत और जीवन में बहुत अहम है लगातार पानी का स्तर नीचे जा रहा है ऐसा न हो कि पानी जमीन में और नीचे चला जाए और अकाल पड़ने की स्थिति से की समस्या आ खड़ी हो। श्रीमान जी इस सम्बन्ध में गौर किया जाए।

वार्ड नंबर 86 में बड़े चौड़े नाले तो बन गए लेकिन इनमें गोबरों की भरमार ठसाठस है और यदि मशीन महीना में पहली बार आई है तो दोनों ओर से कूड़ा निकाल कर डाल दिया गया जबकि यहां रमजान का महीना है और लोगों के आवागमन में परेशानियां हो रही है ऐसे मौके पर कूड़ा यदि ट्रॉली में साथ उठा लिया जाए तो बेहतर होगा। इससे नगर निगम की छवि और बेहतर महसूस होगी। पानी के जरिए गोबर का बहाना है तो गोबर ही नालियों को बंद कर रहे हैं गोबर को ट्रालियों से उठाने का भी इंतजार किया जाए नालियों में गोबर को पानी से ना बहाकर ट्रालियों के जरिए यदि उठवाकर किसी गैस प्लांट में या खेतों के इस्तेमाल में खाद बनाकर लिया जाए तो ज्यादा बेहतर होगा। नगर आयुक्त से अनुरोध किया कि इस समस्या को ध्यान में रखकर आप जल्द से जल्द कार्रवाई करेंगे।




# प्रतिष्ठानों और घरों में कार्य करने वाले कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य कराये : डॉ.अतुल जैन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष और टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉ.अतुल कुमार जैन ने सभी उद्यमियों, व्यापारियों और अन्य सभी निवासियों से निवेदन और आवाह्न किया है कि अपने यहां किसी भी रूप में कार्यरत कर्मचारियों को नियुक्ति करने के बाद या नियुक्ति करने से पूर्व तथा कार्यरत कर्मचारीयों का पुलिस विभाग द्वारा वेरिफिकेशन अवश्य कराएं जिससे किसी भी संभावित दुर्घटना से बचाव हो सकता है और व्यक्ति को जांच परख कर ही रखें उनकी पृष्ठभूमि का जानना अति आवश्यक है पुलिस वेरिफिकेशन से इसमें बहुत ही लाभ मिलेगा कि कहीं कोई व्यक्ति पूर्व में किसी भी अपराध में लिप्त तो नहीं रहा है और उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि तो नहीं है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह बहुत ही आवश्यक है और उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संपूर्ण प्रदेश और जनपद गाजियाबाद में पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली से जिस प्रकार से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है उससे भय मुक्त वातावरण बना है सुरक्षा को और मजबूती प्रदान करने हेतु सभी को कर्मचारियों का शत प्रतिशत पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य कराना चाहिए । पुलिस वेरीफिकेशन के लिए ऑनलाइन भी प्रक्रिया है और केवल मात्र 50 फीस देकर जांच अति शीघ्र पूर्ण कराई जा सकती है।



# एम0एल0सी द्वारा प्रदेश में दाखिल खारिज के प्रकरणों को निस्तारित न होने व बेहट में नहर विभाग की भूमि को कब्जा मुक्त किये जाने की करी मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद व व विजय बहादुर पाठक सदस्य विधान परिषद द्वारा विधान परिषद में उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार शासकीय कार्यो को कागज रहित और पारदर्शी बनाने के लिए सतत प्रयन्तशील है तथा इस हेतु रोज नये नियम लागू भी किये जा रहे है, बनाये भी जा रही है। 1 जनवरी 2025 से निंबधन विभाग ने प्रदेश मे आमजन की सहुलियत के लिए बैनामें के उपरान्त दाखिल खारित की व्यवस्था ऑनलाइन कर दी। जब यह सुविधा ऑनलाइन हो गई तो निबंधन विभाग ने बैनामें के दस्तावेजों की फोटोकॉपी तहसील को भेजना बंद कर दी गयी। वाराणसी सहित पूरे उ0प्र0 में ऑनलाइन व्यवस्था कार्यान्वित होने मे कठिनाई के कारण जनवरी 2025 से पूरे प्रदेश मे लाखों की संख्या में बैनामों के प्रपत्र निबंधन कार्यालयों में लम्बित पडे हुए है जिस कारण लोग भूमि क्रय करने के बाद भी कानूनी तौर पर भूमि के मालिक नही बन पा रहे है। इसलिए लोक महत्व के इस सुनिश्चित विषय के निस्तारण हेतु चर्चा/वक्तव्य की मांग करता हूँ। साथ ही उत्तर प्रदेश के ग्राम मुर्तजापुर मजरा बेहट में नहर विभाग की हजारों बीघा भूमि है जिस पर विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत द्वारा अवैधानिक रूप से कब्जा कराये जाने की और सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। शासन की ओर से नहर विभाग की भूमि को पट्टे आदि देने का कोई आदेश नही है फिर भी विभाग के अन्दर कुछ कर्मचारियों द्वारा सरकार के आदेशों की अवहेलना करते हुए सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कराने पर आमादा है। पूर्व मे भी देखने में आया है कि बेहट में नहर विभाग की भूमि पर इसी प्रकार विभागीय भूमि पर अवैध कब्जा कराकर इन्द्र कालोनी बस गयी है। लोकमहत्व के इस अभिलम्बनीय विषय पर ग्राम मुर्तजापुर मजरा बेहट में नहर विभाग की भूमि पर कर्मचारियों की मिलीभगत द्वारा अवैधानिक रूप से किये जा रही भूमि को कब्जा मुक्त कराने हेतु सदन मे सरकार से चर्चा कराये जाने हेतु वक्तव्य की मांग की।



### जीर्णोद्धार

## शहर में जारी है निरंतर विकास कार्यों की रफ्तार : महापौर

# निगम करा रहा है शहर में वार्ड कोटे के कार्यों से निर्माण, कवि नगर की सड़कों का हुआ जीर्णोद्धार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** शहर में चल रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें अधिकारी बढ़ाएं मॉनिटरिंग - नगर आयुक्त गाजियाबाद नगर निगम लगातार शहर में विकास कार्यों को करा रहा है जिसमें सभी वार्डों के अंतर्गत 50-50 लाख के कार्य कराए गए उसके बाद गाजियाबाद नगर निगम आवश्यकता को देखते हुए 30-30 लाख के कार्य सभी वार्डों में करने की कार्यवाही कर रहा है, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार सभी वार्डों में गुणवत्ता पूर्वक कार्य कराए जा रहे हैं जिसकी मॉनिटरिंग निर्माण विभाग अधिकारी कर रहे हैंल कवि नगर जोन अंतर्गत लगभग 8 करोड़ के कार्य वार्ड कोटे से कराए जा चुके हैं इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए साढे चार करोड़ के कार्य और करने की योजना बनाते हुए निगम कार्यवाही कर रहा है, ल ब्लॉक कवि नगर मे लगभग 2 किलोमीटर सड़कों का जीर्णोद्धार किया गया जिसमें 44 लाख की लागत आई, इसी प्रकार अवंतिका चिरंजीव विहार में भी लगभग 14 लाख की लागत से 297 मीटर सड़क बनाई गई, राजनगर रेजिडेंशियल एरिया में भी 16 करोड़ की लागत से 1080 मी सड़क बनाई गई, राजनगर आरडीसी सेक्टर 10 में भी 14 लाख की लागत से 990 मीटर सड़क बनाई गई, चिरंजीव विहार सेक्टर 5 में 8 करोड़ की सड़क 200 मी बनाई गई, इसी क्रम में गोविंदपुरम क्षेत्र तथा अन्य कवि नगर के क्षेत्र में निर्माण कार्य करने के लिए लगातार पैमाइश का कार्य चल रहा हैल मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले सभी वार्डों में विकास कार्य चल रहे हैं सभी जोन अंतर्गत आने वाले वार्डों के आंतरिक क्षेत्र में इंटरलॉकिंग का कार्य नाली बनाने का कार्य, डेंस का कार्य चल रहा है, इसके अलावा अन्य मदों से शहर की कई प्रमुख मार्गो को भी सुधार किया जा रहा है, पार्षदों द्वारा दिए जा रहे मांग पत्रों पर कार्यवाही करते हुए वार्ड कोट के अंतर्गत आंतरिक क्षेत्र में कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं, महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद के सभी वार्डों में भव्यता से कार्य चल रहे है, नगर आयुक्त द्वारा निर्माण विभाग टीम को लगातार चल रहे कार्यों की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं'।





# हमारा आंगन हमारे बच्चे: 60 निपुण बच्चों को स्कूल बैग देकर किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**हापुड़।** हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के तहत शिक्षा विभाग ने निपुण 60 बच्चों को स्कूल बैग देकर उन्हें सम्मानित कर प्री पीरियड के तहत पढ़ाई करने के लिए मोटिवेशन किया। बुधवार को हापुड़ ब्लॉक के कम्पोजिट स्कूल गोयना में हमारा आंगन हमारे बच्चे

**शिक्षा के माध्यम से छोटे बच्चों को पढ़ाई के लिए तैयार करना सराहनीय काय:यीगेश गुप्ता**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के पद से बोलते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय योगेश गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से छोटे बच्चों को पढ़ाई के लिए तैयार करना बहुत ही अच्छा कार्य है। इसको हम लोगों को सच्ची लगन और कड़ी मेहनत के साथ करना चाहिये इसके साथ ही बच्चों को अनुशासन भी सिखाना जरूरी है।

खंड शिक्षा अधिकारी हापुड़ रचना सिंह ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर करीब 60 निपुण बच्चों को शिक्षा विभाग द्वारा हमारा आंगन,हमारे बच्चे कार्यक्रम के तहत निपुण बच्चों को स्कूल बैग तथा स्टेशनरी वितरित की गई है।

उन्होंने बताया है प्राथमिक विद्यालयों में आंगनबाड़ी कार्यरत है,जिसके चलते उन सभी में आंगनबाड़ी केंद्र बनाया गया है। जिस माध्यम से प्री प्राइमरी पीरियड के अंतर्गत छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी द्वारा ए बी सी डी,वन टू थ्री सिखाया जाता है जिसके माध्यम से बच्चों को मोटिवेशन किया जाता है, ताकि बच्चा पढ़ाई करने के लिए शुरूआत में आसानी से कर सकता है। कार्यक्रम का सफल संचालन भावना शर्मा एवं डॉ रेनू देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर एसआरजी भारत शर्मा,जिला समन्वयक प्रशिक्षण मोहम्मद नाजिम,एआरपी कुशवीर सिंह,एआरपी ललित कुमार,सविता सहारान,इंदु शर्मा, रश्मि शर्मा,प्रियंका गुप्ता,मोहम्मद रिजवान,मेघा वर्मा,रीना रानी निराला,शशि सिंहक्ष सहित अन्य अध्यापक अध्यापिकाएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित थी।

# जिले वासियों से अपील: हर्बल गुलाल से खेले होली,स्वयं सहायता समूहों ने विभिन्न रंगों में बनाये हर्बल गुलाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**हापुड़।** जनपद के स्वयं सहायता समूहों द्वारा विभिन्न रंगों में बनाये हर्बल गुलाल को मुख्य विकास अधिकारी व जिला विकास अधिकारी को भेंट किये। स्वयं सहायता समूहों जिले के सरकारी विभागों,कचहरी,ढाबों पर स्टॉल लगाकर हर्बल गुलाल बेचेंगे। हर्बल गुलाल शरीर की त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचायेंगे।

आपको बता दें,कि जनपद में काफी संख्या में स्वयं सहायता समूह संचालित है। जिनमें हजारों की संख्या में महिलाएं कार्य कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रही है। स्वयं सहायता समूह में

- **हर्बल गुलाल शरीर की त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचायेंगे**
- **सरकारी विभागों व कचहरी में स्टॉल लगाकर बेचेंगे स्वयं सहायता समूह**

कार्य करेंगे महिलाएं जीवन में उन्नति की ओर अग्रसर होने लगी है।

समूहों द्वारा पापड़,अगरबत्ती व अचार आदि बनाकर उन्हें बेचने का कार्य कर रही है।

आगामी रंगों के त्योहार होली के मद्देनजर स्वयं सहायता समूहों ने विभिन्न रंगों में हर्बल गुलाल तैयार किये है। जिनका प्रयोग करने से शरीर की त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचेगा। हर्बल गुलाल बनाने में केमिकल का प्रयोग नहीं किया गया है। केवल प्राकृतिक रंगों का प्रयोग किया गया है।





**अधिकारियों को भेंट किये**

स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित किये गये हर्बल गुलाल को समूह की महिलाओं ने मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम व जिला विकास अधिकारी को भेंट किये। जिस पर दोनों अधिकारियों समूह की प्रशंसा की।

**हर्बल गुलाल से खेले होली**

सीडीओ हिमांशु गौतम ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि रंगों का त्योहार होली को हर्बल गुलाल के साथ खेले।

स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल का प्रयोग करें,इसका प्रयोग करने से शरीर की त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचेगा।

**सरकारी विभागों में स्टॉल लगाकर बेचेगी**

जिला विकास अधिकारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल को समूह द्वारा सरकारी विभागों के साथ-साथ कचहरी व नेशनल हाइवे पर स्थित प्रमुख ढाबों पर स्टॉल लगाकर बेचेगी।



**ये समूह स्टॉल लगाकर बेचेगी हर्बल गुलाल**

डीडीओ देवेन्द्र सिंह ने बताया कि स्वयं सहायता समूह आस्था गालन्द,श्रीराम रामपुर,जानवी रामपुर,राधा माधव कस्तला व संध्या असौड़ा द्वारा स्टॉल लगाकर हर्बल गुलाल बेचा जायेगा।

**बाजार से महंगा हो सकता है हर्बल गुलाल,लेकिन फायदेमंद**

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि उन्होंने हर्बल गुलाल को प्राकृतिक रंगों से तैयार किया है। जिस कारण केमिकल युक्त गुलाल से कुछ महंगा हो सकता है,लेकिन हर्बल गुलाल फायदेमंद है,जो शरीर की त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचायेगा।

**हर्बल गुलाल मार्केट में उतारने का प्रयास**

सीडीओ हिमांशु गौतम ने बताया कि स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल को क्वालिटी को देखते हुए उसे मार्केट में उतारने के लिए व्यापारिक संगठनों के साथ बैठक की जा रही है। समूह द्वारा अन्य उत्पाद भी मार्केट में उतारने का प्रयास किया जायेगा।

**समूहों को होगा लाभ**

सीडीओ हिमांशु गौतम ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों द्वारा पापड़,अगरबत्ती,अचार के बाद हर्बल गुलाल तैयार किया है। इन उत्पादों के मार्केट में उतरने से समूहों को लाभ पहुंचेगा।

**समूह की महिलाओं को दी जाती है,टेनिंग**

जिला विकास अधिकारी देवेन्द्र सिंह ने बताया स्वयं सहायता समूह में कार्य करने वाली महिलाओं को कोई भी उत्पाद तैयार करने के लिए उन्हें निःशुल्क प्रशिक्षण दिलाया जाता है।

# एएनएम स्टाफ को क्षय रोग का पढ़ाया पाठ,100 दिवसीय सघन टीबी खोजी अभियान में बढ़ाए अपनी सहभागिता : डॉ राकेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**हापुड़।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार त्यागी के कुशल निर्देशन में एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह के नेतृत्व में पीपीसी कोठी गेट अस्पताल के सभागार में बुधवार को एएनएम स्टाफ को क्षय रोग के लक्षण उपचार व निदान के विषय में पाठ पढ़ाया गया।

पीपीसी कोठी गेट अस्पतालके चिकित्सा अधीक्षक डॉ राकेश कुमार यादव ने सभी एएनएम बहनों से जनपद में चल रहे सो दिवसीय सघन टीवी खोजी अभियान में अपनी सहभागिता बढ़ाने का निर्देश दिया।

जिला पी0 पी0 एम0 समन्वयक सुशील चौधरी द्वारा बताया कि उनके कार्य क्षेत्र में जितने भी उच्च जोखिम वाले व्यक्ति जैसे 60 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्ति अथवा कैंसर पीड़ित किडनी रोग से पीड़ित मधुमेह से पीड़ित या अन्य किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को आपको स्क्रीन करना है,यदि उसे व्यक्ति में क्षय रोग के लक्षण जैसे की दो सप्ताह से अधिक की खासी खांसी में बलगम आना बलगम में खून का आना छाती में दर्द रहना हल्का बुखार रहना भूख कम लगना वजन का घटना या शरीर के किसी अंग में गांठ का हो जाना आदि लक्षण पाए जाते हैं तो उसे व्यक्ति की बलगम जांच नाट मशीन द्वारा कराई जानी है,और यदि व्यक्ति में इस प्रकार के लक्षण नहीं पाए जाते हैं तो उसे व्यक्ति का एक्स-रे जांच करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जनपद की जनपद की कुल आबादी का 20 प्रतिशत उच्च जोखिम वाली जनसंख्या में चयनित किया गया है,यह सभी कार्य आने वाली 24 मार्च से पहले पूर्ण करा कर रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी जाएगी। 24 मार्च 2025 को विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का समापन होगा। इस अवसर पर वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक दीपक कुमार एवं टी0वी0एच0 वी नासिर अली,स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश व सहायक शोध अधिकारी ज्योति चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# रोजेदार मुबारक माह में गलत कार्यों को करने से बचें: मुफ्ती खालिद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मुफ्ती खालिद कासमी ने कहा कि अल्लाह ने रमजान का मुबारक महीना हमें इबादत करने को अता फरमाया है। वैसे तो इंसान को हर वक्त अल्लाह की इबादत

- **रमजान का मुबारक महीना इबादत करने को अता फरमाया है:मुफ्ती खालिद**
- **रमजान माह में अल्लाह की इबादत अधिक करे**

करनी चाहिए। क्योंकि अल्लाह ने इंसान को सिर्फ अपनी इबादत करने के लिए पैदा किया है। इसका मतलब ये नहीं,इंसान हर वक्त मस्जिद में पड़ा रहे। इबादत का अर्थ यह है,कि इंसान सुबह से शाम तक के सभी कामों में अल्लाह की मर्जी और चाहत को सामने रखें। मौलाना मुफ्ती



मुफ्ती खालिद कासमी

खालिद कासमी सराय बसारत अली स्थित मस्जिद में रोजेदारों के समक्ष तकरीर कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि वैसे तो इंसान को पूरी जिन्दगी अल्लाह की इबादत रखनी चाहिए,लेकिन रमजान माह में अल्लाह की जितनी इबादत की जाएं,उतनी कम है। क्योंकि इस माह में इबादत का सवाब और दिनों के फर्जों से अधिक होता है।

उन्होंने कहा कि रमजान माह में अल्लाह तआला सर्कश शैतानों को कैद कर देता है। जिस कारण वो इंसान को नहीं बहका सकते। लेकिन कोई इंसान ये ना सोचे,कि जब अल्लाह ताला शैतानों को कैद कर देता है,तो फिर इंसान इस माह में गलत काम क्यों करता है। बात है कि 11 महीने में गलत काम करते करते इतना पक्का हो जाता है कि एक महीने के लिए शैतान को बंद कर दिया जायें,तो भी कोई फर्क नहीं पड़ेंगा।

मौलाना कासमी ने कहा कि रमजान के मुबारक माह में अल्लाह की मर्जी और चाहत के साथ गुजरना चाहिए। हमें अगर इस महीने को अल्लाह की मर्जी के साथ गुजार दिया तो,फिर 11 माह गलत कार्यों से बचे रहेंगे। इसलिए रोजेदारों को इस माह में गलत कामों से जरूर बचना चाहिए। और किसी से लड़ाई झगड़ा नहीं करनी चाहिए।

# समाजसेवी दंपत्ति ने बच्चों में वितरित की स्टेशनरी व खाद्य सामग्री, नगर शिक्षा अधिकारी व प्रधानाध्यापिका को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**हापुड़।** नगर क्षेत्र में संचालित शिवा प्राथमिक पाठशाला में समाजसेवी दंपत्ति ने बच्चों को स्टेशनरी व खाद्य सामग्री वितरित की। जिससे पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

नगर के समाजसेवी अरूण अग्रवाल व उनकी पत्नी सविता अग्रवाल ने कलेक्टर गंज स्थित शिवा प्राथमिक पाठशाला में स्टेशनरी व खाद्य सामग्री वितरित कर बच्चों को शिक्षा के प्रति बच्चों को जागरूक भी किया। समाजसेवी अरूण अग्रवाल व सविता अग्रवाल ने कहा कि किसी को विद्या का दान सामग्री दान करना सबसे उत्तम कार्य तथा उत्तम दान है। जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई के लिए हम सभी को अपनी नेक कमाई से कुछ न कुछ जरूर योगदान डालना चाहिए। बच्चे हमारे देश का भविष्य है, इसलिए इनकी शिक्षा के प्रति हर आर्थिक मदद करना चाहिए। नगर शिक्षाधिकारी मनोज गुप्ता ने कहा कि समाजसेवियों के योगदान से शिक्षा के प्रति बच्चों में जागरूकता मिलती है। ऐसे प्रयास सराहनीय है। प्रधानाध्यापिका डॉ.सुमन अग्रवाल ने दंपत्ति का आभार जताते हुए कहा कि समाजसेवी के इस प्रयास से बच्चों में जागरूकता पैदा होगी।

समाजसेवी दंपत्ति ने नगर शिक्षा अधिकारी मनोज गुप्ता व प्रधानाध्यापिका डॉ सुमन अग्रवाल को शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने के लिए सम्मानित किया।

इस मौके पर शिक्षिका नीतू नारंग, डॉ हरजीत कौर, लक्ष्मी शर्मा, सुमन व सोनिया आदि मौजूद थी।

**Name changed**

I, Shabi Abbas S/o Mazhar Husain Rizvi R/o H.No-903 Qila Kohana, Guli Hapur U.P- 245101 have changed my minor Daughter name from Haniya to Haniya Zehra for all future purposes

**बाजारों पर चढने लगा होली का रंग**

## चाइनीज पिचकारियों व हर्बल गुलाल से पटने लगे बाजार

# मैजिक गुलाल गन बनी बच्चों व युवाओं की पहली पसंद, संस्थाओं द्वारा बनाई जाने लगी होली मिलन कार्यक्रमों की रूपरेखा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** रंगों का त्योहार होली निकट आते ही बाजार गुलाल,रंग व विभिन्न प्रकार की चाइनीज पिचकारियों से पटने लग गये है। बच्चे बाजारों में रंग,गुलाल व पिचकारियों की खरीददारी करते दिखाई दे रहे है। सामाजिक संस्थाएं ने भी होली मिलन कार्यक्रमों की रूपरेखा बनानी शुरू कर दी है।

जैसे जैसे होली का त्यौहार निकट आजा जा रहा है। वैसे वैसे ही बाजारों पर होली का रंग चढ़ता जा रहा है। अब होली के त्यौहार में एक सप्ताह का समय शेष है।

रंगों के त्योहार होली के बाजार में इस बार रंगों की वैरायटी जैसे सुगंधित गुलाल,कलर पेस्ट,गोल्डन सिल्वर,पिंक कलर,हर्बल गुलाल,चंदन हरा,होली गिफ्ट पैक,साधारण लाल पीला गुलाल के साथ-साथ फिरंगी गुलाल भी उपलब्ध है। इसके साथ साथ बाजार में साधारण,चाइनीज पिचकारियों के साथ इस बार मैजिक गुलाल





गन देखने को मिल रही है। जो बच्चों से लेकर बूढ़ों तक को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। पिचकारियों की कीमत सौ रुपये से लेकर 500 रुपये तक की कीमतों में उपलब्ध है।

गोल मार्केट स्थित राकेश किराना स्टोर स्वामी का कहना कि होली के निकट आते ही बाजार में रौनक बढ़ती जा रही है। बाजार में लोग खाद्य पदार्थों के साथ साथ रंगों के साथ साथ गुलाल व पिचकारियों की खरीददारी कर रहे है। इस बार बाजार में फिरंगी गुलाल व मैजिक गुलाल गन आई है। जो बच्चों की पहनी पसंद बनी हुई है।

वही दूसरी ओर होली के निकट आते ही सामाजिक संगठनों ने भी होली मिलन कार्यक्रमों की आयोजनों की रूपरेखा बना ली है। जिसके अनुसार होली से पूर्व व दुल्हेंडी के दिन होली मिलने कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। वहीं कुछ संस्थाएं होली मिलन कार्यक्रम आयोजित भी कर चुकी है। आगामी 9 मार्च को क्रीड़ा भारती द्वारा होली परिवार मिलन समारोह का आयोजन एलएन स्पोर्टस क्लब के परिसर में करने जा रही है।

**आर0एस0के0 इण्टर कॉलिज, सिम्भावली, हापुड़**

पत्रांक / प्रबन्ध / 2024-25 दिनांक 05.03.2025

**विज्ञाप्ति**

आर0एस0के0 इण्टर कॉलिज, सिम्भावली, हापुड में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं हेतु फर्नीचर (स्कूल डेस्क बैंच) कय के लिए निविदा आमन्त्रित की जाती है।

फर्नीचर (स्कूल डेस्क बैंच) कय हेतु निविदा फार्म प्राप्त करने की तिथि 11.03.2025 (प्रातः 10:00 से 05:00 बजे तक) है। निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म रू0 100/-का नगद / बैंक ड्राफ्ट का भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। बैक ड्राफ्ट प्रधानाचार्य, आर0एस0के0 इण्टर कॉलिज, सिम्भावली के नाम हापुड़ में देय होगा। निविदा की अन्तिम तिथि 12.03.2025 अपरान्ह्न 12:00 बजे के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

प्रधानाचार्य
आर0एस0के0 इण्टर कॉलिज,
सिम्भावली, (हापुड़)

सम्पादकीय

# तंबाकू सेवन एक वैश्विक स्वास्थ्य और आर्थिक संकट



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नेतृत्व में एक ऐसी संधि ने बीस साल पूरे कर लिए हैं, जिसका दुनिया भर में जन स्वास्थ्य को व्यापक लाभ मिला है। विश्व में फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन टोबैको कंट्रोल (एफसीटीसी) नामक यह संधि 27 फरवरी 2005 को हुई थी।

अब इसे इतिहास की ऐसी पहल के रूप में स्वीकार्यता मिल गई है जिसे न केवल व्यापक रूप से अपनाया गया है बल्कि जिसके अपेक्षित परिणाम भी सामने आए हैं। इस संधि की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसकी बदौलत लाखों लोगों की जान बचाने में कामयाबी मिली है। मानवता के लिए एक गंभीर संकट बन चुके तंबाकू के दुष्प्रभावों को कम करने में इस संधि की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

यह सर्वविदित है कि तंबाकू मानवता के लिए एक अभिशाप बन चुका है। यह दुनिया में कैंसर, टीबी जैसी बीमारियों और उनकी वजह से होने वाली मौतों कारण बन रहा है। तंबाकू के कारण हर साल लाखों लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 20 प्रतिशत हृदय रोगियों की मौत के लिए तंबाकू ही जिम्मेदार है। इसके अलावा यह सामाजिक एवं आर्थिक दबाव भी बढ़ाता है जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार अधिक प्रभावित होते हैं। संधि के तहत कई प्रभावी उपाय अपनाए गए हैं जिनका सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। वर्तमान में दुनिया के 138 देशों में सिगरेट के पैकेटों पर चेतावनियां दी जाती हैं, जिससे उपभोक्ताओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कई देशों में तंबाकू उत्पादों की पैकेजिंग को साधारण कर दिया गया है, जिससे ब्रांडिंग और आकषर्क डिजाइन की संभावनाओं को समाप्त करने में मदद मिली है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस संधि की बदौलत तंबाकू विज्ञापनों और प्रमोशन पर 66 से अधिक देशों में प्रतिबंध लगाया जा चुका है। सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों और अन्य बंद इमारतों में धूम्रपान निषेध से निष्क्रिय धूम्रपान के कारण होने वाले नुकसान को भी कम करने में मदद मिली है। इससे ऐसे लोगों का जीवन बचाने में सहायता मिली है, जो खुद सिगरेट का प्रयोग नहीं करते पर धूम्रपान करने वाले अन्य लोगों की वजह से इसका खतरा झेलते हैं। इसके परिणामस्वरूप, वि की एक चौथाई आबादी ऐसी नीतियों के दायरे में आ चुकी है, जिससे तंबाकू सेवन की प्रवृत्ति में गिरावट देखी गई है। डब्ल्यूएचओ ने संधि की 20 वीं वषर्गांठ के मौके पर कहा है कि तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाव पर केंद्रित यूएन संधि ने पिछले दो दशकों में लाखों-करोड़ों जिंदगियों की रक्षा करने में मदद की है। यह एक तथ्य है कि तंबाकू गैर संचारी रोगों का एक बड़ा कारण है जो न केवल असामयिक मौतों का कारण बनता है, बल्कि इससे प्रभावित लोग विकलागंता का भी शिकार हो सकते हैं। जो गरीब लोग तंबाकू जनित बीमारियों से पीड़ित होते हैं, उन पर इलाज का भारी बोझ पड़ता है। ऐसे लोग आम लोगों की तुलना में पोषक आहार से भी वंचित रहते हैं क्योंकि वह अपनी आमदनी का एक बड़ा हिस्सा महंगे तंबाकू उत्पादों पर खर्च कर डालते हैं। तंबाकू उत्पादन के लिए अत्यधिक जमीन एवं पानी की जरूरत पड़ रही है। अगर तंबाकू के प्रति लोग नकारात्मक रवैया अपनाएं तो इस जमीन व पानी का इस्तेमाल जरूरी खाद्यान्न के उत्पादन में किया जा सकता है। यदि तंबाकू का प्रचलन कम हो तो इन संसाधनों का उपयोग अधिक महत्त्वपूर्ण उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है।

# नशे के खिलाफ महत्वाकांक्षी युद्ध कारगर साबित हो



ललित गर्ग

पंजाब में आतंकवाद की ही तरह नशे एवं ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बनाई है, जिसके दुष्परिणाम पंजाब के साथ-साथ समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब की जनता को चुकानी पड रही है, देर आये दुरस्त आये की भांति लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के धंधे के खिलाफ आप सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध एवं अभियान शुरू किया है। तीन महीने के भीतर इस समस्या का खात्मा करने का सरकार दावा खोखला साबित न होकर सकारात्मक एवं प्रभावी परिणाम लाये, यह अपेक्षित है। इसी क्रम में विभिन्न सरकारी विभागों ने सैकड़ों छापे डाले, तीन सौ के करीब गिरफ्तारियां और बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई। निस्संदेह, यह कार्रवाई अभियान उग्र, आक्रामक व तेज है, लेकिन ऐसे अभियान चलाने के दावे विगत की भांति कोरा दिखावा न साबित हो, यह देखना जरूरी है। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र- गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। जरूरत है मान सरकार का नशा एवं नशे के कारोबार के खिलाफ जारी अभियान कामयाबी की नई इबारत लिखे। ताकि नशे के जाल में फंसे युवाओं एवं आमजन को बचाया जा सके।

ड्रग्स उपभोग के मामले में पंजाब की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बन गई है। पंजाब के 26 प्रतिशत युवा चरस, अफीम तथा कोकीन व हेरोइन जैसे सिंथेटिक ड्रग्स लेने में लिप्त हैं। इसमें शराब आदि का डाटा शामिल नहीं है। पंजाब देश में ड्रग्स में सर्वाधिक संलिप्त राज्यों में आता है। यह डाटा गतदिनों गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में ह्यमादक पदार्थों की तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षाह्व पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में सामने आया। पंजाब के बॉर्डर एरिया के गांवों व कस्बों में ही ड्रग्स की मार देखने को मिलती थी। सरकार नशे को खत्म करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और देखने को मिलती है। युवाओं की रगों में नशे का जहर घोला जा रहा है। बड़े शहर नशे के हॉट-स्पॉट बनते जा रहे हैं। बठिंडा, पटियाला, होशियारपुर, अमृतसर और लुधियाना जैसे बड़े शहरों में हालात चिंताजनक हैं। इसका असर प्रदेश की मौजूदा पीढ़ी पर ही नहीं, बल्कि आने वाली पुश्तों पर भी पड़ने लगा है। इस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या हम इस समस्या की जड़ पर प्रहार करने का कोई प्रभावी उपक्रम कर रहे हैं? दरअसल, इस संकट के मूल में जहां राजनीतिक जटिलताएं, सीमा से जुड़ी समस्याएं, पाकिस्तान के षडयंत्र हैं, वहीं युवाओं के लिये रोजगार से जुड़े विकल्पों की भी कमी है।



पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। अगर कोई पडोसी देश चाहे तो नशे के आतंक से देश को खत्म कर सकता है। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे सीमाओं की सुरक्षा होगी? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों है पंजाब सरकार?ह्व सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में ह्यड्रग्स-फ्री इंडियाह्व अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। विशेषतः पंजाब के युवा नशे की अंधी गलियों में धंसते जा रहे हैं, वे अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। ड्रग्स के सेवन से महिलाएं बांझपन का शिकार हो रही हैं। पुरुषों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। पंजाब में औसत हर रोज एक व्यक्ति की ड्रग्स की ओवरडोज के कारण मौत हो रही है। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने जीवन के अस्तित्व पर चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है।

पाकिस्तान नशे के आतंक से अपने मनसूबों को पूरा कर रहा है। चिकित्सकीय आधार पर देखें तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन, तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है। ये ऐसे उत्तेजना लाने वाले पदार्थ हैं, जिनकी लत के प्रभाव में व्यक्ति अपराध तक कर बैठता है। मामला सिर्फ स्वास्थ्य से नहीं अपितु अपराध से भी जुड़ा हुआ है। कहा भी गया है कि जीवन अनमोल है। नशे के सेवन से यह अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है या अपराध की अंधी गलियों में धंसता चला जाता है, पाकिस्तान युवाओं को निस्तेज करके एक नये तरीके के आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। पंजाब सरकार की ताजा सख्त कार्रवाई का संदेश नशा माफिया को जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जुड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है। इसके अलावा सीमा पार से चलाए जा रहे नशे के कारोबार के लिये पडोसी देश को भी कड़ा संदेश जाना चाहिए। नशे की तस्करी में तमाम आधुनिक साधनों का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि, बीएसएफ ने पहल करते हुए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए हैं। जिसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे हैं। पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए सीमा सुरक्षा को फुलप्रूफ करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिये। जिसमें उच्च तकनीक व विभिन्न एजेंसियों में बेहतर तालमेल की जरूरत है।

पंजाब पुलिस की नशे से जुड़े आतंकवदी तंत्र की जांच करने की सीमित क्षमता है, खासकर, इस समस्या का मुकाबला करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकीय एवं वैज्ञानिक उपकरणों की उसके पास कमी है। पंजाब में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि पंजाब ह्यनशीले पदार्थों की राजनीतिह्व के युग से गुजर रहा है। इसलिये भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। प्रदेश की मौजूदा सरकार ने भी सत्ता संभालते ही दो साल के अंदर ड्रग्स का खात्मा करने का एलान किया था, लेकिन जो हालात आज से दो साल पहले थे, वह जस के तस बने हुए हैं। इससे प्रतीत होता है कि सरकार एवं ड्रग्स माफिया का चोली दामन का संबंध है। जिससे समय के साथ प्रदेश में ड्रग्स का चलन बढ़ा है। प्रदेश में हेरोइन, अफीम, गांजा, चरस के अलावा अन्य नशों के साथ कैप्सूल और नशीली दवाइयों का चलन बढ़ने लगा है। अकेले एसटीएफ ने पंजाब भर में अलग-अलग जगहों पर छापामारी कर 2 करोड़ 68 लाख 77 हजार 596 कैप्सूल व नशीली दवाइयां पकड़ी हैं। कैप्सूल और नशीली दवाइयों का चलन ज्यादातर फरीदकोट, बठिंडा और पटियाला क्षेत्र में बढ़ा है।

पूर्व सरकारों ने जो दावे किए वे प्रभावहीन ही रहे हैं। वर्ष 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने चार हफ्ते में नशे के कारोबार को खत्म करने का वादा किया था। इससे पहले बादल के नेतृत्व वाली अकाली सरकार की भी नशे के खिलाफ शुरू की गई लड़ाई सिरे नहीं चढ़ सकी। दरअसल, नशे के कारोबार से जुड़े बड़े माफिया के खिलाफ कारगर कार्रवाई न हो सकने के कारण ये अभियान प्रभावी नहीं हो पाते। आखिर क्या वजह है कि भारी पुलिस व्यवस्था के बावजूद नशीली दवाओं की बड़ी खेप पंजाब में आसानी से प्रवेश कर जाती है। जो व्यवस्थागत संरचनात्मक मुद्दों की खामियों की ओर इशारा करती है। दरअसल, दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बिना कोई भी कार्रवाई स्थायी परिवर्तन लाने में विफल ही रहेगी। सीमा पर सख्त नियंत्रण करने, न्यायिक दक्षता और समाज को जागरूक करने की जरूरत है। केन्द्र एवं राज्य सरकार मिलकर नासूर बनती इस समस्या को जड़मूल से समाप्त करने के लिये कमर कसे। वैसे नशे को समाप्त करने के महत्वाकांक्षी युद्ध में आप सरकार विजयी होती है तो यह उसकी बड़ी सफलता होगी।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**



प्रियंका सौरभ

# कम नहीं है त्रिभाषा नीति के पालन में आने वाली चुनौतियाँ

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 बहुभाषी शिक्षा को बढ़ाने और भाषाई विविधता की सुरक्षा के उद्देश्य से त्रि-भाषा ढांचा प्रस्तुत करती है। आठवीं अनुसूची में मान्यता प्राप्त 22 आधिकारिक भाषाओं और बोलियों की समृद्ध विविधता के साथ, क्षेत्रीय आवश्यकताओं और राष्ट्रीय एकता के बीच संतुलन हासिल करना काफी चुनौतीपूर्ण है। गैर-हिंदी भाषी राज्यों की चिंताएँ कथित भाषाई प्रभुत्व से सम्बंधित मुद्दों और इस नीति को कार्यान्वित करने में व्यावहारिक कठिनाइयों पर जोर देती हैं। त्रि-भाषा नीति का लक्ष्य बहुभाषिकता को प्रोत्साहित करना है, जिससे राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा और भारत का भाषाई परिदृश्य समृद्ध होगा। उदाहरण के लिए, उत्तर भारतीय स्कूलों में तमिल पढ़ाने से सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा मिल सकता है और क्षेत्रीय अंतर को पाटने में मदद मिल सकती है। बहुभाषिकता को अपनाने से न केवल संज्ञानात्मक क्षमताएँ, समस्या समाधान कौशल और रचनात्मकता बढ़ती है, बल्कि समग्र शैक्षणिक सफलता भी बढ़ती है। अनेक भाषाओं, विशेषकर क्षेत्रीय भाषाओं में दक्षता से सरकारी नौकरियों, अनुवाद और पर्यटन में विभिन्न कैरियर के रास्ते खुलते हैं। इसके अलावा, कूटनीति और बहुराष्ट्रीय निगमों में पदों के लिए बहुभाषी कौशल अक्सर आवश्यक होते हैं। नीति में यह अनिवार्य किया गया है कि सीखी जाने वाली कम से कम दो भाषाएँ भारत की मूल भाषाएँ हों, जिससे देश की भाषाई विरासत और साहित्य का संरक्षण हो सके। भारत की शास्त्रीय और क्षेत्रीय भाषाई परंपराओं को बनाए रखने के लिए संस्कृत, बंगाली, तेलुगु और मराठी जैसी भाषाओं का प्रचार-प्रसार अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। हालाँकि, तमिलनाडु, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य इस नीति को हिन्दी को धीरे-धीरे थोपने की नीति के रूप में देखते हैं। चूंकि शिक्षा एक समवर्ती विषय है, इसलिए केंद्रीकृत भाषा सीखने की नीति लागू करना संघीय सिद्धांतों के लिए चुनौतियाँ उत्पन्न करता है। तमिलनाडु सरकार ने एनईपी 2020 की तीन-भाषा आवश्यकता का पालन नहीं करने का विकल्प चुना है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य के लिए समग्र शिक्षा अभियान के तहत वित्त पोषण में देरी हो रही है। इसके अतिरिक्त, कई राज्यों को इन अतिरिक्त भाषाओं के लिए योग्य शिक्षकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे सरकारी स्कूलों में कार्यान्वयन जटिल हो रहा है। उदाहरण के लिए, ओडिशा और केरल के स्कूलों को सीमित उपलब्धता के कारण हिन्दी शिक्षकों को ढूँढने में संघर्ष करना पड़ रहा है। अतिरिक्त भाषा पाठ्यक्रम शुरू करने से भी छात्रों पर दबाव बढ़ सकता है, जिससे गणित जैसे आवश्यक विषयों में उनकी दक्षता प्रभावित हो सकती है।

## गुरुवार का राशिफल

**मेष** — किसी से सहायता की उम्मीद है तो निराश रहेंगे, संतान के कार्य हेतु धन की जरूरत पड़ेगी, नशे की लत से बचे। भाग्य प्रतिशत-49

**वृषभ** — लोगों से मिलना जुलना होगा, मित्रता आगे बढ़ने में साथ देगी, ज्यादा महँगी शिक्षा के लिए धन का प्रबन्ध करना पड़ेगा।
भाग्य प्रतिशत-64

**मिथुन** — कार्य व्यवसाय करते समय ध्यान रखे, किसी रोग की जद में आ सकते है, सरकारी कार्य करना पड़ेगा।
भाग्य प्रतिशत-50

**कर्क** — परिवार से दूरी सम्भव है, छोटी यात्रा का योग है, व्यवसाय में लाभ मिलेगा, अधिकारियों का ऑर्डर मान ले।
भाग्य प्रतिशत-58

**सिंह** — दांत,आँख रोग सम्भव है, करियर में उन्नति के लिए प्रयत्नशील रहेंगे, स्त्रियों को मेडिकल ट्रीटमेंट लेना पड़ेगा।
भाग्य प्रतिशत- 56

**कन्या** — धार्मिक,अधार्मिक प्रवृत्ति रहेगी, किसी मामले में जिद करेंगे, परिश्रम और भागदौड़ बढेगी।
भाग्य प्रतिशत-50

**तुला** — बैंकिंग, सॉफ्टवेयर, मार्केटिंग कार्य में परिश्रम बढ़ेगा, खर्चे पर नियंत्रण रखें, औषधि कार्य से लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत-55

**वृश्चिक** — सेहत प्रभावित रहेगी, कार्य भी मेनेज करना पड़ेगा, माँ का ध्यान रखें, आर्थिक प्रगति रुक सकती है।
भाग्य प्रतिशत-52

**धनु** — सरकारी परीक्षा की तैयारी ना रोके, नया कार्य कम पैसों में मिल सकता है, गुरु की सेवा से लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-59

**मकर** — संबंधों का लाभ मिलेगा, व्यवसाय में अल्प प्रगति होगी, कला पक्ष से आजीविका चलेगी।
भाग्य प्रतिशत-62

**कुंभ** — घर से जुड़े कार्य में व्यस्त रहेंगे, सरकारी परीक्षा की तैयारी में प्रगति होगी, गठिया रोग बढ़ सकता है।
भाग्य प्रतिशत-65

**मीन** — जीवनसाथी की देखभाल करें, स्लिप डिस्क एवं पथरी रोग है तो ध्यान रखे, लेखन, टीचिंग कार्य चलेगा।
भाग्य प्रतिशत-62



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# पावन होली के दौरान बालों तथा त्वचा की देखभाल

होली का त्यौहार खुशियों ,मस्ती ,रोमांच तथा उत्साह लेकर आता है, लेकिन रंगों के इस त्यौहार को हम सब लोग उत्साह से मनाने के साथ ही रंग खेलने के साथ ही रंग छुड़ाने , त्वचा एवं बालों को हुए नुकसान को लेकर भी टेंशन में रहते हैं क्यों कि " बुरा न मानो होली है" कहकर रंग फेंकने बाले अल्हड़ युवक युवतियों की टोलियां पिचकारी ,गुब्बारों ,डाई वा गुलाल में बाजार में बिकने बाले जिन रंगों का प्रयोग करते हैं उनमें माइका ,लेड जैसे हानिकारक रसायनिक मिले होते हैं जिससे बाल तथा त्वचा रूखी एवं बेजान हो जाती है , बल झड़ना शुरू हो जाते हैं तथा त्वचा में जलन एवं खारिश शुरू हो जाती है , आज के युग में बाजार में बिकने बाले रंगों में हर्बल तथा प्राकृतिक उत्पाद नाममात्र ही होते हैं, लेकिन ऐसे में आप घर पर छुप कर कतई न बैठें ,अगर आप कॉलोनी के पार्क में खुशनुमा माहौल में दिल खोल कर होली खेलना चाहते हैं तो जमकर रंग खेलने के बाद चुटकियों में रंग छुड़ाने के तरीके बता रही हैं सौंदर्य बिशेष्ज्ञ शहनाज हुसैन

होली का त्यौहार ज्यादातर खुले आसमान में खेला जाता है जिससे सूर्य की गर्मी से भी त्वचा पर विपरित प्रभाव पड़ता है। खुले आसमान में हानिकाक यू.वी. किरणों के साथ-साथ नमी की कमी की वजह से त्वचा के रंग में कालापन आ जाता है। होली खेलने के बाद त्वचा निर्जीव बन जाती है। होली के पावन त्यौहार में अपनी त्वचा की रक्षा के लिए होली खेलने से 20 मिनट पहले त्वचा पर 20 एस.पी.एफ. सनस्क्रीन का लेप कीजिए। यदि आपकी त्वचा पर फोडे, फन्सियां आदि है तो 20 एसस.पी.एफ. से ज्यादा दर्ज की सनस्क्रीन का उपयोग करना चाहिए। ज्यादातर सनस्क्रीन में माइस्चराईजर ही विद्यमान होता है। यदि आपकी त्वचा अत्याधिक शुष्क हैं तो पहले सनस्क्रीन लगाने के बाद कुछ समय इंतजार करने के बाद ही त्वचा पर माइस्चराईजर का लेप करें।

आप अपनी बाजू तथा सभी खुले अंगों पर माईस्चराइजर लोशन या क्रीम का उपयोग करें। होली खेलने से पहले सिर में बालों पर हेयर सीरम या कंडीशनर का उपयोग करें। इससे बालों को गुलाल के रंगों की वजह से पहुंचने वाले सुखेपन से सुरक्षा मिलेगी तथा सूर्य की किरणों से होने वाले नुकसान से भी बचाव मिलेगा। आजकल बाजार में सनस्क्रीन सहित हेयर क्रीम आसानी से उपलब्ध हो जाती है। थोड़ी से हेयर क्रीम लेकर उसे दोनों हथेलियों पर फैलाकर बालों की हल्की-हल्की मालिश करें। इसके लिए आप विशुद्ध नारियल तेल की बालों पर मालिश भी कर सकते है। इससे भी रसायनिक रंगों से बालों को होने वाले नुकसान को बचाया जा सकता है।

होली के रंगों से नाखूनों को बचानें के लिए नाखूनों पर नेल वार्निश की मालिश करनी चाहिए। होली खेलने के बाद त्वचा तथा बालों पर जमें रंगों को हटाना काफी मुश्किल कार्य है। उसके लिए सबसे पहले चेहरे को बार-बार साफ निर्मल जल से धोएं तथा इसके बाद कलीजिंग क्रीम या लोशन का लेप कर लें तथा कुछ समय बाद इसे गीले काटन वूल से धो डाले। आंखों के इर्द गिर्द के क्षेत्र को हल्के-हल्के साफ करना न भूलें। क्लीजिंग जैल से चेहरे पर जमें रंगों को धुलने तथा हटाने में काफी मदद मिलती है। अपना घरेलू क्लीनजर बनाने के लिए आधा कप ठण्डे दूध में तिल, जैतून, सूर्यमुखी या कोई भी वनस्पति तेल मिला लीजिए। काटन वूल पैड को इस मिश्रण में डूबोकर त्वचा को साफ करने के लिए उपयोग में लाऐं। शरीर से रसायनिक रंगों को हटाने में तिल के तेल की मालिश महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। इससे न केवल रसायनिक रंग हट जाऐंगे बल्कि त्वचा को अतिरिक्त सुरक्षा भी मिलेगी।



शहनाज हुसैन

तिल के तेल की मालिश से सूर्य की किरणों से हुए नुकसान की भरपाई में मदद मिलती है। नहाते समय शरीर को लूफ या वाश कपड़े की मदद से स्क्रब कीजिए तथा नहाने के तत्काल बाद शरीर तथा चेहरे पर माइस्चराईजर का उपयोग कीजिए। इससे शरीर में नमी बनाए रखने में मदद मिलेगी।

यदि त्वचा में खुजली है तो पानी के मग में दो चम्मच सिरका मिलाकर उसे त्वचा पर उपयोग करें तथा इससे खुजली खत्म हो जाऐगी। इसके बाद भी त्वचा में खुजली जारी रहती है तथा त्वचा पर लाल चकत्ते तथा दाने उभर आते है तो आपकी त्वचा को रंगों से एलर्जी हो गई तथा इसके लिए आपको डाक्टर से आवश्यक सलाह मशवरा जरूर कर लेना चाहिए। बालों को साफ करने के लिए बालों में फंसे सुखे रंगों तथा माईका को हटाने के लिए बालों को बार-बार सादे ताजे पानी से धोते रहिए। इसके बाद बालों को हल्के हर्बल शैम्पू से धोएं तथा उंगलियों की मदद से शैम्पू को पूरे सिर पर फैला लें तथा इसे पूरी तरह लगाने के बाद पानी से अच्छी तरह धो डालिए।

बालों की अंतिम धुलाई के लिए बियर को अन्तिम हथियार के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। बीयर में नीबूं का जूस मिलाकर शैम्पू के बाद सिर पर उडेल लें। इसे कुछ मिनट बालों पर लगा रहने के बाद साफ पानी से धो डालें।

होली के अगले दिन दो चम्मच शहद को आधा कप दही में मिलाकर थोड़ी सी हल्दी में मिलाए तथा इस मिश्रण को चेहरे, बाजू तथा सभी खुले अंगों पर लगा लें। इसे 20 मिनट लगा रहने दें तथा बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। इससे त्वचा से कालापन हट जाएगा तथा त्वचा मुलायम हो जाएगी। होली के अगले दिनों के दौरान अपनी त्वचा तथा बालों को पोषाहार तत्वों की पूर्ति करें। एक चम्मच शुद्ध नारियल तेल में एक चम्मच अरण्डी का तेल मिलाकर इसे गर्म करके अपने बालों पर लगा लीजिए। एक तौलिए को गर्म पानी में भीगों कर पानी को निचोड दीजिए तथा तौलिए को सिर पर लपेट लीजिए तथा इसे 5 मिनट तक पगड़ी की तरह सिर पर बंधा रहने दीजिए। इस प्रक्रिया को 4-5 बार दोहराईए इसे खोपड़ी पर तेल को जमने में मदद मिलती है। एक घण्टा बाद बालों को साफ ताजे पानी से धो डालिए।

**लेखिका - अर्न्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ है तथा हर्बल क्वीन के नाम से लोकप्रिय है।**

## महिला दिवस के अवसर पर अंशुमन गर्ग जेल अधीक्षक के आदेशानुपालन में महिला सप्ताह मनाया जा रहा है

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** जिला कारागार मथुरा में महिला दिवस के अवसर पर श्री अंशुमन गर्ग जेल अधीक्षक के आदेशानुपालन में महिला सप्ताह मनाया जा रहा है। उक्त का शुभारम्भ 4 मार्च को सुबह 11:30 बजे इनरव्हील क्लब वृन्दावन की सदस्य बहनों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उनके द्वारा महिला बंदियों के लिए इनडोर खेल प्रतियोगिता कराई गई। इसी क्रम में आज 5 मार्च को दोपहर 1:00 बजे श्रीमती सुनीता सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष माँ रक्षा दल अन्य सदस्य बहनों के साथ मिलकर कारावास में रह रही माताओं-बहनों के लिए दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री, बिस्किट, नमकीन, महिलाओं के श्रृंगार का सामान एवं एनरवेयर वितरित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती सुनीता सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष माँ रक्षा दल, भावना चौहान, उपाध्यक्ष एवं अंकिता चौहान कोषाध्यक्ष एवं महिला बैरिक प्रभारी डिप्टी जेलर सुश्री करुणेश व अन्य महिला कार्मिक उपस्थित रही।

## बरसाना में डीएम ने अधीनस्थों के साथ किया श्रमदान, मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** जिलाधिकारी ने आज बरसाना की लठमार होली में 7 मार्च को मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।अधीनस्थों के साथ हेलीपेड का जायजा लिया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण को निर्देश दिए कि हेलीपेड के सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि स्विस कॉटेज का निरीक्षण करे तथा उत्कृष्ट साफ सफाई रखे।इसके पश्चात जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उप जिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी ने गोवर्धन वाले पुल पर हो रही साफ सफाई को लेकर अवर अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि पुल के दोनों तरफ पेंटिंग की जाए तथा दोनों ओर साफ सफाई सुनिश्चित करें। इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर रितु सिरोही को निर्देश दिए कि अपनी देख रख में साफ सफाई बेहतर कराएं, जहां धूल उड़ रही हो वहां पर पानी का छिड़काव करवाया जाए।जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने रोप वे पर पहुंच कर व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी, डिप्टी कलेक्टर, ईओ एवं सफाई कर्मियों के साथ रोप वे पर साफ सफाई की और रोप वे की नाली स्वयं जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने साफ की। रोप वे पर गंदगी मिलने पर रोप वे स्वामी को नोटिस दिया गया। इसके बाद जिलाधिकारी सहित पूरी टीम ने रोप वे के ऊपर ब्राह्मचंल पहाड़ी पर साफ सफाई की और झाड़ू लगाया गया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने श्रमदान करते हुए पॉलिथिन, पानी को बोतल, पान मसाले के पैकेट, पानी के पाउच आदि को अपने हाथों से उठाकर स्वयं कूड़े को डस्टबिन में डाला। श्री राधारानी जी मंदिर पर साफ सफाई व्यवस्था को परखा, मंदिर के आस पास साफ सफाई की, रंगाई पुताई आदि के लिए ईओ को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सफाईकर्मियों का हौसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने श्री राधा बिहारी इंटर कालेज में चल रहे कार्यों को देखा। उन्होंने मंच, पंडाल, आवागमन मार्ग, पंडाल के आस पास साफ सफाई आदि को देखा। डीएम ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को पेड़ों को भी सजूने व सड़कों पर बने फुटपाथ दीवार आदि पर भी पेंट कराए जाने के निर्देश दिए।



इन्हो ने किया श्रमदान मथुराअपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, उप जिलाधिकारी गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर रितु सिरोही, ऊषा सिंह, तहसीलदार गोवर्धन मनीष कुमार, ईओ कल्पना वाजपेई , चेयरमैन प्रतिनिधि पदम फौजी, देवेंद्र शर्मा, शरद शर्मा, नारायण सिंह आदि ने श्रमदान किया।

## जिला वृक्षारोपण एवं जिला गंगा सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न, वर्ष 2025-26 में विभागवार लक्ष्य निर्धारित कर अधिकारियों को पौध तैयार करने एवं स्थल चयन के दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ (मनोज चौहान)।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण एवं जिला वृक्षारोपण समिति के साथ ही जिला गंगा सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्ष 2025-26 में कराए जाने वाले वृक्षारोपण के लिए शासन द्वारा विभागवार लक्ष्य आवंटित कर दिया गया है। उन्होंने डीएफओ को निर्देशित कि आवंटित लक्ष्य के अनुरूप अन्तर्विभागीय समन्वय से स्थल चयन कराते हुए पौध तैयार कराई जाए। उन्होंने सघन वृक्षारोपण तकनीक की जानकारी सभी अधिकारियों को सुनिश्चित कराने के लिए उनको प्रशिक्षित किए जाने के भी निर्देश दिए।डीएम ने डीडीओ को निर्देशित किया कि जिले के सभी 852 ग्रामों में मनरेगा पार्क बनाए जाएं जो कम से कम लगभग 2000 वर्गमीटर (आधा एकड़) क्षेत्रफल में हो। उन्होंने मनरेगा पार्कों के साथ ही ग्रामों में फलदार पौधे रोपित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगरीय क्षेत्रों में भी सिटी फॉरेस्ट विकसित किए जाने के संबंध में एडीएम प्रशासन को पौधरोपण की सभी तैयारियां समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। डीएम ने जैव विविधता समिति एवं आर्द्र भूमि समिति की गठन जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिए। जिले में अवस्थित वाटर बॉडीज के चिन्हांकन को सीडीओ प्रखर कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थल चयन के उपरांत यह सुनिश्चित किया जाए कि पौधे अनिवार्य रूप से लग जाएं। उन्होंने प्रत्येक ग्राम में हरित चैपाल आयोजन के संबंध में रोस्टर जारी कर प्रत्येक शुक्रवार को चैपाल आयोजित कराने के निर्देश दिए।



## बेटे को पेपर दिलाने गए पिता को थानेदार ने जेल भेजा, एसएसपी ने किया लाइन हाजिर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** मथुरा में एक पिता को बेटे को हाईस्कूल परीक्षा दिलाने जाना भारी पड़ गया। थाना प्रभारी मगोर्रा ने उन्हें झूठे मामले में जेल भिजवा दिया। मामले में भाजपा मंडल अध्यक्ष की शिकायत के बाद कार्यवाही हुई। घटना 24 फरवरी को असगरपुर निवासी नेत्रपाल सिंह अपने बेटे रवि कुमार को हरिमुख इंटर कॉलेज में हाईस्कूल का पेपर दिलाने गए थे। वह कॉलेज के पास एक पेड़ के नीचे बैठे थे। इसी दौरान थाना प्रभारी मोहित तोमर पुलिस टीम के साथ वहां पहुंचे। थाना प्रभारी ने नेत्रपाल से पेड़ के नीचे बैठने का कारण पूछा। नेत्रपाल ने पूरी बात बताई। फिर भी थाना प्रभारी उन्हें थाने ले गए। वहां उन पर 300 ग्राम गांजा रखने का आरोप लगाकर गिरफ्तार कर लिया गया। कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया। परीक्षा खत्म होने के बाद रवि को मौके पर पिता नहीं मिले। जब पता चला कि उन्हें जेल भेज दिया गया है।तो उसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी से मदद मांगी। चौधरी ने समाज कल्याण मंत्री से शिकायत की मंत्री के निर्देश पर एसएसपी ने सीओ गोवर्धन से जांच कराई। जांच में थाना प्रभारी दोषी पाए गए। एसएसपी ने मंगलवार को उन्हें तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया।





## होली पर धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत के साथ स्वच्छता का संदेश देगा बरसाना, डीएम ने लगाई झाड़ू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** बरसाना की प्रसिद्ध लड्डू मार और लट्ठ मार होली को लेकर जिलाधिकारी काफी गंभीर है। बुधवार सुबह उन्होंने दलबल के साथ बरसाना पहुंचकर अपने हाथों से झाड़ू लगा कर स्वच्छता बनाए रखने का आवाहन किया। जिलाधिकारी सीपी सिंह अधिकारियों कर्मचारियों के साथ प्रातः 7 बजे के आसपास बरसाना कस्बा पहुंचे। वहां उन्होंने राधा रानी मंदिर के लिए जाने वाले रोप-वे के आसपास तथा परिक्रमा मार्ग पर बड़े पैमाने पर स्वयं अपने हाथों से सफाई की।

कुंभ के बाद अब उत्तर प्रदेश में परम्परागत तौर पर पहला धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन मथुरा में होने जा रहा है। बरसाना की होली के रूप में होने जा रहे परम्परागत इस आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण की यह भूमि मुख्यमंत्री और देश विदेश से आ रहे लाखों श्रद्धालुओं को धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत के साथ स्वच्छ वातावरण का भी संदेश देते हुए नजर आएगी।

कुंभ के बाद लोगों का रुख एक बार फिर ब्रज की ओर है। यहाँ अब होली की धूम है। इस बार बरसाना में सात मार्च को लड्डू होली और आठ मार्च को लठा मार होली है। सात मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बरसाना में होंगे। ऐसे में स्वच्छ ब्रज की छवि मुख्यमंत्री और होली के लाखों मतवाले के दिलों में उतारने के लिए जिलाधिकारी सीपी सिंह ने मोर्चा संभाल लिया है। बुधवार को जिलाधिकारी सुबह के वक्त ही बरसाना पहुँच गए। उन्होंने विभिन्न अधिकारियों के साथ स्वच्छ्ता का अभियान छेड़ दिया।



उन्होंने रोप-वे साइट पर खुद सफाई की। यहाँ श्रद्धालुओं द्वारा छोड़ी गई फूल माला को उन्होंने हटाया। सफाई का यह अभियान दिन भर जारी रहा। श्रीजी मंदिर से जुड़े रास्ते, मंदिर के आसपास का क्षेत्र, रोपवे स्थल पर सफाई की। डीएम सीपी सिंह को सफाई करते देख श्रद्धालु भी कूड़ा फेंकने में सहमे नजर आए।

जिलाधिकारी सीपी सिंह ने लोगों से ब्रज के प्रमुख होली उत्सव पर स्वच्छ्ता में सहयोग करने की अपील भी की। कहा कि ब्रज भूमि आध्यात्मिक और सास्कृतिक स्थली है। यहां देश ही नहीं विदेशों से भी लोग आते हैं। हमें उन्हें स्वच्छ ब्रज भूमि का अहसास कराना है, जिससे वह फिर लौटकर यहाँ आए, जिससे स्थानीय लोगों का रोजगार भी बढ़ेगा ।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सफाई कार्य के उपरांत हेलीपेड का जायजा लिया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण को निर्देश दिए कि हेलीपेड के सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम किए जाएं, हेलीपेड के आस पास गंदगी न रहे तथा हेलीपैड के आस पास पानी का छिड़काव कराया जाए। उन्होंने कहा कि स्विस कॉटेज का निरीक्षण करे तथा उत्कृष्ट साफ सफाई रखे।

जिलाधिकारी ने गोवर्धन वाले पुल पर हो रही साफ सफाई को लेकर अवर अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि पुल के दोनों तरफ पेंटिंग कराकर दोनों ओर साफ सफाई सुनिश्चित करें। इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर रितु सिरोही को निर्देश दिए कि अपनी देख रख में साफ सफाई बेहतर कराएं, जहां धूल उड़ रही हो वहां पर पानी का छिड़काव करवाया जाए। सड़क के दोनों किनारों से पॉलिथिन, कपड़े, पान मसाले के पैकेट आदि को उठवाकर बाहर फेंका जाए। जिलाधिकारी ने श्री राधारानी जी मंदिर पर साफ सफाई व्यवस्था को परखा, मंदिर के आस पास साफ सफाई की, रंगाई पुताई आदि के लिए ईओ को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सफाईकर्मियों का हौसला बढ़ाया और कहा के हम और आप एक ही इंसान हैं हम दोनों में कोई अंतर नहीं है आप हम सब लोग मिलकर ब्रज की सेवा करेंगे। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय उप जिलाधिकारी गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव डिप्टी कलेक्टर रितु सिरोही, ऊषा सिंह तहसीलदार गोवर्धन मनीष कुमार ईओ कल्पना वाजपेई चेयरमैन प्रतिनिधि पदम फौजी स्टेनो देवेंद्र शर्मा शरद शर्मा नारायण सिंह आदि ने श्रमदान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अजेय भारत, विजयी भारत, गर्वित भारत

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ।** चैम्पियन ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को पराजित कर फाइनल में प्रवेश करने पर भारतीय क्रिकेट टीम के सभी खिलाड़ियों और समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई टीम इंडिया ने न केवल जीत दर्ज की, बल्कि अपने कौशल, धैर्य और अदम्य जज्बे से करोड़ों भारतीयों का दिल भी जीत लिया। यह प्रदर्शन भारतीय क्रिकेट के गौरवशाली सफर की एक और ऐतिहासिक कड़ी है।

### क्लस्टर सुविधा ईकाई एवं भौगोलिक उपदर्शन समिति की बैठक 10 को

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में गठित जिलास्तरीय क्लस्टर सुविधा ईकाई अलीगढ़ एवं भौगोलिक उपदर्शन समिति की बैठक 10 मार्च को अपरान्ह 12:30 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में आहुत की जाएगी।मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बैठक के एजेण्डानुसार निर्धारित समयावधि में अपने विभाग से संबंधित सूचनाओं सहित बैठक में स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

### 07 मार्च को कलैक्ट्रेट में दिशा की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** सांसद सतीश गौतम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय ग्रामीण विकास कार्यक्रम की जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 07 मार्च को पूर्वान्ह 11:00 बजे से नवीन सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित की जायेगी।मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने बताया कि बैठक में महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना, दीनदयाल अन्तयोदय योजना, डीडीयू-जीकेवाई, पी0एम0जी0एस0वाई, राष्ट्रीय समाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना व विकास कार्य की समीक्षा की जायेगी।

### गोरई मार्ग पर ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक सवारों को रौंदा,अधेड़ की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गोरई/ इगलास।** कोतवाली क्षेत्र के इगलास-गोरई मार्ग पर आलू भरे हुए ट्रैक्टर ट्रॉली के चालक ने बाइक सवार दो लोगों को अपनी चपेट में लेकर बुरी तरह रौंद दिया। दुर्घटना में एक अधेड़ की मौके पर मौत हो गयी जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँची पुलिस ने गंभीर घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा तथा मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि गांव छैंछऊ निवासी जगबीर सिंह उर्फ जग्गो उम्र 50 वर्ष अपनी बाइक से साथी रजुआ नगला निवासी सत्यप्रकाश के साथ निजी कार्य से सोमवार को इगलास गए थे। रात्रि करीब 8 बजे वह काम समाप्त कर वापास लौट रहे थे कि हरौथा मंदिर के निकट सामने से आ रहे आलू से लदे हुए टैक्टर ट्रॉली के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें जगवीर सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी ।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से टीबी उन्मूलन के प्रति किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**अलीगढ़ (मनोज चौहान)।** मंविवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने सामुदायिक रेडियो नारद 90.4 एफएम, स्वयंसेवी संस्था स्मार्ट के संयुक्त तत्वावधान में गांव पिसावा में 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक किया। जिसे प्रो. प्रदीप कुमार ने लिखा एवं निर्देशित किया।रेडियो नारद की टीम ने गांव पिसावा में टीबी उन्मूलन पर आधारित नुक्कड़ नाटक टीबी और बीवी का मंचन किया। जिसमें उन्होंने टीबी के लक्षणों तथा इलाज की प्रक्रिया को समझाया। विद्यार्थियों ने टीबी जैसे गंभीर विषय पर हास्य के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिसे लोगों ने खूब सराहा। प्रो. प्रदीप कुमार ने बताया कि रेडियो नारद और स्मार्ट एनजीओ साथ मिलकर जागरूकता अभियान चला रहे हैं जिसके तहत रेडियो पर कार्यक्रम प्रसारित करने के साथ संगोष्ठीयां, रैली, घर घर अभियान, नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जा रहे हैं। आरजे वीर प्रताप सिंह ने कहा कि क्षय रोग के उन्मूलन में सामूहिक प्रयास जरूरी है। ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना की। आयोजन में वंश, आद्रिका, यश जयसवाल, लवकुश, पूजा सिंह, सोमी, आदित्य, सुभा, विकास, नरेंद्र, युवराज, क्षमा का योगदान रहा।

## एडीएम सिटी ने शहर में सुव्यवस्थित यातायात के लिए क्वार्सी चैराह एवं बुद्ध विहार बस स्टैण्ड पर चलाया अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**क्वार्सी चैराहे पर 20 ई-रिक्शा वाहनों को क्वार्सी थाने में कराया निरूद्ध**

**अलीगढ़ (मनोज चौहान)।** अपर जिलाधिकारी नगर अमित कुमार भट्ट के नेतृत्व में संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), नगर निगम, यातायात निरीक्षक, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) एवं यात्रीकर अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा बुधवार को क्वार्सी चैराहे पर अवैध रूप से, नाबालिगों द्वारा एवं बिना लाईसेन्स के संचालित ई-रिक्शा वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाया गया। अभियान में 20 ई-रिक्शा वाहनों को क्वार्सी थाने में निरूद्ध किया गया। एडीएम सिटी ने बताया कि यह अभियान आगे भी निरन्तर जारी रहेगा। विगत कई दिनों से बुद्ध विहार बस स्टैण्ड के बाहर से बहुत से अनाधिकृत वाहन संचालित होने की शिकायत पर एडीएम सिटी के नेतृत्व में बुद्ध विहार बस स्टैण्ड के बाहर चेकिंग कार्यवाही की गयी, जिसमें 2 अनाधिकृत रूप से संचालित बसों के चालान किये गये और एक बस को निरूद्ध किया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ने बताया कि इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी प्रचलित रहेगी।







**आर्थिक सहयोग** | अनुसूचित जाति जनजाति कांग्रेस विभाग के प्रदेश अध्यक्ष हैं तनुज पूनिया

## कांग्रेस सांसद तनुज पूनिया करनावल पहुंचकर पीड़ित बहनों की शादी में करेंगे आर्थिक सहयोग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांग्रेस के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष की मुलाकात के बाद पार्टी ने लिया है निर्णय**

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** करनावल में शादी के दिन दलित बहनों के साथ हुए अत्याचार के मामले में कांग्रेस पार्टी ने उनकी 7 मार्च को होने वाली शादी में आर्थिक सहयोग करने का निर्णय लिया है । आर्थिक सहयोग करने के लिए पार्टी हाई कमान के द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के अध्यक्ष सांसद तनुज पूनिया को करनावल भेजा जा रहा है। वह 7 मार्च को ही गांव करनाबल पहुंचेंगे और अत्याचार की शिकार हुई दलित बहनों की शादी के लिए आर्थिक सहयोग देंगे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यवाहक जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने बताया कि उन्होंने करनाबल पीड़ित दलित बहनों के मामले में पार्टी हाई कमान को अवगत कराया था।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय तथा बाराबंकी के सांसद अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के अध्यक्ष तनुज पूनिया से कांग्रेस मुख्यालय लखनऊ पहुंचकर मुलाकात कर दलित पीड़िता बहनों के साथ हुए अत्याचार की पूरी पूरी जानकारी दी । इसके बाद में पार्टी हाईकमान ने अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष तनुज पूनिया को करनावल भेजे जाने का निर्णय लिया है । 7 मार्च को कांग्रेस सांसद तनुज पूनिया करनावल पहुंचेंगे और जातीय अत्याचार की शिकार हुई दोनों दलित बहनों से मुलाकात करेंगे उनके द्वारा 7 मार्च को दलित बहनों की शादी के लिए आर्थिक सहयोग दिया जाएगा। कांग्रेस के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने बताया कि पार्टी पूरी ताकत के साथ करनावल की दलित पीड़ित बहनों के साथ खड़ी है और उनकी शादी में तन मन धन से सहयोग करेगी। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी प्रियंका गांधी की जानकारी में आने के बाद पार्टी ने दोनों दलित बहनों की शादी में आर्थिक सहयोग करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जिले के सभी वरिष्ठ कांग्रेसी तथा अन्य संभ्रांतजन भी करनावल पहुंचेंगे और दलित बहनों के शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय तथा बाराबंकी के सांसद अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के अध्यक्ष तनुज पुनिया के साथ मिलने के दौरान किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत मौजूद थे।





**JAMIA URDU COLLEGE OF EDUCATION**

Affiliated to Raja Mahendra Pratap Singh University, Aligarh.
Jamia Urdu, Medical Road, Dodhpur, Civil Lines, Aligarh-202002
E-mail: info@jamiaurdualigarh.com, Ph. No. 9412539066

Applications are invited from the eligible candidates for the following posts for the **Master of Education (M.Ed.)**

**1) (Professor)** 1 Post
**(i)** Postgraduate degree in a relevant subject with minimum 55% marks or equivalent grade. **(ii)** M.Ed. with minimum 55% marks or equivalent grade. **(iii)** Ph.D. in Education & Ten years of teaching experience in teacher education institutions.

**2) (Associate Professor)** 2 Posts
**(i)** Postgraduate degree in a relevant subject with minimum 55% marks or equivalent grade. **(ii)** M.Ed. with minimum 55% marks or equivalent grade. **(iii)** Ph.D. in Education & Eight years of teaching experience in teacher education institutions.

**3) (Assistant Professor)** 4 Posts
**(i)** Postgraduate degree in a relevant subject with minimum 55% marks or equivalent grade. **(ii)** M.Ed. with minimum 55% marks or equivalent grade. **(iii)** National Eligibility Test (NET)/ State Eligibility Test (SET) or Ph.D. in Education

**#Salary as per UGC & NCTE Norms.**
Desirous candidates may send or submit their detailed resume along with copies of relevant certificates in support of their qualification and experience to the undersigned by mail to (info@jamiaurdualigarh.com), post or in person with 07 days of this notification.

**SECRETARY**

# आगामी भगवा त्रिशूल यात्रा को लेकर की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बुधवार को नगर के खुर्जा गेट स्थित भाजपा नेता अंकित जैन के कार्यालय पर भगवा त्रिशूल यात्रा का भव्य स्वागत कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे कार्यक्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**यात्रा 12 ज्योतिर्लिंग 4धाम और 12 शक्तिपीठों के पश्चात प्रयागराज से आ रही है**

राजेश यादव ने बताया कि यह यात्रा 12 ज्योतिर्लिंग 4धाम और 12 शक्तिपीठों के पश्चात प्रयागराज से आ रही है। जिसमें अघोरी बाबाऔ का नृत्य, साधु संत महामंडलेश्वर, 120 त्रिशूलौं के दर्शन लाभ का सौभाग्य प्राप्त होगा यह यात्रा हिंदुत्व और सनातन धर्म को आगे बढ़ाने का कार्य करेगी। यह यात्रा चन्दौसी नगर में संभल तिराहा से प्रारंभ होकर,शक्ति



नगर,भगत सिंह चौक, मालवीय चौक से होकर फुब्बारा चौक पर यात्रा में आये सभी श्रद्धालुओं को सम्मानित किया जाएगा इसके पश्चात यात्रा सुभाष रोड ,बदायूँ चुंगी ,चन्दौसी ग्रीन से होकर बहजोई रोड स्थित लेमन ट्री होटल पर समापन होगी।

इस दौरान बैठक मौजूद रहे। अखिलेश कुमार,अंकित जैन,संजीव यादव,मोरमुकुट वार्ष्णेय,राजकुमार ठाकरे,अरविंद गुप्ता, सतीश अरोरा,मनोज कठेरिया,शीनू गुप्ता,मनोज दिवाकर,डॉ टी एस पाल,अभिनव शर्मा,देवेंद्र गुप्ता,युवराज गुप्ता,रोहित दिवाकर,अमित मित्तल,धर्मेंद्र यादव,अमन कोली,अमित वार्ष्णेय,कौशल किशोर,आकाश आहूजा,यश मदान,शुभम अग्रवाल, ज्ञानप्रकाश शर्मा,तरुण नीरज संजय सिंह आदि ।

## बिहार बोधगया को लेकर राष्ट्रपति के नाम भेजा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** अंबेडकर सेवा दल के नगर अध्यक्ष चंदौसी अरविन्द अंबेडकर जी के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति जी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी चंदौसी को सौंपा गया, इसमें बौद्ध धम्म की विरासत महाबोधि बुद्ध बिहार बौद्ध गया (बिहार) प्रबंध समिति में समस्त पदाधिकारी बौद्ध भिक्षु ही हों तथा उस पर संपूर्ण नियंत्रण बौद्ध धर्म के अनुयायियों का ही होना चाहिए, न की अन्य धर्म के लोगों का, इस बाबत महामहिम राष्ट्रपति जी को महाबोधि बुद्ध बिहार को बौद्ध



भिक्षुओं के सुपुर्द करने व पूर्ण अधिकार देने हेतु संबंधित अधिकारियों को आदेशित करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपते समय श्रद्धेय सतीश प्रेमी, नरेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार, सूर्यजीत सिंह, अरविन्द अंबेडकर, नंदू वाल्मिकी, द्वारिका प्रसाद, ज्ञान प्रकाश वाल्मिकी, प्रेमपाल सिंह, सुभाष चंद्र, योगेश कुमार, विमल सागर, मुकेश कुमार गौतम, विवेक सागर, राजा राम, विमल सागर, पप्पू बौद्ध, सिद्धार्थ सागर, श्रेष्ठ गौतम, संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना में किसानों के लिए बढ़ी सब्सिडी, ऐसे करें आवेदन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के स्थान पर अब राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत किसान फल, फूल और सब्जी की खेती कर आर्थिक रूप से लाभ उठा सकते हैं। योजना के अंतर्गत उद्यान विभाग किसानों को खेती के लिए अनुदान प्रदान करता है, जिसके लिए हर साल लक्ष्य तय किया जाता है। योजना के तहत लघु व सीमांत किसानों को एक हेक्टेयर या उससे अधिक क्षेत्र में खेती करने पर सब्सिडी दी जाती है। अब किसानों को मिलने वाली अनुदान राशि में इजाफा किया गया है।

जिला उद्यान अधिकारी सुघर सिंह ने बताया कि ड्रैगन फ्रूट के लिए सब्सिडी 30,000 रुपये से बढ़ाकर 1.62

**जिले में ड्रैगन फ्रूट के साथ ही बढ़ेगा बागवानी का क्षेत्र, किसानों को होगा लाभ**

लाख रुपये प्रति हेक्टेयर की गई। केला की खेती के लिए 30,780 रुपये से बढ़ाकर 42,000 रुपये प्रति हेक्टेयर कर दी गई। आम, अमरूद, पपीता, स्ट्रॉबेरी जैसी अन्य फसलों की सब्सिडी में भी बढ़ोतरी की गई है। योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य है। इच्छुक किसान सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक उद्यान विभाग के कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए खतौनी, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज फोटो, मोबाइल नंबर जरुरी हैं। योजना का लाभ प्रथम आवक, प्रथम पावक के आधार पर दिया जाएगा, यानी जो किसान पहले आवेदन करेगा, उसे पहले अनुदान मिलेगा। किसान इस योजना का लाभ उठाकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं और आधुनिक बागवानी को बढ़ावा दे सकते हैं।

# रमजान में हो रही बिजली कटौती को लेकर सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** रमजान माह में हो रही बिजली कटौती को लेकर सपा कार्यकताओं ने एक ज्ञापन अधिशासी अभियंता को सौंपा। साथ ही 24 घंटे बिजली दिए जाने की मांग की। बुधवार को सपा के जिला सचिव सईद अख्तर इसराईली के नेतृत्व में कार्यकर्ता मुरादाबाद मार्ग स्थित मुख्य बिजलीघर पर एकत्र हुए और अधिशासी अभियंता नवीन गौतम को ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने बताया कि रमजान माह चल रहा है, इसके बाद भी लगातार बिजली कटौती की जा रही है। सेहरी, इफ्तार तराहवी के समय बिजली चली जाती है। इससे रोजेदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़



रहा है। रमजान में लगातार बिजली कटौती को लेकर लोगों में आक्रोश है। हातिम सराय बिजली उपकेंद्र की बिजली शाम छह बजे चली जाती है। यही इफ्तार का समय होता है। ऐसे में इफ्तार के दौरान दिक्कत होती है। सेहरी में भी ज्यादा कटौती हो रही है। मांग की है कि रमजान माह में हातिम सराय बिजली उपकेंद्र को कटौती से मुक्त किया जाए, जिससे रोजा और नमाज अदा करने में आसानी हो। ज्ञापन देने वालों में हाजी नफीस, हाफिज वसीम, फहीम, मोहम्मद जमाल, इकबाल कुरैशी, जाहिद हुसैन, मोहम्मद कासिम, वसीम खां आदि मौजूद रहे।

# बाइक की टक्कर से युवती हुई घायल, आटा पंवासा मार्ग पर बाइक की टक्कर से युवती हुई घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई/सम्भल (शिवम ठाकुर )।** बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे युवती प्रीति कुमारी पुत्री भारत सिंह ,निवासी काजीबेहटा थाना बनियाठेर पैदल कॉलेज के लिए जा रही थी तभी तेज रफ्तार बाइक जिसकी रजिस्ट्रेशन संख्या वढ21इत्र3694 है जिसका चालक निवासी थरेसा जयसिंह थाना बनियाठेर का बताया जा रहा है

घटना सुबह साढ़े नौ बजे की है जब प्रीति कुमारी अपने कॉलेज जा रही थी तभी आटा पंवासा मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग घटना स्थल पर पहुंचे और आनन फानन में डायल 112 पर कॉल किया तभी युवती के पिता भारत सिंह घटना स्थल पर पहुंचे और अपने निजी



बाहन से संयुक्त चिकित्सालय चंदौसी लेकर गए जहां डॉक्टर ने प्रीति की हालत नाजुक बताई है।

# मंडी समिति में खुला गड्ढा बना हादसे का खतरा, जिम्मेदार बेपरवाह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** मंडी समिति में स्थित धर्म कांटा, जोकि काफी समय से खराब पड़ा था, उसके ऊपर का जाल एक सप्ताह पहले हटा

**नवीन मंडी समिति में धर्मकांटे के ऊपर बिछे जाल को हटाकर भूल गए जिम्मेदार**

दिया गया था। लेकिन अब तक नया जाल नहीं लगाया गया है, जिससे वहां बड़ा गड्ढा खुला पड़ा हुआ है। यह गड्ढा मंडी में आने वाले व्यापारियों, किसानों और श्रमिकों के लिए हादसे का सबब बन सकता है, लेकिन जिम्मेदारों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

मंडी समिति में प्रतिदिन सैकड़ों किसान और व्यापारी अनाज, फल और सब्जियां लेकर आते हैं। मुख्य मार्ग पर धर्म कांटा के पास हमेशा लोगों की



आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में खुला गड्ढा किसी गंभीर हादसे का कारण बन सकता है। बावजूद इसके, प्रशासन इसे लेकर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। स्थानीय व्यापारियों और किसानों ने मांग की है कि मंडी समिति प्रशासन जल्द से जल्द धर्म कांटे के ऊपर जाल लगवाए, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को टाला जा सके। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी मंडी प्रशासन की होगी।

# बच्चों को जकड़ रहा डायरिया, जिला अस्पताल में पहुंच रहे 10 से 15 मरीज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** फरवरी माह में डायरिया के मरीजों की संख्या में अचानक बढ़ गई है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन 10 से 15 बच्चे डायरिया के लक्षणों वाले पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों की मानें तो मौसम परिवर्तन, दूषित जल और अस्वच्छ खान-पान इस स्थिति के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने लोगों को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने और सुरक्षित पेयजल के उपयोग की सलाह दी है।

जिला अस्पताल में बीते कुछ दिनों से डायरिया के मरीजों की संख्या में तेजी आई है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन 250 बच्चों की ओपीडी होती है। बाल रोग विशेषज्ञ ने बताया कि इसमें से 10 से 15 बच्चे डायरिया के लक्षणों वाले पहुंच रहे हैं। ऐसे बच्चों में उल्टी, दस्त, कमजोरी और निर्जलीकरण जैसी समस्याएं देखी जा रही हैं। हालांकि गंभीर और भर्ती करने लायक मरीज नहीं है। सभी को दवा देकर बचाव की सलाह दी जा रही है। उन्होंने बताया कि डायरिया का यह प्रकोप मौसम में बदलाव के कारण फैल रहा है। सर्दी के बाद अचानक तापमान में उतार-चढ़ाव हो रहा

**मौसम परिवर्तन और दूषित जल बना कारण, चिकित्सकों ने दी सतर्क रहने की सलाह**

है, जिससे संक्रमण तेजी से फैल रहा है। जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भी डायरिया के मरीजों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

डायरिया मुख्य रूप से दूषित पानी और अस्वच्छ खान-पान के कारण होता है। चिकित्सक ने बताया कि खुले में बिकने वाले खाने-पीने की चीजों का सेवन करने से यह समस्या तेजी से फैलती है। गंदे हाथों से भोजन करना और शुद्ध पानी का उपयोग न करना भी संक्रमण का कारण है। लोगों से अपील की है कि वे स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और बच्चों के खान-पान पर सतर्कता बरतें। कहा कि यदि किसी व्यक्ति को लगातार दस्त हो रहे हैं और शरीर में कमजोरी महसूस हो रही है, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। बताया कि अगर डायरिया का इलाज समय पर न कराया जाए तो यह गंभीर रूप ले सकता है। खासकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह खतरनाक साबित हो सकता है।

**डायरिया होने पर बरतें यह सावधानियां**

-तरल पदार्थ ज्यादा लें।
-समस्या होने पर चिकित्सक को दिखाएं।
-वसायुक्त भोजन का सेवन करें से बचें।
-साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।
-बाहर का खाना, फास्ट फूड और पैक्ड फूड खाने से बचें।

# पी0एम0 श्री संविलियन विद्यालय मे वार्षिकोत्सव का किया गया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नबावगंज (शाहिद अल्वी) क्योलड़िया।** बुधवार को पी० एम० श्री संविलियन विद्यालय जरपा मोहनपुर विकास खंड भदपुरा मैं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्री रविशंकर गंगवार ,भदपुरा ब्लॉक के इएड विजय कुमार एवं अफ्द्ध श्री संजीव कुमार,ग्राम प्रधान राजेन्द्र प्रसाद के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सर्वप्रथम स्कूल की छात्राओ के द्वारा सरस्वती बन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। साथ ही साथ क्ऌळ हरीश कुमार गंगवार तथा अन्य सहायक अध्यापकों द्वारा मुख्य अतिथियों को बैच पहनाकर उनका सम्मानित किया गया। तत्पश्चात स्कूल की छात्राओं द्वारा शिक्षा का महत्व पर नुक्कड़ नाटक और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ।विद्यालय के कक्षा एक और दो के छात्र छात्राओं के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए




।बच्चों के द्वारा सोशल मीडिया का प्रभाव जो बच्चों पर पड़ रहा है ,उसके बारे में 1 नाटक प्रस्तुत कर सभी लोगों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भदपुरा ब्लाक प्रमुख पति रविशंकर गंगवार ने बच्चों का उत्साहवर्धन एवं शिक्षा का महत्व बच्चों से साझा किया उन्होंने बताया कि यदि इस गांव के बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण कर प्रशासनिक पदों पर आसीन होगे तो गांवों की बहुत सी समस्याएं स्वत ही हल हो जाएगी गांव का पिछड़ापन दूर हो जाएगा उन्होंने गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली सड़क की मंजूरी के विषय में ग्रामवासियों को अवगत कराया साथ ही बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की विकास खंड इएड श्री विजय कुमार ने बच्चों एवं ग्राम वासियों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए उनका उत्साहवर्धन एवं शिक्षा के लिए जागरूक किया,अफ्द्ध संजीव सिंह ने बताया कि विद्यालय में शिक्षा का स्तर विशेष है तथा पीएम श्री होने से बच्चो को शहरी क्षेत्र में मिलने वाली सभी हाईटेक सुविधाएं मिलेगी बच्चों को अपने सपनों को साकार करने के लिए सभी सुविधाएं विद्यालय प्रांगड़ में मिलेगी , विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरीश गंगवार ने सभी अतिथि अभिभावकों तथा ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया इस कार्यक्रम में

पूर्व प्रधान राजकुमार , प्रधानाध्यापक हरीश कुमार जी , उमाशंकर, मदनलाल, अजीत कुमार सहित सहायक अध्यापक फरहत हुसैन , सूरज पाल , राहुल दास , विशाल चौधरी , भूरेलाल , समेत आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

# रमाबाई अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में तीन दिवसीय शिविर का हुआ समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला (बच्चन सिंह)।** रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में चल रह रोवर्स-रेंजर्स के तीन दिवसीय शि. विर का बुधवार को समापन किया



गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. एमए गौरी ने कहा कि शिविर के माध्यम से प्रत्येक शिविरार्थी अपने कर्तव्यों के प्रति जागरुक होता है। कहा कि कि प्रत्येक रोवर एवं रेंजर का दायित्व है। कि वह अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करे। समापन दिवस पर शिविर में टेंट निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें रोवर्स रेंजर्स की टोलियों ने अलग-अलग थीम पर टेंट निर्माण किया और उनकी साज सज्जा की। टेंट निर्माण में प्रथम स्थान पर अहिल्याबाई टोली, द्वितीय स्थान पर रोज टोली एवं तृतीय स्थान टाइगर टोली रहीं। बेस्ट रोवर हर्ष कुमार एवं बेस्ट रेंजर श्रेया सिंह तोमर रहे। प्राचार्य द्वारा सभी रोवर्स रेंजर्स को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। अतिथियों का स्वागत रेंजर्स प्रभारी डॉ. नेहा अग्रवाल एवं धन्यवाद ज्ञापन रोवर्स प्रभारी डॉ. संयम ने किया। समापन समारोह के अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता नम्रता नर्मा, प्रो. (डॉ) इन्द्रदेव सिंह, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. अजय कुमार, डॉ. मनमोहन नर्मा, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. चन्द्रवीर सिंह, डॉ. धनसिंह रवि, डॉ. शशि सोलंकी, डॉ. सीमा सिंह समेत स्टॉफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## महिला की दुकान से गल्ला बाहर फेंका, गाली गलौच करते हुए दी जान से मारने की धमकी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला (बच्चन सिंह)।** नगर के मोहल्ला अंबेडकरनगर निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर दो युवकों पर गाली गलौच करने और गल्ला आदि बाहर फेंकने का आरोप



लगाया है। पुलिस ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है। जानकारी के अनुसार महिला मीना देवी पत्नी का आरोप है कि मौहल्ला चौहानपुरी निवासी दो युवकों ने उसकी दुकान पर पहुंचकर गाली गलौच की। जब मीना ने उसका विरोध किया तो उसने मीना की दुकान में रखा लकड़ी का बना गल्ला उठाकर बाहर फेंक दिया। आरोप है कि जान से मारने की धमकी भी दी। महिला का आरोप है कि पथराव भी किया। महिला ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# प्लॉट के लिए दिए हुए साढ़े तीन लाख वापसी मांगने पर जाने से मारने की दी धमकी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** नगर पंचायत अगवानपुर मौहल्ला रेलवे स्टेशन कालोनी निवासी प्रदीप कुमार पुत्र राजेश कुमार किराए के मकान में रहकर नगर पंचायत में सफाई कर्मी का कार्य कर-के अपने बच्चों का पालन पोषण करता है 2024 में



अगवानपुर के ही सलीम कबाड़ी मोहल्ला सराय फारूख बाईपास निवासी से एक 100 गज का प्लाट खरीदा था जिसकी रकम साढ़े तीन लाख तय हुई थी जो वह रकम दे चुका है और रकम देने के बाबत 3-4 दिन में प्लाट की रजिस्ट्री करने को कहा था और सलीम कबाड़ी ने ही प्रदीप से कहकर प्लॉट की बाउंड्री करा दी थी लेकिन आरोप है कि कुछ समय बाद जब पीड़ित अपने प्लाट पर घूमने के लिए गया तो पता चला कि प्लाट तबरेज नाम के किसी व्यक्ति को बेच दिया गया है और प्लॉट की रजिस्ट्री भी उसके नाम हो चुकी है यह सुनने के बाद पीड़ित सलीम कबाड़ी से अपने दिए हुए साढ़े तीन रुपए वापस मांगने के लिए पहूंचा तो गलत शब्दों का इस्तेमाल करके जान से मारने की धमकी देकर? भगा दिया । पीड़ित ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्य?वाही की मांग की है थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की ओर से साढ़े तीन लाख रुपए की ठगी के संबंध में पत्र मिला है पुलिस मामले की जांच कर कार्यवाही करेगी।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा की गयी पीस कमेटी की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी/बहजोई (मयंक सक्सेना)।** बुधवार को क्लेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ0 राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों एवं कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत पीस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गयी, जिसमें थाना क्षेत्र से आये प्रमुख सभी धर्मों के धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत व्यक्तियों के साथ वार्ता की गई तथा आगामी त्यौहारों रमजान, होली को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक



मनाये जाने, किसी नई परंपरा के नहीं डाले जाने, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने के सम्बन्ध में बताया गया तथा साथ ही किसी घटना के होने की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दिये जाने एवं पुलिस/ प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। गोष्ठी में मुख्य विकास अधिकारी सम्भल, अपर जिलाधिकारी संभल सम्बन्धित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

**आयोजन** — कृष्णमुरारी अनोरमा अग्रवाल इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य की कार्य शैली पर उठाए सवाल

# सुहेलदेव भारतीय समाज की बैठक का किया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल/बहजोई ( दिनेश सक्सेना )।** बुधवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला कार्यालय काली मन्दिर रोड बह जोई अखिल, संभल में पूर्व की भाँति मासिक समीक्षा बैठक की गई `बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अपर्णा सक्सैना ने की। बैठक में पार्टी के संगठन की विस्तार से चर्चा की गई तथा गरीबों, बंचित, शोषित, पीडित आदि समाज की आवाज उठाने वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के विचारों को जनता तक पहुंचाने की अपील की। बैठक में गाँव में शौचालय, आवास, पेंशन नालियाँ आदि के बारे में विचार व्यक्त किये गये। इसके साथ-साथ बहजोई नगर के कृष्णमुरारी अनोरमा अग्रवाल इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य नरेन्द्र मोहन द्वारा अपने दो वर्ष के कार्यकाल में लगभग 12 से 14 अनुभवी अध्यायकों को बिना नोटिस दिये



विद्यालय से निष्कासन की प्रक्रिया के बारे में बताया गया जिससे अध्यापकों के साथ-साथ य विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र,छात्राओं के भविष्य बारे में चिन्ता की गयी तथा संस्था की छवि खराब करने की चिन्ता की गई। एक अध्यापक ने बैठक में बताया कि मेरी ईपीएफ की साइड पर परमानेन्ट डिसएबिलमेन्ट लिखकर विद्यालय से निकाला गया है तथा इन्होंने अपने चहते अध्यापकों को शिक्षण कार्य करवाने के साथ-साथ अपने संरक्षण में संस्थागत रूम से बी एड्ँ करवाते हैं। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों ने अपनी समस्याएं जिला अध्यक्ष के समक्ष रखीं इस बैठक में भगवानदास यादव ,दुष्यन्त शर्मा ,बीर ,सत्यवीर ,चन्द्रपाल, दिनेश, देवेन्द्र मनोज प्रिंस मोरकली सुधा जशोदा बीरखती आदि उपस्थित रहे।

# दर्शन कुमार बने अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के अध्यक्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** ` बैठक में सर्व सम्मति से दर्शन कुमार को अंबेडकर युवक संघ का अध्यक्ष तथा लक्ष्मी बाबू. को महामंत्री,डॉ 0 नवनियुक्त पदाधिकारी को माला पहन कर स्वागत किया `इस अवसर पर रमेश चंद्र ,सोनपाल?? गौतम,मास्टर




अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ की मीटिंग का आयोजन बंबा रोड स्थित अंबेडकर धर्मशाला में किया गया अंतर सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया` तथा अंबेडकर जयंती तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया ` सभी श्री राम , गिरीश कुमार, प्रताप सिंह विक्की ,संजय, गुलशन विजय विपिन सिद्धू आदि लोग मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू क्रांतिकारी कार्यकर्ताओं ने की डीएम से मुलाकात

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन क्रांतिकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव राणा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने किसानों की समस्याओं को लेकर डीएम से मुलाकात की।डीएम को ज्ञापन सौंपाकर समस्याओं का समाधान करने की मांग की।राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव राणा व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव कुमार शर्मा ने बताया की क्षेत्र में किसानों की बहुत सी समस्याएं हैं जैसे आवारा पशुओं की समस्या,भ्रष्टाचार की समस्या, सरकारी जमीनों व तालाबों पर कब्जे की समस्या सहित अनेक गंभीर समस्याएं हैं जिनके प्रति अधिकारी उदासीन है। राष्ट्रीय महासचिव हनीफ राणा ने डीएम से इन समस्याओं पर तुरंत कार्रवाई करने का मांग की। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव राणा ने डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित मेरठ दौरे पर भारतीय किसान यूनियन क्रांतिकारी का एक सात सदस्य प्रतिनिधि मंडल मुलाकात करना चाहता है जिस पर जिला अधिकारी ने मुख्यमंत्री से मिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव राणा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव कुमार शर्मा राष्ट्रीय महासचिव हनीफ राणा,राष्ट्रीय सचिव भूमेश कुमार सोम,प्रदेश महासचिव राजा ठाकुर, नगर अध्यक्ष रिजवान मिर्जा खालिद मलिक उपस्थित रहे।



# देश संकट के दौर में गुजर रहा है : मिठाई लाल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ ।** समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती का जनपद पीलीभीत आगमन पर उनका पीलीभीत एवं पूरनपुर में जगह जगह फूलमालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया...

इस दौरान समाजवादी पार्टी का समाजवादी पीडीए सम्मेलन का आयोजित किया गया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर मिठाई लाल भारती ने पीडीए सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहाकि पीडीए समाज अगर एकजुट हो गया तो 2027 में समाजवादी पार्टी की सर्कार बनाने से कोई रोक नहीं सकता है तभी भाजपा की तानाशाही और साम्प्रदायिक सोच से प्रदेश को निजात मिलेगी, प्रदेश का चौमुखी विकास होगा। उन्होंने कहा भाजपा का विकास का कोई एजेंडा नहीं है यह लोग केवल झूठ और फरेब की राजनीती करते हैं, महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है ! संविधान खत्म करने की साज़िश, आरक्षण पर डाका डाला जा रहा है, लोकतंत्र की हत्या हो रही है ! इसलिए देश संकट के दौर में गुजर रहा है !

बहुजन समाज के लोगों पर अत्याचार बढ़ गई है ! कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने अपने संबोधन में कहां, पार्टी को मजबूत करने के लिए पीडीए समाज और वर्गो को जोड़ने के लिए घर-घर पीडीए पर्चा व संदेश पहुंचाने का काम कर रहा है, पार्टी ने अपने बलबूते पर 37 सीटें जीतकर इतिहास रचा,अगले विधानसभा में चुनाव पीडीए के बदौलत, हम प्रदेश में सरकार बनाएंगे,मा श्री अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनायेंगे, बाबा साहब डॉ बी आर अंबेडकर जी के संविधान के अधिकारों के प्रति जागरूक करने का काम सपा गांव-गांव में PDA के समाज कर रहीं हैं, इस समय किसानों को दिन-रात आवारा पशुओं की रखवाली करनी पड़ रही हैं, अभी तक गन्ना किसानों के लिए मूल्य भी घोषित नहीं कर पाई हैं । यह जानकारी सपा बाबा शाहब आंबेडकर वह्नि के राष्ट्रीय महासचिव राम बाबू सुदर्शन ने दी विधायक अरशद खान, पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर यादव, आनंद सिंह यादव, युसूफ कादरी, रियाज खान प्रदेश सचिव, असलम जावेद, कमलेश परिहार, नीता सिंह, अली वारसी संजय खान नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए '



कार्यक्रम में मुख्य रूप से सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा,पूर्व विधायक अरशद खां साहब, सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी,पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव, सपा बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी राष्ट्रीय सचिव श्याम सिंह यादव, पूर्व प्रत्याशी पूरनपुर श्रीमती आरती महेन्द्रा , सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर,पूरनपुर विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह यादव,सपा जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज, सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर, सपा जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव,सपा जिला उपाध्यक्ष मखदूम खान,सपा प्रदेश सचिव फारूक कादरी,ओम शर्मा, नसरुद्दीन,मो.याकूब अंसारी, डॉ रियाउद्दीन, राजूपाल, अताबुल्ला, नफीस खान, मुस्तकीम, अली हसन,ओमकार भारती,आरिफ खान, वसीम, नफीस रहमान,वसीम नजमुल,राजपाल मौर्य,मो.आलम,शाहनवाज, उसीम, रेहान,मिथलेश भारती सहित तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए

# आचार्य सौरभ सागर महाराज के पावन सान्निध्य मे जिनेन्द्र महार्चना के आठवें दिन हुआ चौसठ रिद्धि सिद्धि विधान का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना (जावेद अब्बासी )।** आदर्श नगर स्थित "सौरभ सागर संत निकेतन" प्रांगण मे परम् पूज्य पुष्पगिरी तीर्थ प्रणेता गणाचार्य पुष्पदन्त सागर सुयोग्य शिष्य परम् पूज्य संस्कार प्रणेता ज्ञानयोगी आचार्य सौरभ सागर महाराज के पावन सान्निध्य मे जिनेन्द्र महार्चना के आठवें दिन चौसठ रिद्धि सिद्धि विधान का आयोजन किया गया।जिसमे जिनेन्द्र भगवान कि आराधना कि गई जिसमे सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य पंकज जैन यश जैन पटवारी परिवार व इंद्र बनने का सौभाग्य मनोज जैन अमरीश जैन संजीव जैन को प्राप्त हुआ।समस्त मांगलिक क्रियाये पंडित संदीप जैन "सजल" ने सम्पन्न करवाई।परम पूज्य संस्कार प्रणेता आचार्य सौरभ सागर जी महाराज ने कहा कि

वर्तमान काल में जैन साधुओ के दर्शन मिलना अत्यंत पुण्य उदय के कारण ही सम्भव है पूर्व के अनेक पुण्य का उदय होता है जब साधुओं के दर्शन मिलते हैं, और आज यदि मुनिराज को देखकर भी कोई अनदेखा कर्ता है तो निश्चित मिथ्यात्वि है।



पूज्य गुरुदेव ने कहा कि - मुनि 4 प्रकार के होते है ऋषि, मुनि, यति, और अनगार। वर्तमान मे हमें जिन साधुओं के दर्शन प्राप्त होते है वह अनगार है।वर्तमान काल मे ऋद्धि धारी नहीं सिद्धि धारी मुनिराज होते है जिनके तप के कारण से सभी कार्य सिद्ध होते है।इस अवसर पर पंकज जैन ऋषभ जैन सौरभ जैन विकास जैन विनोद जैन परदेशी हैं नीरज जैन विजय जैन रामभूल जैन दीपक जैन परवीन जैन शुभम जैन मुकेश जैन प्रदीप जैन राजकुमार जैन कमल कुमार जैन रजत जैन अंशुल जैन राजीव जैन योगेश जैन सोनी विकास जैन आशीष जैन महिपाल जैन आदिश जैन राजेश जैन प्रमोद जैन अनिल जैन नितिन जैन गौरव जैन अनुज जैन आदि गुरु भक्त उपस्थित रहे।

# उ० प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नबावगंज (शाहिद अल्वी)।** नवाबगंज विकासखंड के ब्लॉक सभागार में उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में बेरोजगार व्यक्तियों /आईटीआई/ पॉलिटेक्निक तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त नवयुवक /नवयुवतियों आदि को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, व्यावहारिक प्रशिक्षण व मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी के साथ आवेदन करने की प्रक्रिया एवं विपणन संबंधी जानकारी प्रदान की गई ,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार मौजूद रहे ,जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अजय पाल के द्वारा यह जानकारी दी गई ,कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी महेश चंद्र शाक्य, ऐ डी ओ आशीष भटनागर ,पूर्व सदस्य जिला पंचायत शशि कपूर सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।




# प्रशिक्षण के बिना बकरी पालन व्यवसाय होगा आत्मघाती : संजय

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पंजाब नेशनल बैंक आरसेटी सहारनपुर द्वारा आज बेरोजगार युवाओं के रोजगार स्थापना के लिए केंद्र पर संचालित 10 दिवसीय निःशुल्क बकरी पालन प्रशिक्षण के अंतर्गत ग्राम प्रधान बीदपुर रिजवाना बेगम के बकरी फार्म का कराया गया क्षेत्रीय भ्रमण




उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों की भांति जनपद सहारनपुर में शिक्षित बेरोजगार युवाओं की इस व्यवसाय में बढ़ती रुचि को ध्यान में रखते हुए यह प्रशिक्षण चलाया जा रहा है, प्रशिक्षण के दौरान क्षेत्रीय भ्रमण कराकर प्रशिक्षणार्थियों को इस व्यवसाय की बारीकियों से रूबरू कराया गया। विशेषज्ञों द्वारा बकरी पालन के साथ साथ समेकित कृषि प्रणाली की जानकारी विस्तार से दी गई। इस दौरान आरसेटी निदेशक श्री दीपक कुमार ने बताया कि किसान बकरी पालन की उन्नत विधि पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। गरीब और सीमांत किसानों के लिए एक मुनाफे का व्यवसाय है।

इस अवसर पर प्रशिक्षण के कार्यक्रम संयोजक अमित कुमार चौबे ने बकरी पालन प्रशिक्षण के महत्व को बताया और कहा कि कम लागत में अधिक मुनाफे वाला व्यापार है। कहा कि हमारे देश में बकरी पालन का व्यवसाय सदियों से चला आ रहा है लेकिन इसके पालने का तरीका अब बदल रहा है। बिना प्रशिक्षण के यह व्यवसाय नुकसान दे सकता है। इस दौरान कानपुर से पधारे डीएसटी ट्रेनर श्री संजय कुमार ने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को बेहतर सेड निर्माण, उचित रखरखाव, फीड निर्माण, बकरियों की नस्ल, वेस्ट मैनेजमेंट और इसके प्रोजेक्ट रिपोर्ट की जानकारी विस्तार से दी।

उत्तर प्रदेश सरकार ने एनएलएम योजना के तहत बकरी पालकों के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी आधारित योजनाएं भी चालू की है जिसका लाभ के लिए बेरोजगार युवा इस व्यवसाय की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

बकरी फार्म के प्रबंधक ग्राम प्रधान रिजवाना बेगम ने जिन्होंने कम लागत से बकरी फार्म को शुरू किया था, आज अच्छा फॉर्म आरंभ किया है। उनका कहना है कि ग्रामीण बेरोजगारों के लिए बकरी पालन एक लाभदायक व्यवसाय है परंतु बिना प्रशिक्षण के इस व्यवसाय में उतरना आत्मघाती होगा। प्रशिक्षणार्थियों ने आधुनिक फार्म के विजिट का लाभ उठाया। इस अवसर पर इस अवसर पर ज्योति सिंह, रेखा देवी, अब्दुल वहाब, हिमांशु चौहान, निक्की, अंजू सहित सहित 33 प्रशिक्षणर्थियों ने हिस्सा लिया।

# विनायक विद्यापीठ में हुआ प्रदर्शनी का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीपुरम।** विनायक विद्यापीठ में बीएड विभाग के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियो द्वारा एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।जिसकी थीम "आर्ट एंड एस्थेटिक" रही।जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय मेरठ मंडल के सहायक निदेशक शशि भूषण उपाध्याय रहे।प्रदर्शनी की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा रिबन काटकर एवं सरस्वती मां के समक्ष ज्योति प्रज्वलित कर की गई।इस दौरान विनायक विद्यापीठ की प्राचार्या एवं रुद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के एकेडमिक निदेशक डॉ अनुप्रीता शर्मा, निदेशक इंजि. विकास कुमार, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हैड प्रवीन शर्मा,बी एड विभागाध्यक्ष एकता सिंधु, प्रॉक्टर सीमा चौधरी के अलावा अन्य विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकगण मौजूद रहे। वहीं अतिथियों ने विद्याथीर्यो द्वारा प्रदर्शित, वेस्ट मटेरियल से बनाए गए, मॉडल का निरीक्षण किया।अतिथियो ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल्स की सराहना की ओर अंत में अमृतेश एंड मानवी को प्रथम, आस्था को द्वितीय एवं इशिका को तृतीय स्थान देकर सम्मानित किया इसके साथ ही अन्य सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियो द्वारा बनाए गए मॉडल्स की सराहना की ओर कहा कि यह विनायक विद्यापीठ के विद्यार्थियो की प्रतिभा है कि उन्होंने वेस्ट मटेरियल से एक से बढ़कर एक मॉडल तैयार किए। महाविद्यालय की प्राचार्या एवं रुद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के एकेडमिक निदेशक डॉ अनुप्रीता शर्मा ने इस प्रदर्शनी के आयोजन पर बीएड विभाग की अध्यक्ष एकता सिंधु को बधाई दी और कहा कि इस में छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया जो कि अपने आप में सराहनीय है। इसी के साथ साथ क्षेत्रीय संयोजन कार्यालय मेरठ मंडल के सहायक निदेशक शशि भूषण उपाध्याय ने प्रधानमंत्री की योजना "पीएम इंटर्नशिप योजना" के बारे में छात्र छात्राओं को जानकारी दी उन्होंने उन्हें इसकी पात्रता, शैक्षिक योग्यता एव मिलने वाले स्टाइपेंड और चयनित कंपनी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और अधिक से अधिक इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।



# सरधना बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर विक्रम त्यागी ने मारी बाजी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** मंगलवार को सरधना बार एसोसिएशन का चुनाव शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।जिसके नतीजे भी शाम तक सामने आ गए। सरधना बार एसोसिएशन के चुनाव में एडवोकेट विक्रम त्यागी ने कब्जाया अध्यक्ष पद, उन्होंने एडवोकेट कुलदीप त्यागी

**पुस्तकालय सचिव पद पर डा. रविंद्र सिंह एडवोकेट ने जीत दर्ज की**

को 14 वोट से हराकर कड़ी शिकस्त दी।जहाँ विक्रम त्यागी को 87 वोट मिली वहीं कुलदीप त्यागी को मात्र 73 वोट ही मिले।जबकि 1 वोट रद्द हों गया।वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर भी उन्ही के खेमे के प्रशांत त्यागी ने राजेश कुमार को 18 वोट से हराया।प्रशांत त्यागी को 89वोट मिले जबकि राजेश कुमार को 71 वोट ही मिले। महामंत्री पद पर एडवोकेट मोहित शर्मा ने इसी पद पर दोबारा जीत हासिल करते हुए 89 वोट प्राप्त किये तथा अपने एडवोकेट बृजराज सिंह को 18 वोट से हराया।पुस्तकालय सचिव पद पर डा. रविंद्र सिंह एडवोकेट ने अरुण जैन एडवोकेट को 37 वोट से हराकर रिकार्ड कायम किया। रविंद्र सिंह को सबसे ज्यादा 95 वोट मिले।जबकि अरुण जैन को मात्र 63 वोट ही मिले।जबकि 3वोट केंसिल हों गए।कुल मिलाकर विक्रम त्यागी गुट का दबड़बा बन गया। चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यवीर सिंह एडवोकेट रहे जिन्होंने निर्विवाद व शांति पूर्ण चुनाव कराया।उनके साथ सहचुनाव अधिकारी जितेन्द्र पांचाल एडवोकेट रहे ' विक्रम त्यागी की ऐतिहासिक व चुनौती पूर्ण जीत से पूरा तहसील परिसर उत्साह से भर गया तथा नव निर्वाचित अध्यक्ष को फूल मलाओ से लाद दिया।इस अवसर पर विक्रम त्यागी ने कहा कि वह अपने द्वारा किये गए चुनावी वायदो पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करेंगे तथा अधिवक्ताओ के हितो की लड़ाई लड़ेंगे।वही रिजल्ट घोषित होने के बाद तमाम जीतने वाले अधिवक्ताओं को लोगों ने फूल माला पहनाकर बधाई दी।और उम्मीद जताई की जीत दर्ज करने वाले सभी पदाधिकारी सरधना बार एसोसिएशन को नई ऊंचाईयो पर ले जाने का कार्य करेंगे।इस दौरान एडवोकेट कुलदीप त्यागी,सुनील एडवोकेट,सैय्यद आरिफ अली,रविन्द्र एडवोकेट,संजीव एडवोकेट नईम उल हक एडवोकेट,तस्लीम खान एडवोकेट,सबाना मलिक एडवोकेट,आदि लोगो ने जीत की बधाई दी।





# 07 मार्च को होगा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूँ।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद में 07 मार्च, 2025 दिन शुक्रवार को प्रातः 8:30 बजे से लगभग 150 जोड़ों के सामूहिक विवाह हेतु एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन दातागंज रोड स्थित एच0पी0 इंस्टीट्यूट के ग्राउण्ड में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आयोजन में विधानसभा बदायूँ, शेखूपुर, बिसौली एवं सहसवान सहित 04 विधानसभाओं, विकास खण्ड सालारपुर, बजीरगंज, बिसौली, आसफपुर, इस्लामनगर, दहगवां, सहसवान, कादरचौक एवं जगत तथा नगर निकाय बदायूँ, इस्लामनगर, बिसौली, बजीरगंज, सैदपुर, फैजगंज बेहटा, मुडिया धुरेकी, कुंवरगांव, ककराला, सखानूं, गुलड़िया, सहसवान एवं दहगवां के जोड़े सम्मिलित होंगे।

उन्होंने बताया कि वर वधू को आशीर्वाद देने हेतु जनपद के माननीय जनप्रतिनिधिगण एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जायेगा। कार्यक्रम में विभिन्न व्यवस्थाओं को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सम्बंधित अधिकारियो उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं।

**व्याख्यान**

## महिलाओं के स्वास्थ्य में नेचुरोपैथी की भूमिका, सर्वाइकल व ब्रेस्ट कैंसर एवं मासिक धर्म स्वास्थ्य पर दी जानकारी

# महिला नेतृत्व और सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं विषय पर विशेषज्ञों का हुआ व्याख्यान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ व आंतरिक शिकायत प्रकोष्ठ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मनाए जा रहे साप्ताहिक कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत महिला नेतृत्व और सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं विषय पर विशेषज्ञों का व्याख्यान हुआ। विश्वविद्यालय में कार्यरत महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज, महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ.अंजलि खरे, आंतरिक शिकायत प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ.रीना विश्नोई ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ.अंजलि खरे ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर कार्यक्रम के उद्देश्य से सभी को अवगत कराया। परिवार एवं समाज की जिम्मेदारी के साथ अपने स्वास्थ्य का भी महिलाओं को ध्यान रखना चाहिए। प्रतिदिन होने वाले कमर दर्द, सर दर्द एवं तनाव को नजर अंदाज नही करना चाहिए। पौष्टिक आहार व व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करने से महिलाएं हर जिम्मेदारी सशक्त होकर निभा सकती है।उक्त बातें महर्षि अरबिन्दों सुभारती कॉलिज एण्ड हॉस्पिटल ऑफ नैचुरोपैथी एण्ड योगिक साइंसेज की क्लीनिकल नेचुरोपैथी डॉक्टर अर्चना अनिल कुमार ने कहीं। उन्होंने महिलाओं के स्वस्थ में नेचुरोपैथी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नैचुरोपैथ एक विशिष्ट प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा पेशा है, जो पारंपरिक उपचार ज्ञान को वर्तमान वैज्ञानिक ज्ञान के साथ जोड़ता है। नैचुरोपैथिक चिकित्सा महिलाओं हेतु शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य में प्रभावी है। महिलाओं को होने वाले हृदय रोग, शुगर, तनाव, मूत्र संबंधी रोग, थायराइड व यौन संचारित संक्रमण आदि में नेचुरोपैथी चिकित्सा रोग मुक्त करने में प्रभावशाली है। महिलाओं को चाहिए कि वह अपनी दिनचर्या में योग अभ्यास, मालिश, एक्यूपंक्चर व अरोमाथेरेपी से हर प्रकार के रोग से निजात पा सकती है। सुभारती मेडिकल कॉलेज की प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. रेखा गुप्ता ने ब्रेस्ट कैंसर व सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि भारत में 28 में से एक महिला को ब्रेस्ट कैंसर का खतरा है। हर 18 मिनट में स्तन कैंसर से मौत हो रही है। फिजिकल एक्टिविटी न करना, वजन बढ़ना, प्रदूषण, टाइट फिटिंग ब्रा पहनना, हार्मोन में बदलाव, देर से बच्चे पैदा करना, बच्चों को दूध न पिलाना आदि कैंसर होने के प्रमुख कारण है। 40 की उम्र के बाद महिलाओं को मैमोग्राम टेस्ट कराना चाहिए। सुबह जल्दी उठना व रात में जल्दी सोना तथा तनाव से दूर रहकर और पौष्टिक आहार ग्रहण करने से उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है। सुभारती मेडिकल कॉलेज की प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ.स्वाति शुक्ला ने मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता दी। उन्होंने बताया कि महिलाओं को अपने मासिक धर्म को प्रबंधित करने के लिए सुरक्षित, किफायती और प्रभावी उत्पादों को प्रयोग करना चाहिए। इसमें सैनिटरी पैड, टैम्पोन, मासिक धर्म कप और दोबारा इस्तेमाल किए जा सकने वाले कपड़े के पैड शामिल हैं। कृत्रिम सफाई उत्पादों से बचना चाहिए और योनि के उचित स्वास्थ्य और संक्रमण के जोखिम से बचने के लिए अपने नैपकिन को नियमित रूप से हर 4-6 घंटे में बदलकर पानी से ठीक प्रकार साफ करना चाहिए।कार्यक्रम में महिला नेतृत्व के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।




**अदालती सूचना**

**सम्मन वास्ते करारवाद उमूह तनकीह तलब**
**न्यायालय उप जिलाधिकारी (न्यायिक) धौलाना, जिला हापुड़**

नम्बर मुकदमा- 10042 सन- 2023

**मोनू शर्मा उर्फ मुनेश आदि बनाम शिवकुमार कुमार आदि**

1. जगन्नाथ पुत्र श्री दुर्जनलाल, निवासी ग्राम कपूरपुर, तहसील व जिला हापुड़।

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत 116/117 उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 22.10.2024 बरवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूरात अहम मुताल्लिका मुकदमा का जबाबदेही या जिसके साथ कोई और शख्स हो, जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब दावा की और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करें जिनपर आप बताई व अपनी जवाबदेही के इस्तदमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तेला जारी की जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर अदालत होवे वरना मुकदमा बगैर हाजिरी आप मसमूम और फैसला होगा।

बरवक्त मेरे दस्तख्त और मुहर अदालत के आज बतारीख 3/10/24 को जारी किया गया।

**उप जिलाधिकारी (न्यायिक)**
**धौलाना।**

# यूपी बोर्ड: कॉपियों का मूल्यांकन 17 मार्च से शुरू कराने की तैयारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** यूपी बोर्ड की वर्ष 2025 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 12 मार्च को समाप्त हो जाएंगी। कॉपियों का मूल्यांकन 17 मार्च से शुरू करने की तैयारी है। 15-16 दिनों में कार्य पूरा होने और अप्रैल के अंत में परिणाम आने की उम्मीद है।परीक्षाएं पूरी होने के बाद 13 मार्च को होलिका दहन और 14 मार्च को होली का पर्व है। ऐसे में दो दिनों तक मूल्यांकन केंद्रों तक कॉपियों को पहुंचा पाना मुश्किल होगा। 15 या 16 मार्च से कॉपियों को मूल्यांकन केंद्रों में पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी और सब कुछ ठीक रहा तो 17 मार्च से कॉपियों का मूल्यांकन भी शुरू करा दिया जाएगा। कॉपियों का मूल्यांकन 15 से 16 दिनों में पूरा करने का लक्ष्य है। ऐसे में मार्च के अंत या अप्रैल की शुरूआत में मूल्यांकन कार्य पूरा होने की उम्मीद है। मूल्यांकन कार्य समय से पूरा हो जाता है तो अप्रैल के अंत या मई की शुरूआत में हाईस्कूल व इंटर का परीक्षा परिणाम जारी किया जा सकता है।नतीजे समय से तैयार किया जा सके, इसके लिए 20 अंकों की वस्तुनिष्ठ परीक्षा के लिए प्रयोग की जा रही ओएमआर शीट का मूल्यांकन छह मार्च से शुरू कराया जाएगा। ओएमआर शीट की अत्यधिक संख्या को देखते हुए बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने इसे तीन चरणों में संकलन केंद्र से क्षेत्रीय कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय से संबंधित कंप्यूटर फर्मों तक पहुंचाने के दिशा-निर्देश दिए हैं।

## बोर्ड परीक्षा: बुधवार को10 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित, उड़न दस्ते ने विभिन्न परीक्षा केदो का किया निरीक्षण

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में बने विभिन्न परीक्षा केदो पर बुधवार को बोर्ड परीक्षा में 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे' उड़न दस्ते ने विभिन्न परीक्षा केदो का औचक निरीक्षण किया ' पहली पारी में विभिन्न परीक्षा केदो पर 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा'' दूसरी पारी में 9 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे' उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई स्कूल इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा हेतु तहसील क्षेत्र में 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के कुल 9173 छात्र-छात्राएं पंजीकृत है ।विभाग द्वारा नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए उचित प्रबंध किए गए हैं' आज जिला प्रशासन द्वारा गठित उड़न दस्तें ने विभिन्न परीक्षा केदो का औचक निरीक्षण किया' नगर में ध्यान सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज को अप संकलन केंद्र बनाया गया है' केंद्र के प्रभारी रामसागर ने देर शाम " बुलन्द संदेश" को बताया कि बुधवार को प्रथम पारी में इंटरमीडिएट उर्दू की परीक्षा थी इसमें 62 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा' दूसरी पारी में इंटरमीडिएट इतिहास की परीक्षा थी जिसमें 81 परीक्षार्थी पंजीकृत थे इसमें 9 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## शिक्षकों के खाते में फरवरी माह का वेतन 10 मार्च तक पहुंचने की उम्मीद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील एवं जनपद के हजारों परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का फरवरी माह का वेतन ग्रांट में करीब 1 करोड़ की कमी के कारण 10 मार्च तक खातों में पहुंचने की उम्मीद है' जानकारी के अनुसार जनपद के हजारों शिक्षकों को फरवरी माह का वेतन अब तक मिल जाना चाहिए था विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बुधवार की देर शाम बताया की ग्रांट में कमी होने के कारण फरवरी माह के वेतन में देरी हो रही है' 8 मार्च तक वेतन की ग्रांट मिलने की उम्मीद है' शिक्षकों के खाते में 10 मार्च तक वेतन पहुंचने की उम्मीद है' दूसरी और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सर्वेश शर्मा एवं जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर कपिल सिरोही शिक्षकों को शीघ्र वेतन मिलने के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं।




## "हमारा आंगन- हमारे बच्चे उत्सव" डायट में आज होगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ( डायट ) में 6 मार्च को हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी ने इसमें प्राथमिक विद्यालयों के जिम्मेदारों से प्रतिभाग करने को कहा है। बुनियादी साक्षरता एवं प्राथमिक दक्षता प्राप्त करने के लिए पूर्व प्राथमिक शिक्षा का सार्वभौमीकरण किया जाना लक्षण है। उन्होंने अपील की है कि अभिभावक अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों एवं प्राथमिक विद्यालयों में नियमित रूप से भेजें। कार्यक्रम में नोडल शिक्षक, संकुल सदस्य, एआरजी, डायट मेंटर छजलैट, एसआरजी, डायट मेंटर, प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालय के नोडल अध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सीडीपीओ, सुपरवाइजर, ब्लॉक स्तरीय प्रशासनिक अधिकारी, एसडीएम, एडीओ पंचायत आदि शामिल होंगे।



## राजमार्गों के किनारे "मवेशी आश्रय स्थल" बनाएगी सरकार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर घूमते आवारा पशु सड़क दुर्घटना का बड़ा कारण बनते हैं। इससे निपटने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे प्रत्येक 50 किलोमीटर पर मवेशी आश्रय बनाने की प्रक्रिया शुरू की है। सरकार ने आवारा पशुओं के लिए आश्रय बनाने संबंधी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी कर दी है। इस पहल से राष्ट्रीय राजमार्गों का सफर सुरक्षित होने के साथ ही आवारा पशुओं को आश्रय, चारा और चिकित्सा सुविधा मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा।भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने दो महीने पहले एनएच-334बी के उत्तर प्रदेश/हरियाणा बॉर्डर से रोहना खंड (खरखौदा बाईपास), एनएच-148बी के भिवानी-हांसी खंड पर हांसी बाईपास, एनएच-21 के कीरतपुर-नेरचौक खंड पर मवेशी आश्रय योजना की शुरूआत की थी।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में बनेंगे ओपन जिम, खेलकूद सामग्री के लिए भी मिलेंगे दो-दो लाख रुपये

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** प्रदेश में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जा रहा है। यहां की छात्राओं को स्वस्थ रखने व खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने की योजना पर भी तेजी से काम चल रहा है। अब केजीबीवी में ओपन जिम भी बनाए जाएंगे। केंद्र सरकार की प्रोजेक्ट एडवायजरी बोर्ड (पीएबी) की बैठक में इस पर सैद्धांतिक सहमति मिल गई है।

बैठक में तय किया गया कि ओपन जिम के लिए 13.66 करोड़ दिए जाएंगे। इसके साथ ही 683 कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में खेलकूद सामग्री खरीदने के लिए प्रति विद्यालय दो-दो लाख कुल 13.66 करोड़ दिए जाएंगे। वहीं एक कस्तूरबा, एक खेल योजना को भी बढ़ावा देने के लिए पीएबी ने सहमति दी है। यह बजट नए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए होगा।

समग्र शिक्षा के उप निदेशक डॉ. मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि 'एक कस्तूरबा एक खेल योजना' के तहत 145 कस्तूरबा विद्यालयों के लिए पांच लाख प्रति विद्यालय के हिसाब से बजट स्वीकृत किया जाएगा। इसे और कस्तूरबा विद्यालयों में भी आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कवायद कस्तूरबा की छात्राओं के बेहतर स्वास्थ्य व उनको राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताओं में आगे बढ़ाने के लिए की जा रही है। ताकि छात्राएं पढ़ाई। के साथ-साथ हर क्षेत्र में अपना स्थान बना सकें।

# नगर पंचायत उमरीकला में क्षमता संवर्धन कार्यशाला का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** नगर पंचायत उमरी कलां द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया' जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा कार्यशाला में कर्मचारियों को कूड़े को अलग अलग कूड़े दान मे संग्रहित करने व संग्रहित कूड़े को कूड़े गाड़ी मे अगल अलग दिए जाने हेतु प्रशिक्षित किया गया व एमआरएफ सेंटर मे सूखे कूड़े के निस्तारण गतिविधियों ( रीयूस, रिसाकल, रिडयूज ) आदि के बारे मे विस्तार से समझाया गया ।कार्यशाला में नगर पंचायत उमरी कलां अधिशासी अधिकारी श्वेतांक सारस्वत , जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जय कुमार (लिपिक), सफाई मित्र आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।



# रमजान, होली, नवरात्र और ईद पर्व को लेकर "82 हजार वालंटियर रखेंगे सोशल मीडिया पर नजर"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** रमजान, होली, नवरात्र और ईद को लेकर एडीजी रमित शर्मा ने सोशल मीडिया पर सतत निगरानी के निर्देश दिए हैं। हाइब्रिड मोड में हुई बैठक में जोन के सभी परिक्षेत्रीय और जनपदीय सोशल मीडिया सेल प्रभारी व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। 82 हजार से ज्यादा वालंटियर सोशल मीडिया पर नजर रखेंगे और खुराफात करने वालों की सूचना देंगे। बैठक में एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि शांति समिति की तरह ही सोशल मीडिया पर सक्रिय डिजिटल वॉलंटियर्स भी कानून व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। वर्ष 2015 में मेरठ परिक्षेत्र से शुरू हुए डिजिटल वॉलंटियर्स कार्यक्रम में अब बरेली जोन से 82,332 लोग शामिल हो चुके हैं। ये सभी माइक्रो सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर और प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं, जो स्वेच्छा से पुलिस का सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बरेली जोन के सभी थाना क्षेत्रों में अच्छी छवि वाले सोशल मीडिया पर सक्रिय व्यक्तियों को डिजिटल वॉलंटियर्स के रूप में जोड़कर कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनकी मदद ली जाएगी।



सोशल मीडिया पर हो 24 घंटे निगरानी एडीजी ने सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर चौबीस घंटे गहन निगरानी रखने के निर्देश दिए। कहा कि आपत्तिजनक या भ्रामक पोस्ट पर तत्काल खंडन कर विधिक कार्यवाही करें।

# टीएमयू क्विज प्रतियोगिता में ज्ञानी पुरूष टीम की झोली में स्वर्ण पदक

बुलन्छ संदेश ब्यूरो

**तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइन्सेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी और फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग- एफओई के फ्री थिंकर्स क्लब की अपने देश को जानें पर दो दिनी क्विज प्रतियोगिता में टीम एसेंट ने रजत पदक तो टीम ब्रेनी बाउल ने जीता कांस्य पदक**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइन्सेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी और फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग- एफओई के फ्री थिंकर्स क्लब की अपने देश को जानें पर आयोजित दो दिनी क्विज प्रतियोगिता में बीटेक सीएस एवम् एआई के स्टुडेंट्स- जय कथूरिया, आर्यन कुमार और नकुल जैन की टीम- ज्ञानी पुरुष ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बीएससी ऑनर्स मैथ्स की मुस्कान शाह, बीटेक सीएसई की कृतिका जैन और बीसीए एमएडब्ल्यूटी की गौरी गुप्ता की टीम एसेंट ने रजत पदक, जबकि बीसीए द्वितीय वर्ष के स्टुडेंट्स- भूमिका गुलाटी, नमन विश्नोई और सुजीत यादव की टीम- ब्रेनी बाउल ने कांस्य पदक पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रोग्राम्स के स्टुडेंट्स की कुल 70 टीमों ने पंजीकरण कराया। प्रारंभिक चरण की वस्तुनिष्ठ सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 50 टीमों ने भाग लिया। पहले चरण में सफल 14 टीमों का चयन सेमीफाइनल राउंड के लिए हुआ। अंत में 06 टीमें विजयी फाइनल राउंड में पहुंचने में सफल रहीं। विजेता टीमों को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने कहा, इस क्विज प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य प्रतिभागियों के अपने देश, संस्कृति, इतिहास और राष्ट्रीय महत्व का परीक्षण करना था। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अपनी राष्ट्रीय विरासत से जुड़ने और अपने ज्ञान का लगातार विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो. द्विवेदी ने कहा, अपने देश को जानें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ने प्रतिभागियों के बीच सीखने, सौहार्द और टीम वर्क की भावना को बढ़ाने के लिए अति महत्वपूर्ण है। फ्री थिंकर्स क्लब की कोऑर्डिनेटर्स डॉ. सोनिया जयंत और डॉ. इंदु त्रिपाठी ने कहा, फ्री थिंकर्स क्लब छात्रों के बीच सीखने और बौद्धिक जिज्ञासा को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के और अधिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर डॉ. संदीप वर्मा, डॉ. जरीन फारूक, डॉ. अजय उपाध्याय, डॉ. संकल्प गोयल, श्री केबी आनंद, छात्र समन्वयक- संयम जैन, मीनाक्षी आदि मौजूद रहे।



# "बुलन्द संदेश" एक्सक्लूसिव: वैज्ञानिक युग में डीजे के शोर में लुप्त हो गए होली के लोकगीत और "चौपाइयां"

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** आज के वैज्ञानिक युग में डीजे के शोर में गुम हो गए होली के लोकगीत और चौपाइयां करीब चार दशक पूर्व लोकगीतों में झलकती थी भारतीय संस्कृति , गीतों में आती थी अपनी माटी की खुश्बू' होली पर लोक गीतों की धूम रहती थी और और दुलहेंडी के अगले दिन नगर में निकलने वाली वार्षिक होली की शोभायात्रा में गांव गांव से आने वाली चौपाइयों में लोक गीत गाए जाते थे इन चौपाइयों को सुनने और देखने के लिए हजारों की भीड़ जमा होती थी लेकिन आज के युग में डीजे की धुन पर लोकगीत लुप्त होते जा रहे हैं वार्षिक शोभायात्रा में चौपाइयों की मौजूदगी नाम मात्र की रह गई है ।ढोल के डंके के साथ गाये जाने वाले होली के उन गीतों में अपनी माटी , भारतीय संस्कृति , सभ्यता , शिक्षा , आपसी प्रेम , उल्लास और अपनापन झलकता था । यह लोकगीत रिश्तों , मयार्दाओं , घर परिवार , कर्तव्य , अच्छे - बुरे का बोध भी कराते थे । होली के उस हुड़दंग में अठखेलियां , मनोरंजन , भाईचारे का समावेश होता था । एक समय वह था जब सवा महीने पहले से ही गली - मोहल्लों में होली के ढोल बजने लगते थे और होली के दीवाने नाच नाचकर होली के शिक्षाप्रद लोकगीत गाते थे । इन लोकगीतों में भारतीय संस्कृति की झलकती थी । लेकिन वर्तमान में भारतीय संस्कृति और अपनी जड़ों की याद ताजा कराने वाले यह ड्ड लोकगीत डीजे पर मचने वाले शोर में गुम होकर रह गए हैं । करीब 40 साल पहले बसंत पंचमी से ही होली के ढोल बजने लगते थे । गली मोहल्ले , चौराहे और चौपाल होली के लोग गीतों संगीतमय हो जाते थे । होलिका महीनों पहले से त्योहार आने की खुशी होने लगती थी । आज आमजन के मन में त्योहार की खुशी और उल्लास कम व तनाव अधिक रहता है । अब हमारी धरोहर , यादें और संस्कृति तथा सभ्यता भौतिकता में लुप्त होती जा रही है । डीजे के शोर और चकाचौंध में लोकगीत लोकनृत्य गुम होते जा रहे हैं । चौपाई निकालने की परंपरा हो रही लुप्त । होली के त्योहार पर गांव - गांव , शहर - शहर निकलने वाली चौपाइयां भी आज के दौर में लुप्त होती जा रही हैं । पहले एक जमाना था , जब भारतीय में संस्कृति का प्रतीक कहे जाने वाले होली के त्योहार पर लोग सवा महीने पहले से प्रतिदिन चौपाइयां निकाला करते थे । चौपाइयों में जहां मनोरंजन किया जाता था ।वहीं होली आ रही है का संदेश भी लोगों को दिया जाता है । इन चौपाइयों से त्योहार पर सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की जाती थीं । चर्म रोगों के लिए टेसू के फूलों को पका कर बनाया गया रंग होली के त्योहार पर वरदान साबित होता था । पकाकर तैयार किया जाने वाला रंग संक्रामक रोगों का दुश्मन था ।आयुर्वेद में चरम रोग होने पर टेसू के फूलों को पका कर रंगीन पानी से नहाने के लिए बताया जाता है ।लेकिन आज इसकी जगह केमिकल रंगों ने ले ली है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है' 13 मार्च को होलिका दहन होगा और 14 मार्च को अबीर गुलाल और गीले रंगों से होली खेला जाएगा 15 मार्च को नगर में होली की वार्षिक शोभायात्रा निकाली जाएगी ।

# गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय का कार्यालय राजकीय पॉलीटेक्निक में शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के संचालन की तैयारियां की जा रही हैं। इसके लिए अस्थायी कार्यालय भी बन गया है। राजकीय पॉलीटेक्निक मुरादाबाद में कार्यालय शुरू हो गया।

कुलपति का कहना है कि अब विश्वविद्यालय संचालन से संबंधित दैनिक कार्य निपटाए जा सकेंगे 'पांच महीने में कुलपति आवास व दिसंबर तक एकेडमिक ब्लॉक बनने की उम्मीद है 'विश्वविद्यालय निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। सबसे पहले कुलपति आवास और कर्मचारी आवास के बनने की उम्मीद है। इसके साथ ही पिछले दिनों उच्च शिक्षा विभाग के विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी ने निमार्णाधीन विश्वविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया था। उन्होंने दिसंबर तक एकेडमिक ब्लॉक निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए थे। इसके लिए मजदूरों की संख्या बढ़ाने और सीसीटीवी कैमरों से निर्माण कार्य की निगरानी करने को कहा था । दिसंबर माह में बरेली से स्टाफ की नियुक्ति होने के बाद कर्मचारी भी सर्किट हाउस से विश्वविद्यालय संचालन के कार्य कर रहे है। कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी का कहना है कि अभी व्यवस्थाओं से संबंधित कार्य किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय संचालन के लिए समितियों का होना जरूरी है।इसके लिए कॉलेजों से शिक्षकों की वरिष्ठता सूची मांगी गई थी। एक सात सदस्यीय समिति इस सूची का सत्यापन कर रही है, ताकि शिक्षकों के वरिष्ठता क्रम में कोई समस्या न हो। अगले एक सप्ताह में सत्यापन के बाद सूची मिल जाएगी। इसके बाद विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति, परीक्षा समिति, एग्जीक्यूटिव व अन्य समितियों का गठन किया जाएगा।

## कार्यालय ग्राम पंचायत छज्जुपुरा दोयम वि0ख0 छजलैट जनपद मुरादाबाद

पत्र सं0 मीमों/ग्राम निधि-मनरेगा/ग्रा0पं0/निविदा/2024-25 दिनांकः- 05.03.2025

**-ः अल्पकालीन निविदा सूचनाः-**

ग्राम पंचायत छज्जुपुरा दोयम विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की आयोजित बैठक में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत ठेकेदार दिनांक 06.03.2025 से 12.03.2025 समय दोपहर 02ः00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण-पत्र/व्यापारकर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जनानत राशि के साथ एफ0डी0आर0 आदि संलग्नक करते हुये अपनी निविदा अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 12.03.2025 को अपराहन 03ः30 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | जमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा मूल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंकित के घर से महीपाल के घर तक नाली निर्माण कार्य | 105358 | 1700 | 300 | 1 माह |

**शर्तेः-**

1.आयकर, व्यापारकर नियमानुसार देय होगा, ठेकेदारो को आयकर व्यापारकर एंव टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्तारी को निहित होगा।
3. कोई भी निविदा बिना शर्त स्वीकार नही की जायेगी।

**सचिव**
ग्राम पंचायत छज्जुपुरा दोयम
वि0ख0 छजलैट जनपद मुरादाबाद

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत छज्जुपुरा दोयम
वि0ख0 छजलैट जनपद मुरादाबाद

## बरेली पुलिस का हाई अलर्ट | 814 जवानों ने किया दमदार प्रदर्शन

# दंगाइयों से निपटने के लिए आधुनिक तैयारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बरेली।** आगामी त्योहारों के दौरान शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बरेली पुलिस ने अपने बल को हाई अलर्ट पर रखा और जबरदस्त बलवा ड्रिल का आयोजन किया। पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित इस बड़े अभ्यास में कुल 814 पुलिसकर्मियों ने हिस्सा लिया। यह ट्रेनिंग आधुनिक दंगा नियंत्रण तकनीकों को सीखने और आपातकालीन स्थितियों से निपटने की रणनीतियों पर केंद्रित थी।

दंगाइयों के खिलाफ सशक्त कदमः

**1. आधुनिक तकनीकों का अभ्यासः**

पुलिस बल ने टियर गैस, लाठीचार्ज, रबर बुलेट, और अन्य विशेष उपकरणों के इस्तेमाल का व्यावहारिक प्रशिक्षण लिया।

**2. रणनीतिक तैयारीः**

भीड़ नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अलग-अलग आधुनिक तरीकों का अभ्यास किया गया।

3. विशाल भागीदारीः

इसमें वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर आरक्षियों तक, कुल 814 पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। इसमें 5 अपर पुलिस अधीक्षक, 13 क्षेत्राधिकारी, 29 थाना प्रभारी, 80 उपनिरीक्षक, और अन्य अधिकारी शामिल थे।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि शांति भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आम जनता से अफवाहों पर ध्यान न देने और सहयोग बनाए रखने की अपील की। त्योहारों के समय कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बरेली पुलिस पूरी तरह से तैयार है। इस अभ्यास ने पुलिस बल को आधुनिक दंगा नियंत्रण तकनीकों में निपुण बना दिया है और शहर में शांति और सुरक्षा का माहौल बनाने की ओर एक बड़ा कदम उठाया है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश



# दक्षिण भारतीय फिल्म में डेब्यू के लिए तैयार सोनाक्षी सिन्हा, जल्द शुरू होगी शूटिंग

बॉलीवुड में 'दबंग, 'तेवर जैसी फिल्में देने वाली अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही हैं। जानकारी के अनुसार अभिनेत्री तेलुगू भाषा की फिल्म 'जटाधारा में नजर आएंगी, जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। 'जटाधारा में सुधीर बाबू भी हैं। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। इंडस्ट्री के सूत्रों ने अभिनेत्री के फिल्म में शामिल होने के संकेत दिए हैं। फिल्म में सोनाक्षी को एक मजबूत और अलग तरह की भूमिका के लिए चुना गया है। अपकमिंग फिल्म 'जटाधारा के बारे में बता दें, फिल्म का मुहूर्त पूजन हाल ही में हैदराबाद के एक मंदिर में किया गया। धूमधाम से आयोजित समारोह में मुख्य अतिथियों के तौर पर निर्देशक हरीश शंकर, 'पुष्पा 2ः द रूल के निमार्ता रवि शंकर समेत फिल्म जगत के अन्य सितारे शामिल हुए। मुहूर्त पूजन में निर्देशक वेंकी अटलूरी, निर्देशक मोहना इंद्रगांती, शिल्पा शिरोधाकर समेत अन्य ने शिरकत की। 'जटाधारा एक्शन और सस्पेंस से भरपूर मनोरंजक फिल्म है, जिसमें अभिनेता सुधीर बाबू मुख्य भूमिका में हैं। 'जटाधारा की पौराणिक कथाओं के साथ कहानी को निमार्ताओं ने मनोरंजक मोड़ दिया है। फिल्म के बारे में सुधीर बाबू ने कहा, मैं इस नई यात्रा के लिए रोमांचित हूं। जटाधारा का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। मैं इस किरदार को निभाने के लिए उत्साहित हूं। स्क्रिप्ट में हमारी समृद्ध पौराणिक मान्यताओं को वैज्ञानिक तथ्यों के साथ सहजता से जोड़ा गया है, जो दर्शकों के लिए एक बेहतरीन और नया अनुभव लेकर आएगा और मेरा मानना है कि यह दर्शकों पर एक खास प्रभाव छोड़ेगा। 'जटाधारा के मुहूर्त समारोह में जी स्टूडियो के प्रस्तुतकर्ता उमेश के.आर. बंसल और प्रेरणा वी. अरोड़ा भी शामिल हुईं। वर्कफ्रंट की बात करें तो सोनाक्षी सिन्हा के पास 'जटाधारा के अलावा 'तू है मेरी किरण भी है, जिसमें वह पति-अभिनेता जहीर इकबाल के साथ नजर आएंगी। सोनाक्षी सिन्हा के पास 'निकिता रॉय एंड द बुक ऑफ डार्कनेस भी है।

# नादानियां का नया पोस्टर जारी, अपने-अपने परिवार के साथ दिखे खुशी कपूर और इब्राहिम अली खान



शाउना गौतम के निर्देशन में बन रही फिल्म नादानियां को दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहा हैं।

यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसके जरिए सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं।

फिल्म में इब्राहिम की जोड़ी खुशी कपूर के साथ बनी है। आर्चीज और लवयापा के बाद यह उनके करियर की तीसरी फिल्म है।

अब निमार्ताओं ने नादानियां का नया पोस्टर जारी कर दिया है।

नए पोस्टर में इब्राहिम और खुशी की खूबसूरत केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। वह दोनों अपने-अपने परिवार के सदस्यों के साथ नजर आ रहे हैं।

फिल्म में खुशी के पिता सुनील शेट्टी बने हैं तो वहीं उनकी मां की भूमिका महिमा चौधरी निभा रही हैं। उधर, इब्राहिम के पिता के किरदार में जुगल हंसराज दिखेंगे तो वहीं उनकी मां दिया मिर्जा बनी हैं। नादानियां 7 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी। करण जौहर इसके निमार्ता हैं।

# विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म छावा का तेलुगु ट्रेलर रिलीज, 7 मार्च का रिलीज होगी फिल्म



विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म छावा का तेलुगु ट्रेलर सोमवार को काफी धूमधाम से रिलीज किया गया. ऐतिहासिक एक्शन ड्रामा, जिसने पहले ही हिंदी में धूम मचा दी है, अब फिल्म अपनी तेलुगु रिलीज के लिए तैयार है. फिल्म में विक्की ने वीर मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाई है, जबकि रश्मिका ने उनकी पत्नी येसुबाई भोंसले का किरदार निभाया है.

अपनी मोस्ट अवेटेड रिलीज के बाद ट्रेलर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से धूम मचाई और कई लोगों ने फिल्म के तेलुगु वॉयसओवर की तारीफ की. बता दें तेलुगु में छावा 7 मार्च 2025 को रिलीज ने के लिए तैयार है. छावा हिंदी में दुनियाभर में तबाही मचा रही है। तेलुगु में रिलीज होने के लिए सबसे बड़ी बात यह है कि तेलुगु वर्जन में लेजिम डांस पर किसी तरह की रोक नहीं लगाई गई है. यानि तेलुगु दर्शकों को फिल्म के हिंदी वर्जन से हटाया गया लेजिम डांस भी देखने को मिलेगा. इस बात पर लोगों ने सोशल मीडिया पर अपना एक्साइटमेंट जाहिर किया. एक यूजर ने लिखा, तेलुगु दर्शक ज्यादा भाग्यशाली हैं कि वे महाराज लेजिम देख सकते हैं. जय भवानी. एक ने लिखा, क्या बात है, तेलुगु वाले लोग वकी हैं. बता दें विक्की कौशल का लेजिम डांस सीक्वेंस बड़े हंगामे के बाद हिंदी वर्जन से हटाना पड़ा था। छावा पहले ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है, अब तक फिल्म 450 करोड़ से ऊपर कलेक्शन कर चुकी है. वहीं वर्ल्डवाइड 600 करोड़ का आंकड़ा पार करने वाली है अब इसकी तेलुगु रिलीज केवल इसकी सफलता में इजाफा करने वाली है।

# रिवीलिंग लहंगा पहन रकुल प्रीत सिंह दिखीं बला की खूबसूरत, लेटेस्ट तस्वीरों ने बढ़ाई फैंस की धड़कनें

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। बी-टाउन की खूबसूरत हसीना रकुल प्रीत सिंह अक्सर अपने लेटेस्ट लुक्स को लेकर चचाओं में रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही



तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने गोल्डन कलर का रिवीलिंग स्टाइलिश गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टा पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक स्टाइल को फॉलो करते हैं। गले में नेकलेस, खुले बाल और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये ग्लैमरस अवतार देखकर फैंस उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।

# रोजमर्रा की कई समस्याओं का समाधान बन सकता है नींबू के छिलकों का इस्तेमाल, जानें कैसे

नींबू का उपयोग तो हम सभी करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके छिलके भी बहुत काम आ सकते हैं? नींबू के छिलके में कई ऐसे गुण होते हैं, जो हमारे रोजमर्रा के कुछ कामों को आसान बना सकते हैं। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कैसे आप नींबू के छिलकों का सही तरीके से उपयोग कर सकते हैं। ये टिप्स हर किसी के लिए फायदेमंद हो सकती हैं।



**घर की सफाई में करें इस्तेमाल**

नींबू के छिलके घर की सफाई में बहुत मददगार होते हैं।

अगर आपकी रसोई या बाथरूम में जिद्दी दाग लगे हों, तो नींबू के छिलकों को नमक या बेकिंग सोडा के साथ मिलाकर उन पर रगड़ें। इससे दाग आसानी से हट जाएंगे और सतह चमक उठेगी।

इसके अलावा नींबू का प्राकृतिक एसिडिक गुण बैक्टीरिया को मारने में भी सहायक होता है, जिससे आपका घर स्वच्छ रहता है।

**प्राकृतिक एयर फ्रेशनर बनाएं**

नींबू के छिलकों से आप एक प्राकृतिक एयर फ्रेशनर बना सकते हैं। इसके लिए कुछ नींबू के छिलकों को पानी में उबालें और उसमें थोड़ी सी दालचीनी डाल दें। इस मिश्रण को ठंडा होने दें और फिर इसे स्प्रे बोतल में भरकर कमरे में स्प्रे करें।

इससे आपके कमरे की हवा ताजगी भरी रहेगी और कृत्रिम रसायनों से बचाव होगा। यह तरीका पर्यावरण के अनुकूल है और आपकी जेब पर भी भारी नहीं पड़ेगा।

**कपड़ों की खुशबू बढ़ाएं**

अगर आपके कपड़े अलमारी या ड्रॉअर में रखे-रखे बदबुदार हो गए हों तो उनमें कुछ सूखे हुए नींबू के छिलके रख दें। ये छिलके न केवल बदबू को दूर करेंगे बल्कि कपड़ों को एक ताजगी भरी खुशबु भी देंगे, जिससे वे लंबे समय तक महकते रहेंगे।

यह तरीका खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो आर्टिफिशियल सुगंधों से बचना चाहते हैं और प्राकृतिक विकल्प अपनाना पसंद करते हैं।

त्वचा की देखभाल करें

नींबू का छिलका आपकी त्वचा की देखभाल के लिए एक बेहतरीन तरीका हो सकता है। इसमें विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है, जो त्वचा को निखारने और उसे स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है।

इसके लिए कुछ सूखे हुए नींबू के छिलकों को पीसकर उसमें थोड़ा-सा शहद मिलाएं और इसे चेहरे पर लगाएं।

यह मिश्रण आपकी त्वचा को तरोताजा महसूस कराएगा और उसे प्राकृतिक चमक देगा। इसके नियमित उपयोग से आपकी त्वचा की रंगत में सुधार होगा।

**बर्तन चमकाने का उपाय**

अगर आपके बर्तन धुंधले और पुराने दिख रहे हों तो उन्हें चमकाने के लिए नींबू का छिलका एक बेहतरीन उपाय हो सकता है।

इसके लिए थोड़ा-सा नमक लें और उसे नींबू के छिलके पर डालकर बर्तनों पर रगड़ें, फिर पानी से धो लें। इससे आपके बर्तन नई जैसी चमक पाने लगेंगे और वे साफ-सुथरे दिखेंगे।

यह तरीका खासकर स्टील या तांबे जैसे धातुओं पर बहुत अच्छा काम करता है, जिससे आपके किचन का सामान हमेशा चमकता रहेगा।

# प्रेगनेंसी के दौरान गर्भवती महिलाएं अपने डाइट में शामिल करें ये फूड आइटम्स, जच्चा-बच्चा दोनों रहेंगे हेल्दी

गर्भवती होना हर महिला के लिए एक खास एहसास होता है. ऐसे में इस समय अपनी सेहत का ख्याल रखना ज्यादा जरूरी है. गर्भावस्था के दौरान जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती हैं, क्योंकि इस दौरान मां के गर्भ में बच्चा भी बढ़ रहा होता है, जिसकी पूरी देखभाल की जरूरत होती है. इसलिए, गर्भावस्था के दौरान उचित आहार लेना बहुत महत्वपूर्ण है. ताकि मां और बच्चा दोनों स्वस्थ रह सकें।



गर्भवती महिलाओं द्वारा इन खाद्य पदार्थों को खाने से उनके शरीर में आयरन के स्तर को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है।

**गर्भावस्था के दौरान आवश्यक खाद्य पदार्थ**

खजूर, अंजीर और किशमिशः खजूर, अंजीर और किशमिश आयरन, मैग्नीशियम, विटामिन ए और सी से भरपूर होते हैं. गर्भवती महिलाओं को ऊर्जा और आयरन के स्तर को बनाए रखने के लिए 2-3 खजूर, 2 अंजीर और एक चम्मच किशमिश को रात भर भिगोकर सुबह खाना चाहिए। आंवला, चुकंदर और गाजरः चुकंदर और गाजर आयरन से भरपूर होते हैं, जबकि आंवला विटामिन सी से भरपूर होता है. आंवले में मौजूद विटामिन सी अन्य दो से आयरन के स्तर को बढ़ाता है. इसलिए, तीनों को एक साथ खाने से गर्भवती महिलाओं के शरीर में आयरन का स्तर बढ़ सकता है।

**नारियल:** नारियल में आयरन प्रचुर मात्रा में होता है. इसलिए, खजूर को लड्डू के रूप में खाने, नारियल को गुड़ के साथ खाने या नारियल पानी के रूप में पीने से एनीमिया से लड़ने और हीमोग्लोबिन बढ़ाने में मदद मिलती है. यह सीने में जलन और कब्ज को भी रोक सकता है।

**अनार:** अनार में विटामिन के, विटामिन सी, फाइबर, पोटैशियम और प्रोटीन भरपूर मात्रा में होता है. वैसे तो कई ऐसे फल हैं जिनमें आयरन की मात्रा अधिक होती है, लेकिन विशेषज्ञ एनीमिया के लिए अनार खाने की सलाह देते हैं. क्योंकि इसमें विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है. चूंकि अनार में विटामिन सी प्रचुर मात्रा में होता है, इसलिए हमारा शरीर इसमें मौजूद आयरन को आसानी से अवशोषित कर लेता है। **हरी मूंग दालें:** मूंग दालों में फोलेट होता है। इसमें आयरन, प्रोटीन और फाइबर भी प्रचुर मात्रा में होता है. जो गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के लिए अधिक आवश्यक है. इसलिए अधिकतम लाभ के लिए, कच्चे अंकुरित अनाज के बजाय उन्हें पकाकर खाएं।

भुने हुए चनेः चने में 22 फीसदी आयरन होता है. जिससे शरीर में लाल रक्त कणिकाओं की संख्या बढ़ती है. इससे गर्भावस्था के दौरान थकान और मतली से कुछ राहत मिलती है। **चने:** चने में आयरन, कैल्शियम और फोलेट जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं, जो बच्चे के स्वस्थ विकास और मां के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं। **बादाम:** बादाम में मौजूद आयरन प्रतिरक्षा और हृदय के विकास में सुधार करने में मदद करता है. इससे मां के शरीर से बच्चे तक ऑक्सीजन पहुंचाने में मदद मिलती है. यह गर्भवती महिलाओं को थकान से राहत दिलाने में भी मदद करता है।

# तुम्हारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है मगर ए आंकड़े झूठे हैं ए दांवा किताबी हैः तनुज पुनिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (शशि भूषण दूबे/रोमेश रंजन दूबे)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन, सांसद श्री तनुज पुनिया ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश में लगातार दलितों के खिलाफ बढ़ते उत्पीड़न अपराधों पर प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। प्रेसवार्ता में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रो0 आर0बी0 बौद्ध, प्रदेश प्रवक्ता डॉ0 सुधा मिश्रा, श्रीमती सिद्धिश्री मुख्य रूप से मौजूद रही।

श्री तनुज पुनिया ने प्रेसवार्ता की शुरूआत मशहूर कवि अदम गोंडवी की लाइनों से शुरू करते हुए कहा कि तुम्हारी फाइलों में गाँव का मौसम गुलाबी है, मगर ये आँकड़ें झूठे हैं ये दावा किताबी है। ह्यह्यउधर जम्हूरियत का ढोल पीटे जा रहे हैं वो, इधर पर्दे के पीछे बर्बरीयत है, नवाबी है।

श्री तनुज पुनिया जी ने कहा कि प्रदेश में दलितों के खिलाफ बर्बरीयत बढ़ती जा रही है। सच तो यह है कि योगी सरकार में दलित होना अपराध हो गया है। उन्होंने कहा कि एन.सी.आर.बी. के आकड़ों के मुताबिक प्रदेश में दलितों के खिलाफ अपराध बढ़त जा रहे हैं। एन.सी.आर.बी. के हालिया आकड़े जो दिसंबर 2023 में आए थे। उनके मुताबिक पूरे देश में दलितों के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध के मामले उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गये। श्री पुनिया ने बताया कि वर्ष 2022 में अनुसूचित जातियों के लिए कानून के तहत 51656 मामलों में से, उ0प्र0 में 12287 मामले दर्ज हुए थे। श्री तनुज पुनिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश में दलितों के खिलाफ जो जघन्य अपराध हो रहे हैं वो तो न सिर्फ बदस्तूर जारी हैं, बल्कि बढ़ते जा रहे हैं और दुर्भाग्य देखिए कि जो सामाजिक अपराध होने बंद हो चुके थे, वह इस सरकार में पुनः होने लगे हैं। जैसे किसी दलित की बारात न उठने देना, दूल्हे का घोडे. चढ़ने पर एतराज, मूंछ रखने न देना मगर आकंण्ठ दलितों के खिलाफ नफरत में डूबी सरकार में इस तरह के अपराध आएदिन होने लगे हैं। अभी मेरठ के कालिंदी गांव में 1 मार्च 2025 को गांव की ठाकुर बिरादरी के दबंगों द्वारा दलित की बारात पर हमला किया गया। दूल्हे के भाई संदीप को पीटा गया, दूल्हे को अपमानित कर सोने की अंगूठी, ब्रेसलेट और कैश लूट लिया गया। दबंग भाजपा की झंडा लगी हुई गाड़ी से आए थे जो बरातियों में से कई लोगों को अपमानित और घायल कर गए। गांव में एक माह पहले भी प्रजापति परिवार की बारात के लोगों को भी दबंगों द्वारा पीटा गया था।



श्री पुनिया ने कहा कि ऐसी ही एक घटना 21 फरवरी 2025 को मथुरा के करनावल गांव में हुई जहां पर राजस्थान के डींग जिले के खेड़ा गांव से दो दलित युवकों की बारात आई थी। दुल्हनें ब्यूटी पार्लर से घर लौट रही थीं, तभी बाइक सवार कुछ युवकों से विवाद हो गया। इसके बाद दबंगों ने अपने साथियों के साथ मिलकर दुल्हनों और बारातियों के साथ मारपीट की। हमलावरों ने दूल्हे के पिता का सिर फोड़ दिया, जिसके बाद दूल्हा पक्ष रिश्ता तोड़कर वापस लौट गया। इसके बाद श्री पुनिया ने कहा कि अभी हाल फिलहाल में उत्तर प्रदेश में दलितों के खिलाफ कुछ प्रमुख अपराध की घटनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि 1 मार्च को जिला कासगंज के सिकंदरपुर वैश्य थाना अंतर्गत दबंगों द्वारा एक दलित परिवार के व्यक्ति की हत्या कर दी गई। रायबरेली के डलमऊ थाना क्षेत्र के रजौली गांव में एक दलित युवती को गांव के तीन युवकों ने तमंचे की नोक पर अगवा करके दुष्कर्म किया और बेहोशी की हालत में युवती को नग्न अवस्था में घर के बाहर फेंक कर भाग गए, जनपद कासगंज जिले के थाना सहावर क्षेत्र में दलित युवाओं के सीने पर जाटव लिखा देखकर जातिवादी मानसिकता से ग्रसित दबंग गुंडो ने उनकी बर्बरता पूर्वक पिटाई की, संभल के एसएम डिग्री कॉलेज में प्राचार्य ने दलित महिला असिस्टेंट प्रोफेसर से जबरन शारीरिक शोषण किया, सहसपुर देवबंद थाना क्षेत्र के ग्राम भापला खुर्द में एक 12 वर्षीय दलित बालक प्रिंस का अपहरण करने के बाद सिर कुचलकर निर्मम हत्या कर दी गई, 31 जनवरी को एक दलित लड़की की जघन्य हत्या अयोध्या के सहनवान में हुई। श्री तनुज पुनिया ने पत्रकार बन्धुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा के शासनकाल में एक तरफ जहां दलित अपनी राजी-रोटी के लिए परेशान हैं वहीं दूसरी तरफ संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण पर भी इस सरकार की कुदृष्टि है। 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में जिस प्रकार आरक्षण के नियमों का उल्लंघन हुआ और कोर्ट के दो-दो आदेशों के बावजूद सरकार द्वारा उनका पालन न करना दलित एवं आरक्षण विरोधी मंशा को उजागर करता है।

श्री पुनिया ने कहा कि दलितों के हितों का झूठा दावा करने वाली यह सरकार न तो उन्हें रोजगार दे पाई, न सुरक्षा दे पाई और न ही उनकी अस्मिता बचा पाई।

# पंजाबी अकादमी की अध्यापिकाओ ने सिरसा से मिल कर पंजाबी भाषा सिखलाई सेन्टर जल्द शुरू करने की गुहार लगाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**नई दिल्ली ।** पंजाबी अकादमी की रेगुलर पंजाबी भाषा सिखलाई सेन्टर की अध्यापिकाओं ने आज दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा को मिलकर अपनी मांगे रखी जिसमें पंजाबी अकादमी द्वारा रेगुलर पंजाबी भाषा सिखलाई सेन्टर जल्द शुरू करने एवं पंजाबी अकादमी को चलाने वाली गवर्निंग बॉडी के जल्द गठित करने की मांग की ताकि पहले की तरह फिर से रेगुलर पंजाबी भाषा सिखलाई सेन्टर शुरू हो सके। कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा सिरसा ने पंजाबी भाषा अध्यापकों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही इस विषय में सुचारू कदम उठाए जायेंगे और रेगुलर पंजाबी भाषा सिखलाई सेन्टर फिर से पहले की तरह दिल्ली के अलग-अलग क्षेत्रों में सिंह सभा गुरुद्वारो में जल्द शुरू किए जायेंगे।इस अवसर पर सिक्ख कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा से मिलने वालो में राजीव कौर, जसप्रीत कौर खालसा,कवलदीप कौर, परमिंदर कौर, चंनप्रीत कौर, दविंदर कौर सहित बहुत सी पंजाबी भाषा सिखाने वाली अध्यापकाये मोजूद थी। सभी ने सिक्ख मंत्री सिरसा का आभार व्यक्त भी किया।

# दिल्ली में आहार मेले का चिराग पासवान ने किया उद्घाटन, 22 देशों के लोगों ने लिया हिस्सा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के भारत मंडपम में 39 वें आहार अंतरराष्ट्रीय खाद्य एवं आतिथ्य मेले 2025 मेले का आगाज मंगलवार को हुआ. यह मेला 8 मार्च तक चलेगा. मेले का उद्घाटन केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने किया. इस अवसर पर भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला, कार्यकारी निदेशक प्रेमजीत लाल, विदेशी प्रतिनिधि एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।

पहली बार मेले का आयोजन 1,12,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में किया जा रहा है, जिसमें खाद्य उद्योग की से जुड़ी सभी वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया है. यह मेला बी 2 बी मेला है. इस बार मेले में 22 देशों के 80 प्रतिभागी इसमें भाग ले रहे हैं. साथ ही 1700 अन्य प्रतिभागी भी हिस्सा लेंगे.



मेले का आयोजन 1, 2, 3, 4, 5, 6, 8, 9, 10, 11, 12, 12 ए और 14 नंबर हॉल में किया गया है. कार्यक्रम में चिराग पासवान ने कहा, एक दिन ऐसा आना चाहिए जब दुनिया भर में हर खाने की मेज पर एक भारतीय व्यंजन हो। भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला ने कहा कि आहार मेले के इस संस्करण में कई विशेषताएं हैं. इसका आयोजन खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय और आईटीपीओ द्वारा कई सक्रिय एवं प्रभावशाली संघों की मदद से किया गया है. आईटीपीओ और सभी संघ मिलकर प्रयास करेंगे की चिराग पासवान के कुशल मार्गदर्शन में आहार को दुनिया की शीर्ष खाद्य प्रदर्शनी बनाने में कोई कसर नहीं छूटे. बता दें कि आहार मेला 8 मार्च तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित किया जाएगा।

एक दिन (सिंगल एंट्री) का टिकट 300 रुपए है, वहीं अगर कोई इसको पांचों दिन घूमना चाहता है तो उसकी टिकट के बार में ही ले सकते हैं इसका शुल्क 1000 रुपए में उपलब्ध है. मेले का टिकट आईटीपीओ की वेबसाइट और डीएमआरसी मोमेंटम 2.0 पर उपलब्ध है।

## सांसद और यूपी सरकार की पूर्व मंत्री स्वर्गीय कमल रानी वरुण की पुत्री हैं कानपुर की जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरूण

# जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण की सास लक्ष्मी को कानपुर में दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** संसार में जन्म और इसके बाद मृत्यु के क्रम में स्थूल शरीर छोड़कर सूक्ष्म शरीर में प्रवेश करने वाली समाज सेविका भी रही लक्ष्मी देवी को यहां भाजपा के जनप्रतिनिधियों और नेताओं समेत अन्य गण मान्य लोगों ने भी उनके त्रयोदशी संस्कार में भाग लेकर अपनी भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साकेत नगर में रहने वाली लक्ष्मी देवी अपने पीछे भरा पूरा परिवार मनीष सिंह, आशीष सिंह को छोड़ गईं हैं। वह जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्वप्निल वरुण की सास भी थीं।

हर किसी के सुख दुख में सदैव खड़े होने वाली सरल और शालीन स्वभाव की व्यवहार कुशल जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा नेता स्वप्निल वरुण की मां कमल रानी वरुण भी घाटमपुर से दो बार सांसद एक बार विधायक के साथ ही यूपी सरकार में मंत्री भी रह चुकी हैं। सन 2020 मृत्यु के मामले में विश्व व्यापी रहे कोरोना महामारी ने उन्हें यह संसार छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया था। फिलहाल अब हर जाति, हर धर्म और हर वर्ग के लोगों में मजबूत पकड़ रखने वाली जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण भी समाज सेवा और जनहित के मामले में लोक प्रिय रहीं अपनी मां कमल रानी वरुण के ही पद



चिन्हों पर चल रही हैं। शोषित वंचित और दलितों के हित कार्यो में भी अग्रणी और जन समस्याओं के खिलाफ शुरू से ही जुझारू तेवरों वाली जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण की सास लक्ष्मी देवी को श्रद्धांजलि देने वालों में भाजपा समेत विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधि नेताओं में क्षत्रिय जागरण मंच के संयोजक मुखिया और भारतीय प्रधान संगठन यूपी के अध्यक्ष ठाकुर एसके सिंह ,भाजपा नेत्री निशा तिवारी, राकेश शर्मा ,आर के तिवारी केडी तिवारी और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के प्रतिनिधि भाजपा नेता सुरेंद्र अवस्थी समेत अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

# डॉ.एम.वसी बेग "बिलाल" अलीग को बेसिक शिक्षा विभाग, अलीगढ़ से प्रशंसा प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** युवा कवि डॉ.मोहम्मद वसी बेग "बिलाल" अलीग को बेसिक शिक्षा विभाग, यूपी प्रदेश से प्रशंसा प्रमाण पत्र मिला। डॉ. बेग को यह प्रमाणपत्र कला वीथिका द्वारा अलीगढ़ प्रदर्शनी में आयोजित काव्य गोष्ठी में प्राप्त हुआ। बेसिक शिक्षा अधिकारी, अलीगढ, श्री राकेश कुमार सिंह ने कहा कि हम पहली बार अलीगढ प्रदर्शनी में गंगा जमुना तहजीब को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मुजीब शेजर ने कहा कि हमने हर दिन इस काव्य समारोह का आयोजन किया है और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि और शायर को आमंत्रित किया है। डॉ. एम. वसी बेग "बिलाल" अलीग ने बेसिक शिक्षा विभाग को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने उन्हें ऐसा सम्मान देने के लिए प्रेरित किया। वह इस सम्मान के लिए डॉ. मुजीब शेजर साहब और पूरे जूरी सदस्यों को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने अपने उस्तादे मोहतरम जनाब हमीद खिजर साहब को उनके निरंतर समर्थन, मार्गदर्शन और आशीर्वाद के लिए विशेष धन्यवाद दिया।

**वह इस सम्मान के लिए डॉ. मुजीब शेजर साहब और पूरे जूरी सदस्यों को धन्यवाद देते हैं**

# भाषा विवि के स्वयंसेवकों ने लगाया विशेष शिविर

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई -7 का आज सात दिवसीय विशेष का आयोजन मुबारकपुर मे किया गया जसमे प्रथम दिन उदघाटन सत्र मे शिक्षा विभाग सहायक आचार्य डॉ श्वेता अग्रवाल ने शिक्षा का महत्व विषय पर बोलते हुए कहा शिक्षा मे नैतिकता के साथ साथ मूल्य परक शिक्षा होनी चाहिए शिक्षा जीवन की तैयारी नहीं है बल्कि शिक्षा स्वयं जीवन है । राष्ट्रीय सेवा योजना से हमें दूसरों के दुख-दर्द मे साथ देना चाहिऐ हमारे जीवन मे सहजता, सरलता,शालीना होनी चाहिए`साथ ही प्राथमिक विद्यालय की प्रधनाध्यापिका ने शिक्षा बेहतर जीवन जीने का साधन है शिक्षा पैसा कमाने साधन नहीं होना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनीष कुमार बोलते हुए कहा की डॉ बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर ने कहा शिक्षा शेरनी का दूध है जो पियेगा वो दहाड़ेगा` शिक्षा से हम समाज मे व्याप्त कुरीतियों को दूर कर सकते है` कार्यक्रम मे स्वम सेवकों ने भी अपने-अपने विचार रखे।

# मुंबई के खास मुसलमान IndiaZakat.com के पांचवे सालाना समारोह में हुए शामिल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ/मुंबई (सज्जाद बाकर)।** AMP की टीम के समर्पण की बदौलत, कुछ ही वर्षों में, IndiaZakat ने क्राउडफंडिंग के क्षेत्र में एक प्रमुख स्थान प्राप्त कर लिया है आमिर इदरीसी अध्यक्ष एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल्स IndiaZakat.com ने कौम के भलाई के लिए अपनी खास मदद के 5 वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह भारत का पहला जकात आधारित क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म है, जो एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल्स (AMP) द्वारा एक अग्रणी और क्रांतिकारी पहल है। वर्ष 2020 में रमजान से ठीक पहले लॉन्च किया गया, IndiaZakat वंचितों के लिए उम्मीद और प्यार की किरण के रूप में उभरा है। 5 साल के जश्न के हिस्से के रूप में, AMP ने शुक्रवार, 28 फरवरी 2025 को इस्लाम जिमखाना, मुंबई में एक बैठक आयोजित की, जिसमें IndiaZakat की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया और बताया गया कि इसका उपयोग गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने के लिए कैसे प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। पिछले 5 वर्षों में, इंडियाजकात ने 80,000 से अधिक दान के माध्यम से 23.90 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए हैं और अनाथों और गरीब बच्चों की बुनियादी शिक्षा, उच्च शिक्षा सहायता, चिकित्सा और आपदा राहत रोजी रोटी कमाने में सहायता आदि के लिए पूरे भारत में उठाए गए 7,500 से अधिक कौज के माध्यम से 40,000 से अधिक व्यक्तियों और उनके परिवारों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है।




एडव. यूसुफ अब्राहनी, पूर्व विधायक और इस्लाम जिमखाना के अध्यक्ष, ने हजारों वंचित व्यक्तियों के उत्थान में मदद करने के लिए AMP और इंडियाजकात के काम की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुसलमान होने के नाते हम अपनी स्थिति के लिए जिम्मेदार हैं और हमें शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए अटढ और इंडियाजकात की उनकी उत्कृष्ट यात्रा में मदद करनी चाहिए। इकबाल मेमन अधिकारी, जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता और अखिल भारतीय मेमन जमात महासंघ के अध्यक्ष ने इंडियाजकात की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए, एएमपी के जॉब फेयर का भी विशेष उल्लेख किया, जो बेरोजगार युवाओं को करियर के अवसरों के लिए नौकरी और रोजगार प्रशिक्षण प्रदान करने में मदद करते हैं। आमिर इदरीसी, अध्यक्ष - एएमपी ने मुंबई के महत्वपूर्ण मुसलमानों को इंडियाजकात मंच के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एएमपी ने 2013 में शिक्षा और आजीविका सहायता के माध्यम से समुदाय में वंचित लोगों की मदद के लिए अपना एएमपी जकात फंड शुरू किया था। पर कुछ सालों बाद ऑनलाइन जकात पोर्टल की आवश्यकता महसूस हुई ताकि पारदर्शिता और वास्तविक समय अपडेट जैसे मुद्दों को प्रदर्शित किया जा सके। अल्हम्दुलिल्लाह, हमने 5 साल पहले इंडियाजकात लॉन्च किया और बाकी इतिहास है।

## गिरफ्तार — कंपनी से चोरी का सामान,नगदी,बुलेरो,आई टेन कार व अवैध असलाह बरामद

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का खुलासा,11 सदस्य गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद के थाना सिम्भावली क्षेत्र में पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 11 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे कार, नगदी व लाखों रुपए की टेक्निकल सिलाई मशीनों एवं बैटरी इनवर्टर ए सी सहित अन्य सामान से भरी महिंद्रा पिकप बोलेरो गाड़ी,तीन तमंचे नगदी बरामद बरामद किये है।

अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने पत्रकार वार्ता में बताया कि थाना सिम्भावली पुलिस ने ग्राम बक्सर स्थित कृषि फार्म हाउस में चोरी की घटना करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए 11 शातिर चोरों गाजियाबाद की टोनिका सिटी निवासी तालिब , बुलन्दशहर निवासी धर्मेन्द्र ,शादाब, डासना निवासी अनीश,सोएब,अशरफ, अब्दुल खालिद,धौलाना निवासी,फकरूद्दीन,भोजपुर निवासी राशिद,लोनी निवासी



नोमान,नोएडा निवासी रोशन को वैट नहर पटरी के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे/निशानदेही पर 12,000/- रुपये नकदी, एक ए.सी., एक इन्वर्टर मय बैटरा तथा जनपद मथुरा से चोरी की गयी 20 सिलाई मशीन, 02 इण्टरलॉक मशीन, 26 छोटे-बड़े धागा लपेटने के रॉलर, 12 लोहे की रोड पेंचदार आदि एवं घटना करने में प्रयुक्त बुलेरो पिकअप व आई-10 कार एवं तंमचें बरामद हुए हैं।

एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के चोर हैं जो बंद फैक्टरी/फार्म हाउस आदि स्थानों की रैकी करते हैं तथा मौका पाकर चोरी की घटना को अंजाम देते हैं।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त धर्मेन्द्र व अनीश के विरुद्ध जनपद गाजियाबाद में छिनैती व आर्म्स एक्ट आदि के अभियोग पंजीकृत होना पाया गया है।

# फर्म में सर्किट से लगी आग,माल और मशीनरी जलने से हुआ नुकसान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के. भारती सैफी ) ।** क्षेत्र के ग्राम चकफाजलपुर में स्थित फर्म एस एच टी टेक्सटाइल्स कुन्दरकी में शार्ट सर्किट से भीषण आग लग जाने से लाखों का माल जलकर खाक हो गया। फर्म स्वामी मौहम्मद आसिफ ने बताया कि अहमद नगर जैतबाड़ा रोड पर स्थित फर्म एस एच टी टेक्सटाइल्स में रूई की धुनाई का कार्य तकिया गद्दे लिहाफ बनाए जाते हैं। देर रात्रि मे अचानक मशीन से कोई चिंगारी निकल जाने के कारण आग लग गई। जो तेज हवाओं की वजह से भीषण रूप ले लिया। आग बुझाने का प्रयास किया गया। परंतु कोई सफलता नहीं मिलने पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई । फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पूर्व ही सब कुछ जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को बुझाया तब तक बने हुए गद्दे, तकिया, दरिया कपड़ा जलकर राख हो गया। फर्म स्वामी के अनुसार लाखों रुपए का माल और मशीनरी जलकर खाक हो गई।



मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267